रांची का तापमान
कांके: अधिक. 33.5° न्यून. 24.0°
रांची: अधिक. 34.0° न्यून. 24.6°
रांची, गुरूवार
12 जून 2025
वर्ष-26, अंक-130, पृष्ठ-12

आषाढ़ कृष्ण पक्ष 01, संवत 2082 | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

₹3.00

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर




## मुख्यमंत्री से मिले जर्मनी के राजदूत, विकास से जुड़े विषयों पर हुई चर्चा

# एकरमैन ने सीएम को जर्मनी आने का दिया न्योता

**नवीन मेल डेस्क**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से सीएम आवासीय कार्यालय में बुधवार को भारत में जर्मनी के राजदूत फिलिप एकरमैन एवं इकोनॉमी काउंसलर ने भेंट की। इस मौके पर उनके बीच विभिन्न क्षेत्रों में विकास से संबंधित विषयों पर चर्चा हुई।जर्मनी के राजदूत ने कहा कि विशेषकर कोयला खनन और उत्पादन को लेकर जर्मनी और झारखंड में काफी समानताएं हैं। ऐसे में कोयला आधारित उद्योगों के विकास को लेकर झारखंड के साथ जर्मनी सहयोग बढ़ाने को लेकर इच्छुक है। मुख्यमंत्री सोरेन ने झारखंड में औद्योगिक निवेश की संभावनाओं से जर्मनी के राजदूत को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि इस दिशा में राज्य सरकार देश-विदेश के औद्योगिक समूहों के साथ लगातार संपर्क स्थापित कर रही है और इसके सकारात्मक परिणाम भी सामने आ रहे हैं।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने जर्मनी के राजदूत से कहा कि राज्य सरकार भारत में निवेश करने वाले जर्मनी के निवेशकों का पूरा सहयोग करेगी। जर्मनी के राजदूत ने मुख्यमंत्री को जर्मनी आने का न्योता दिया। इस मौके पर मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार भी मौजूद थे।



» सीएम ने झारखंड में निवेश की संभावनाओं से कराया **अवगत**

» जर्मन राजदूत ने सहयोग और भागीदार बनने की जताई **इच्छा**

## रेलवे के दो मल्टीट्रैकिंग प्रोजेक्ट्स को केंद्रीय कैबिनेट ने दी स्वीकृति


# कोडरमा-बरकाकाना रेल लाइन दोहरीकरण परियोजना को मंजूरी

**केंद्रीय कैबिनेट के फैसले**

**नई दिल्ली (हि.स.)**

केंद्रीय कैबिनेट ने बुधवार को भारतीय रेल के दो अहम मल्टीट्रैकिंग (लाइन दोहरीकरण) परियोजनाओं को मंजूरी दे दी। इससे झारखंड, कर्नाटक और आंध्र प्रदेश में न केवल माल और यात्री परिवहन में तेजी आएगी, बल्कि ग्रामीण इलाकों से संपर्क भी बेहतर हो गा। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने नेशनल मीडिया सेंटर में पत्रकारों को कैबिनेट के फैसलों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीईए) ने लाइन दोहरीकरण की दो परियोजनाओं को 6,405 करोड़ रुपए की लागत से मंजूरी दी है। इससे भारतीय रेलवे के मौजूदा नेटवर्क में करीब 318 किलोमीटर की बढ़ोतरी होगी।

अश्विनी वैष्णव ने कहा कि पहली परियोजना झारखंड राज्य की कोडरमा-बरकाकाना दोहरीकरण परियोजना (133 किमी) है। यह प्रोजेक्ट 3,063 करोड़ रुपए का है। यह लंबी दूरी का प्रोजेक्ट है। यह क्षेत्र देश के प्रमुख कोयला उत्पादक क्षेत्रों में आता है और यह रेलखंड पटना और रांची के बीच सबसे छोटा रेल मार्ग है। इस लाइन के दोहरीकरण से पटना-रांची के बीच आवागमन आसान हो जाएगा। कोयला परिवहन और अन्य मालगाड़ी संचालन में तेजी आएगी। काफी नई ट्रेन चलाई जा सकेंगी। हजारीबाग, चतरा, कोडरमा और रामगढ़ जिलों को अच्छी कनेक्टिविटी मिलेगी। मंत्री ने कहा कि दूसरी परियोजना कर्नाटक और आंध्र प्रदेश को जोड़ने वाली बल्लारी-चिकजाजुर दोहरीकरण परियोजना (185 किमी) है। यह परियोजना 3342 करोड़ रुपए की है। यह लाइन बल्लारी और चित्रदुर्ग (कर्नाटक) तथा अनंतपुर (आंध्र प्रदेश) जिलों से होकर गुजरेगी। इससे क्षेत्रीय विकास को बल मिलेगा और यात्रियों व व्यापारिक गतिविधियों को सुगमता होगी। इन दोनों परियोजनाओं से लगभग 1,408 गांवों की कनेक्टिविटी में सुधार होगा, जिनकी जनसंख्या लगभग 28 लाख है। साथ ही, इन कार्यों के पूरा होने के बाद 49 मिलियन टन प्रतिवर्ष (एमटीपीए) अतिरिक्त माल परिवहन की क्षमता बढ़ेगी। इसके अतिरिक्त, परियोजनाओं से रेलवे संचालन अधिक सुगम और कुशल होगा, जिससे भीड़भाड़ कम होगी और ट्रेनें समय पर चल सकेंगी। मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि मोदी सरकार का यह निर्णय 'विकसित भारत 2047' के लक्ष्य की दिशा में एक ठोस कदम माना जा रहा है।




**6405** करोड़ रुपए की लागत से होगा 318 किलोमीटर नेटवर्क का विस्तार

- **दूसरी कर्नाटक व आंध्र प्रदेश को जोड़ने वाली बल्लारी-चिकजाजुर परियोजना है**

### पटना-रांची के बीच आसान हो जाएगा **आवागमन...**

कोडरमा-बरकाकाना दोहरीकरण प्रोजेक्ट 3,063 करोड़ रुपए का है। यह रेलखंड पटना और रांची के बीच सबसे छोटे रेल मार्ग पर है। इस रेलखंड के दोहरीकरण से पटना-रांची के बीच आवागमन आसान हो जाएगा। साथ ही, कोयला परिवहन में भी तेजी आएगी। देश के कई जगहों के लिए नई ट्रेनें चलाई जा सकेंगी।

### उजाड़ दिया जड़ से उसे उजाड़ा जिसने सिंदूर

**राष्ट्रीय नवीन मेल**




**डॉ राजश्री जयंती**
भाजपा नेत्री, साहित्यकार

अब न सहेंगे धमकी किसी की कोई,
न्यूक्लियर डर अब पुरानी बात हुई,
नाम रखा मिशन का 'आपरेशन सिंदूर',
उजाड़ दिया जड़ से, उजाड़ा जिसने सिंदूर।
सेना, वायु, जल, थल और खूफिया तंत्र,
हर योद्धा के दिल में बसा था राष्ट्र का मंत्र,
देखी सबने भारत में बने हथियारों की शान,
किया दुनिया ने सलाम, यही भारत की पहचान।
टेरर और टॉक, एक साथ नहीं हो सकते,
टेरर और ट्रेड, एक साथ नहीं चल सकते,
पानी और खून एक साथ नहीं बह सकते,
स्पष्ट रूप से सिर्फ मोदी ही ऐसा कह सकते।
अब तो बस बात होगी इन्हीं दो बातों पर,
आतंकवाद और पाक अधिकृत कशमीर पर,
पालना न देखो भ्रम कोई किसी भी बात पर,
गढ़ी भारत ने नई परिभाषा डंके की चोट पर।
भारतीयों का जोश देखकर पाक डर गया,
धूल चटाई हमने, घबराया और गिड़गिड़ाया,
नया भारत है यह बिल्कुल स्पष्ट और कठोर,
पूरे भारत में गूंजता रहा 'वंदेमातरम' का शोर।

## सिगरेट और तंबाकू प्रतिषेध विधेयक को **राष्ट्रपति ने दी मंजूरी**

# सार्वजनिक स्थलों पर धुआं उड़ाना हुआ पांच गुना महंगा

### तंबाकू थूकने पर भी 200 रुपए की जगह देना होगा 1000 रुपए जुर्माना


**नवीन मेल डेस्क**

**रांची।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पाद (विज्ञापन का प्रतिषेध और व्यापार तथा वाणिज्य, उत्पादन, प्रदाय और वितरण विनियमन) (झारखंड संशोधन) विधेयक, 2021 पर अपनी स्वीकृति प्रदान कर दी। इसके साथ ही राज्य में अब सार्वजनिक स्थलों पर धूम्रपान करना और तंबाकू थूकना पांच गुना महंगा पड़ेगा। ऐसा करते पकड़े जाने वालों पर 1000 रुपए का जुर्माना लगाया जाएगा। ज्ञात हो कि इस संशोधन विधेयक के स्वीकृत होने से पहले तक राज्य में सार्वजनिक स्थानों पर सिगरेट पीने पर 200 रुपए जुर्माना का प्रावधान था, लेकिन अब यह पांच गुना बढ़ गया है। विधेयक के कानून के रूप में अधिसूचित होने के बाद राज्य में 21 साल से कम उम्र का किशोर कोई भी तंबाकू उत्पाद को न बेच सकेगा और न खरीद सकेगा। **शेष पेज 11 पर**




### 'नशा मुक्त झारखंड' है सीएम सोरेन का सपना

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन झारखंड को नशे से मुक्त रखने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं। 'नशा मुक्त झारखंड' उनका सपना है। चाहे तंबाकू उत्पाद का नशा हो या किसी अन्य का, मुख्यमंत्री झारखंड को इससे मुक्त रखना चाहते हैं। सीएम हेमंत सोरेन का एक ही नारा है, हमारा जीवन नशा मुक्त हो। इस पर उन्होंने कार्य भी किया है। राज्य की हेमंत सोरेन सरकार की ओर से सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पाद (विज्ञापन का प्रतिषेध और व्यापार तथा वाणिज्य, उत्पादन, प्रदाय और वितरण विनियमन) (झारखंड संशोधन) विधेयक मार्च, 2021 में विधानसभा के बजट सत्र में पारित किया गया था। इस विधेयक को तत्कालीन स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने पेश किया था। अब इस विधेयक पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अपनी स्वीकृति प्रदान कर दी है। वहीं, राज्य कैबिनेट पूर्व में झारखंड में हुक्का बार पर प्रतिबंध लगाने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दे चुका है। इस नियम का उल्लंघन करने वालों को जेल की सजा या 1 लाख से 3 लाख रुपए तक का जुर्माना हो सकता है।



# हाईकोर्ट ने एसटी अभ्यर्थी की नियुक्ति के मामले में फैसला सुरक्षित रखा

- **जेपीएससी की अपील पर सुनवाई हुई पूरी**

**नवीन मेल डेस्क**

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने असिस्टेंट प्रोफेसर पद के लिए अनुसूचित जनजाति अभ्यर्थी की नियुक्ति के मामले में एकल पीठ के आदेश के खिलाफ दाखिल जेपीएससी की अपील (एलपीए) पर बुधवार को सुनवाई की। हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति एमएस रामचंद्र राव की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले में सभी पक्षों की सुनवाई पूरी होने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया है। अधिवक्ता सब्यसाची ने प्रतिवादी मनोज कुमार कच्छप की ओर से पैरवी की। प्रार्थी द्वारा जमा कराई गई परीक्षा फीस झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) के अकाउंट में तकनीकी कारणों से क्रेडिट नहीं हो सका था। **शेष पेज 11 पर**

### जेपीएससी परीक्षा के मेरिट लिस्ट को हाईकोर्ट में चुनौती

**रांची।** 11वीं झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) सिविल सेवा (विज्ञापन 1/2024) की मुख्य परीक्षा के मेरिट लिस्ट को चुनौती देने वाली राजेश प्रसाद एवं अन्य की याचिका की सुनवाई हाईकोर्ट में बुधवार को हुई। हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति दीपक रोशन की कोर्ट ने **शेष पेज 11 पर**

## दुर्गा पूजा पंडाल बनाने के लिए भारतीय युवक संघ ने किया भूमि पूजन

# अंकोरवट मंदिर की थीम पर बनेगा पूजा पंडाल

- **आचार्यों ने मां दुर्गा का आह्वान कर भूमि पूजन कराया**
- **पूजा पंडाल को 150 से अधिक कारीगर करेंगे तैयार**

**नवीन मेल संवाददाता**




**रांची।** राजधानी के अपर बाजार के बकरी बाजार में दुर्गा पूजा पंडाल बनाने के लिए बुधवार को भारतीय युवक संघ ने भूमि पूजन किया। भारतीय युवक संघ के संरक्षक रमेश खेमका और सचिव रवि रोहतगी ने पूजा स्थान पर स्तंभ पूजन एवं भूमि पूजन कर पूजा पंडाल के निर्माण का श्रीगणेश किया। इस अवसर पर आचार्यों ने विधिवत मां दुर्गा का आह्वान करते हुए भूमि पूजन कराया। अध्यक्ष राहुल अग्रवाल ने बताया कि इस वर्ष पूजा पंडाल में दर्शनार्थियों को कई तरह की सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इस वर्ष के पूजा पंडाल की थीम विश्व प्रसिद्ध कंबोडिया स्थित विश्व धरोहर अंकोरवट मंदिर है। **शेष पेज 11 पर**

**इंडिया**

# देश विदेश के विकास की पोल खोलती डायनें

चमकती हुई सड़कों,इमारतों और गाड़ियों को हम अक्सर विकास का पैमाना मान लेते हैं पर शहरी क्षेत्र के ठीक बाहर स्थिति अनेक बार उलट भी होती है और असली विकास तब माना जाना चाहिए



**सुनील बादल**
**कार्यकारी संपादक**

जब सुदूरवर्ती गांव के अंतिम व्यक्ति तक संतुष्टि और खुशहाली की भावना पहुंचे। झारखंड भी भारत के उन राज्यों में शामिल है जहां अंधविश्वास, स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी और सामाजिक सुरक्षा के अभाव में महिलाओं को डायन बताकर मार दिया जाता है। अधिसंख्य जनजातीय और ग्रामीण क्षेत्रों में संपति हड़पने से लेकर शोषण में विफल होने पर किसी भी महिला को सामूहिक रूप से डायन बताकर प्रताड़ित करने की घटनाएं कम हुई हैं पर समाप्त नहीं हुई क्योंकि जागरूकता के नाम पर नुक्कड़ नाटक तो बहुत आयोजित किए गए पर स्वास्थ्य सुविधाओं पर ध्यान नहीं दिया गया । झारखंड की तरह पडोसी बिहार में मुजफ्फरपुर के मोतीपुर में 70 वर्षीय बुजुर्ग महिला को डायन होने के आरोप में गांव वालों ने घसीटा, पीटा और मैला पिलाने की कोशिश की। यह घटना अंधविश्वास और डायन प्रथा के कारण हुई जो बच्चों की बीमारी का दोष महिला पर मढने से शुरू हुई । मानवता को कलंकित करने वाली ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए कानून बने हैं पर ऐसे कानूनों का भी वही हाल है, जैसा निर्भया बलात्कार कांड के बाद महिलाओं की सुरक्षा के लिए बने कानूनों का हुआ है। निर्भया मामले के बाद फांसी तक प्रावधान किया गया, इसके बावजूद देश में ऐसी घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। झारखंड, बिहार, असम, ओडिशा और छत्तीसगढ़ जैसे राज्यों में डायन के नाम पर महिलाओं को प्रताडित किए जाने का इतिहास है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़ों के अनुसार 2022 में डायन प्रथा के नाम पर देशभर में 85 हत्याएं दर्ज हुईं पर जो पीडित महिलाएं कभी पुलिस स्टेशन तक पहुंच ही नहीं पातीं या भय, समाज के दबाव और अक्सर पुलिस की अनदेखी की



शिकार होती हैं जिनके आंकड़े दर्ज नहीं होते ।एनसीआरबी के आंकड़े के अनुसार झारखंड में 2012 से 2014 के बीच 127 महिलाओं की हत्या डायन बताकर की गई। समस्या सिर्फ भारत तक सीमित नहीं है। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद (2021) की रिपोर्ट बताती है कि 2009 से 2019 के बीच विश्व के 60 देशों में करीब 20,000 ऐसी घटनाएं सामने आईं, जहां लोगों को डायन बताकर प्रताडित किया गया। एक नई रिपोर्ट में दावा किया गया है कि ओडिशा के 30 जिलों में से 12 जिलों, विशेषकर मयूरभंज, क्योंझर, सुंदरगढ़, मलकानगिरी, गजपति और गंजम- में डायन-शिकार अभी भी अत्यधिक प्रचलित है। इस तरह की अंधविश्वासी प्रथाओं की ज़्यादातर शिकार महिलाओं या वृद्ध को स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं या फसल खराब होने का दोषी बताया जाता है । अध्ययन के अनुसार, लगभग 27 प्रतिशत मामले बच्चों में स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के कारण, 43.5 प्रतिशत वयस्क परिवार के सदस्य की स्वास्थ्य समस्याओं के कारण, 24.5 प्रतिशत दुर्भाग्य या ज़मीन हड़पने के कारण और 5 प्रतिशत फसल खराब होने के कारण होते हैं। इस कुप्रथा की शिकार मुख्यतः वे महिलाएं बनती हैं जो विधवा अकेली हैं या मानसिक स्वास्थ्य की चुनौतियों से जूझ रही होती हैं, जिन्हें ओझा द्वारा हर अनहोनी का दोषी बताया जाता है। कोई बीमार पड़ जाए, फसल खराब हो जाए या गांव में कोई अनजानी विपत्ति आ जाए, तो इन बेबस महिलाओं को ही दोषी ठहराया जाता है। असम की बीरूबाला राभा और झारखंड की पद्मश्री छुटनी देवी ने इसी प्रथा के खिलाफ अकेले मोर्चा खोला था और अपना पूरा जीवन डायन प्रथा के खिलाफ संघर्ष में झोंक दिया। असम सरकार का दावा है कि वहां कानून के प्रावधान दूसरे राज्यों के कानूनों के मुकाबले कठोर हैं। राजस्थान के ग्रामीण इलाकों में डाकन या डायन प्रथा कोई छह-सात सौ साल पहले से चलन में थी। इसके तहत अपनी जादुई ताकतों के कथित इस्तेमाल से शिशुओं को मारने के आरोप में महिलाओं की पीट-पीट कर हत्या कर दी जाती थी। उस दौर में वहां हजारों औरतें इस कुप्रथा का शिकार हुई थीं। राजपूत रियासतों ने 16वीं सदी में कानून बना कर इस प्रथा पर रोक लगा दी थी। वर्ष 1553 में उदयपुर में पहली बार इसे गैर-कानूनी घोषित कर दिया गया था। बावजूद इसके यह बेरोक-टोक जारी रही। यह प्रथा असम के मोरीगांव जिले में फली-फूली। इस जिले को अब भी काले जादू की भारतीय राजधानी कहा जाता है। दूर-दराज से लोग काला जादू सीखने यहां आते हैं। इस बारे में प्रभावित क्षेत्रों में जागरूकता के लिए हाथ की सफाई और जादूगरों के हथकंडों की असलियत उजागर करने के माध्यम से आमजन के मन में बैठे भ्रम को दूर किया जा सकता है और स्वास्थ्य सेवाओं की कमियों, साधनों या डॉक्टरों के नहीं रहने के मूल कारणों को दूर करना चाहिए जिसमें आधारभूत संरचना को मजबूत करने के अलावा तकनीकी निगरानी को बढ़ावा देना शामिल है।

# शराब घोटाला में विनय कुमार सिंह के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी

**शराब घोटाला**

**नवीन मेल डेस्क**

**रांची।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की विशेष अदालत ने शराब घोटाला मामले में आरोपित कारोबारी विनय कुमार सिंह के खिलाफ गिरफ्तारी वारंटी जारी किया है। एसीबी ने विशेष अदालत में आवेदन देकर विनय कुमार सिंह के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी करने का आग्रह किया था।

विनय कुमार सिंह नोटिस करने के बाद भी एसीबी के समक्ष उपस्थित नहीं हो रहे हैं। उन्हें अपनी गिरफ्तारी का डर सता रहा है। हालांकि, उन्होंने 29 मई को एसीबी कोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका दायर की है। इसपर 20 जून को सुनवाई होनी है। इस मामले में एसीबी ने अबतक निलंबित आईएएस विनय चौबे सहित पांच को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। ज्ञात हो कि विगत 20 मई को विनय चौबे और तत्कालीन संयुक्त आयुक्त गजेंद्र सिंह को एसीबी की टीम ने गिरफ्तार किया था। 21 मई को पूर्व जीएम फाइनेंस सुधीर कुमार दास, जीएम सुधीर कुमार और कर्मचारी नीरज कुमार सिंह को भी गिरफ्तार किया गया। इसी मामले में जेल में बंद नीरज कुमार सिंह ने एसीबी कोर्ट से जमानत की गुहार लगाई है। बीते 21 मई को उसे एसीबी की टीम ने गिरफ्तार किया था, इसके बाद उसे जेल भेज दिया गया था। नीरज कुमार सिंह प्लेसमेंट एजेंसी का कर्मचारी है।

छत्तीसगढ़ के मॉडल को अपनाकर झारखंड में शराब नीति बनाई गई थी। यह वर्ष 2022 में लागू हुआ था। फर्जी बैंक गारंटी पर दो प्लेसमेंट एजेंसी को काम दिया गया था। होलोग्राम बनाने वाली कंपनी हो या मेन पावर सप्लाई करने वाली कंपनी हो या फिर थोक शराब का ठेका लेने वाली कंपनी हो, सभी की इसमें संदिग्ध भूमिका बताई गई है।

## निगम ने वाहन पड़ाव स्थलों और ऑटो पड़ाव स्थलों की जांच की, कहा

# आम नागरिकों से निर्धारित दर से अधिक शुल्क ना लें

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** शहर की सड़को को जाम मुक्त एवं ट्रैफिक की सुगम व्यवस्था के लिए रांची नगर निगम के नियंत्रणाधीन पूरे शहर में कुल 31 वाहन पड़ाव स्थल की व्यवस्था की गई है। वहीं 03 ऑटो रिक्शा स्टैंड (रातु रोड न्यू मार्केट के समीप, पुरुलिया रोड सदर अस्पताल के पास एवं अरगोड़ा मैदान के समीप) है। प्रशासक के निर्देशानुसार बुधवार को बाजार शाखा की गठित टीम के द्वारा निगम के बंदोबस्ती किए गए वाहन पड़ाव स्थलों एवं ऑटो पड़ाव स्थलों की जांच की गई। साथ ही स्थलों पर निर्धारित दर ली जा रही है या नहीं, व्यवस्थित रूप से वाहन पड़ाव किया जा रहा है या नहीं, पार्किंग की पर्ची इत्यादि की जांच की गई। जांच के क्रम में टीम के द्वारा आम जनता एवं ऑटो चालकों से अवैध वसूली से संबंधित जानकारी भी ली गई।

रांची नगर निगम की गठित टीम के द्वारा वाहन पड़ाव स्थलों एवं ऑटो पडाव स्थलों के संवेदकों को सख्त निर्देश दिया गया कि आम नागरिकों से निर्धारित दर से अधिक शुल्क ना ले एवं अपने निर्धारित क्षेत्र के अधीन ही वसूली करे। मौके पर टीम के द्वारा यह स्पष्ट कहा गया कि उपरोक्त कृत्य करते हुए पाए जाने पर या किसी भी अवैध वसूली की शिकायत मिलने पर संवेदक की अनुज्ञप्ति रद्द की जाएगी एवं नियमानुसार कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी। इसके अलावा टीम के द्वारा संवेदकों को रांची नगर निगम क्षेत्रांतर्गत सभी चिन्हित वाहन पड़ाव स्थलों पर साइन बोर्ड अधिष्ठापित करने का निदेश दिया गया, जिसपर संबंधित संवेदक का नाम, मोबाइल नंबर तथा निर्धारित दर की जानकारी अंकित रहे।

रांची नगर निगम यह स्पष्ट करता है कि उक्त 31 वाहन पडाव स्थल एवं ऑटो पडाव स्थलों के अलावा अन्य किसी भी स्थल पर यदि पार्किंग शुल्क वसूला जाता है तो वह अवैध माना जाएगा। इसके अलावा निर्धारित वाहन पड़ाव स्थल के संवेदक द्वारा यदि ज्यादा शुल्क वसूला जाता है या मनमानी की जाती है तो आम नागरिक तत्काल निगम के कंट्रोल रूम 18005701235 पर शिकायत कर सकते है। जिसके पश्चात् संवेदक पर नियमानुसार कार्रवाई की जायेगी। जांच टीम में सहायक प्रशासक निकेश कुमार, नगर प्रबंधक एवं बाजार शाखा के अन्य पदाधिकारी शामिल थे।

### बिना अनुमति के लगाए गए फाइबर केबल पर नगर निगम सख्त



**रांची।** रांची नगर निगम शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने के लिए प्रयासरत है। प्राय: यह देखा जा रहा है कि रांची शहर के विभिन्न मार्गों में बिजली के खभों एवं वृक्षों पर दूरसंचार के लिए अव्यवस्थित तरीके से लटके हुए फाइबर केबल के कारण शहर की छवि खराब हो रही है। •इस निमित अपर प्रशासक संजय कुमार के द्वारा प्रबंधक रिलायंस जीयो, प्रबंधक भारती इन्फ्राटेल, प्रबंधकभारती एयरटेल, प्रबंधक एटीसी टेलीकॉम एवं प्रबंधक टावर विजन को पत्राचार करते हुए फाइबर केबल लगाने की अनुमति जिस भी सक्षम प्राधिकारी से प्रदान की गई है, उस आदेश की प्रति के साथ निगम कार्यालय में 14 जून को 03.00 बजे उपस्थित होने का निर्देश दिया गया है।

## रक्षा राज्यमंत्री ने एनसीसी कैडेटों को किया सम्मानित



- कैडेटों ने 18 मई 2025 को माउंट एवरेस्ट को सफलतापूर्वक फतह किया

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के माउंट एवरेस्ट अभियान दल ने 18 मई 2025 को दुनिया की सबसे ऊंची चोटी, माउंट एवरेस्ट (8,848.86 मीटर) को सफलतापूर्वक फतह किया, जो युवा रोमांच और प्रशिक्षण के इतिहास में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। 2013 और 2016 के पिछले ऐतिहासिक अभियानों के बाद, यह एनसीसी द्वारा तीसरी सफल एवरेस्ट चढ़ाई थी। 2025 का अभियान 10 एनसीसी कैडेटों 5 लड़कियों और 5 लड़कों से बना था, जो सभी पहली बार चढ़ाई करने वाले थे। इनका चयन एक कठोर राष्ट्रीय चयन प्रक्रिया के माध्यम से किया गया था। कैडेटों ने एक साल से अधिक समय तक विशेष पर्वतारोहण प्रशिक्षण प्राप्त किया, जिसकी शुरुआत पर्वतारोहण संस्थान, दार्जिलिंग (अगस्त-सितंबर 2024) में बुनियादी और उन्नत पाठ्यक्रमों से हुई, जिसके बाद सेना पर्वतारोहण संस्थान, सियाचिन बेस कैंप (जनवरी 2025) में उच्च ऊंचाई वाले शीतकालीन प्रशिक्षण हुए।

एनसीसी के वार्षिक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम के हिस्से के रूप में आयोजित, यह अभियान 5 मार्च से 3 जून 2025 तक चला। टीम में 3 अधिकारी, 2 जूनियर कमीशंड अधिकारी (जेसीओ), 1 गर्ल कैडेट प्रशिक्षक, और 10 नॉन-कमीशंड अधिकारी (एनसीओ) शामिल थे, जिन्होंने यात्रा के हर चरण में कैडेटों का सहयोग किया। खास बात यह है कि सबसे कम उम्र के कैडेट, जिनकी उम्र सिर्फ 16 साल थी, ने सबसे कम उम्र के प्रतिभागी के रूप में इतिहास रचा। पूरी टीम ने विलक्षण शारीरिक सहनशक्ति, मानसिक दृढ़ता और टीम भावना का प्रदर्शन किया, और 100% शिखर सफलता दर हासिल की। यह एक ऐसी उपलब्धि है जिसकी अंतर्राष्ट्रीय पर्वतारोहियों और शेरपा गाइडों ने समान रूप से प्रशंसा की। माउंट एवरेस्ट पर चढ़ने वाले कैडेटों में मोनिका राजस्थान, प्रतिमा राय पश्चिम बंगाल, प्रकृति बरुवाल नेपाल, रितिका शर्मा हिमाचल प्रदेश, आबिदा अफरीन लखनऊ, मोहित कनिथिया जम्मू और कश्मीर, पूजा नामग्याल चंडीगढ़, हर्ष सिंह सामंत उत्तराखंड, देवांश भगत उत्तराखंड, मुकुल बंगवाल उत्तराखंड शामिल हैं।

### नामकुम स्थित लोक स्वास्थ्य संस्थान सभागार में स्वास्थ्य मंत्री ने विभिन्न कार्यक्रमों की समीक्षा की

# राज्य के सभी सरकारी संस्थानों को करेंगे विकसित : डॉ इरफान

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने कहा है कि जब तक संस्थान को ताकत नहीं देंगे तब तक वह मजबूत नहीं होगा। स्वास्थ्य विभाग को हम एक मजबूत संस्थान के रुप में विकसित करना चाहते हैं। इसके लिए तेजी से काम करना होगा। तेजी का मतलब गलत काम नहीं बल्कि स्वास्थ्य इमरजेंसी को ध्यान में रखते हुए सुव्यवस्थित तरीके से काम करना है। राज्य का हर सरकारी अस्पताल ऐसा हो कि वहाँ से मरीज को आगे नहीं जाना पड़े। एक ही छत के नीचे इलाज, जाँच, दवा सब की व्यवस्था हो। स्वास्थ्य मंत्री बुधवार को नामकुम स्थित लोक स्वास्थ्य संस्थान सभागार में स्वास्थ्य विभाग अन्तर्गत विभिन्न कार्यक्रमों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने निविदा से संबंधित कार्यों की शिथिलता पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि हर सप्ताह समीक्षा की आवश्यकता है। स्वास्थ्य मंत्री ने 15 वें वित्त आयोग अन्तर्गत स्वास्थ्य अनुदान, रेडियोलोजी-पैथौलोजी, डायलसिस, एनसीडी, सीटी स्कैन, एमआरआई, आईईसी, पीएसए प्लांट सहित अन्य की समीक्षा की। बैठक में स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव, अजय कुमार सिंह, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अभियान निदेशक अबु इमरान, निदेशक प्रमुख स्वास्थ्य सेवाएँ डॉ० चन्द्र किशोर शाही, प्रशासी पदाधिकारी, लक्ष्मी नारायण किशोर सहित सभी कार्यक्रमों के राज्य कोषांग प्रभारी, परामर्शी सहित लोग मौजूद थे। स्वास्थ्य मंत्री ने सभी स्वास्थ्य संस्थानों के रंग रोगन और मरम्मति कराने का निर्देश दिया साथ ही स्वास्थ्य संस्थान परिसर में रात्रि के समय पर्याप्त रोशनी के लिए हाई मास्ट और सोलर लाईट लगाने का निर्देश दिया।

### रेडियोलोजी-पैथौलोजी, डायलसिस के विपत्रों की जांच के बाद हो भुगताना

स्वास्थ्य मंत्री ने राज्य के सभी स्वास्थ्य संस्थानों में रेडियोलोजी-पैथौलोजी, डायलसिस जाँच के लिए अपना यूनिट तैयार करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य संस्थानों में हम किसी भी तरह की बिचौलियागिरी बर्दाश्त नहीं करेंगे। स्वास्थ्य मंत्री को विभिन्न माध्यमों से रेडियोलॉजी-पैथौलोजी, डायलसिस जाँच में मरीजों से पैसा मांगने की शिकायतें प्राप्त हो रही है। इसपर उन्होंने ठोस कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने रेडियोलॉजी-पैथौलोजी, डायलसिस से संबंधित एजेंसी के विपत्रों के भुगतान से पूर्व जाँच पड़ताल के भी निर्देश दिए।

### नियमों व प्रक्रिया की ली जानकारी

स्वास्थ्य मंत्री ने स्वास्थ्य उपकरणों के खरीदारी, रख-रखाव और उसके चलाने वाले तकनीकी विशेषज्ञों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य सिर्फ उपकरणों की खरीददारी नहीं होनी चाहिए बल्कि वह जनहित के लिए किस दृष्टिकोण से उपयोगी है।

### रिक्त पदों पर नियुक्ति के दिए निर्देश

मंत्री ने ब्लॉक, जिला व राज्य भर में विषेज्ञ चिकित्सा पदाधिकारी, चिकित्सा पदाधिकारी, एएनएम, फार्मासिस्ट, लैब टेक्नीशियन, सीएचओ व प्रबंधन जैसे पदों की रिक्ती की जानकारी ली व सभी रिक्त पदों पर एकीकृत तरीके से नियुक्ति प्रक्रिया यथाशीघ्र आरम्भ करने का निर्देश दिया।

### यूटयूबर्स के प्रवेश रोकने का निर्देश

राज्य भर के सभी सरकारी अस्पतालों में अनधिकृत मीडिया कर्मी, यूटयूबर्स के अस्पतालों में प्रवेश रोकने का निर्देश स्वास्थ्य मंत्री ने दिया है। उन्होंने कहा कि ऐसे लोग स्वास्थ्य संस्थानों की छवि खराब कर रहे हैं।

### एकीकृत होगी रेडियोलॉजी जांच

स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव ने अधिकारियों को रेडियालॉजी जांच को एकीकृत प्रणाली से जोड़ने का प्रस्ताव तैयार करने को निर्देश दिया है। इस प्रणाली से जुड़ने के बाद रेडियालॉजी जांच सुगम हो जाएगी।

## हेमंत सरकार नए वेतनमान से शिक्षकों का कर रही अपमान : रमाकांत महतो

- हेमंत सरकार शिक्षित बेरोजगारों का कर रही है शोषण
- शिक्षकों के सम्मान और शिक्षा व्यवस्था पर हमला है नई नियुक्ति नियमावली

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** झारखंड कर्मचारी चयन आयोग द्वारा जारी झारखंड प्रशिक्षित माध्यमिक संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा-2025 (विज्ञापन संख्या 02/2025 दिनांक 10/06/2025) को लेकर भाजपा ने ऐतराज़ जताया है। पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता रमाकांत महतो ने इसे शिक्षकों के सम्मान और राज्य की शिक्षा व्यवस्था के साथ गंभीर खिलवाड़ बताया है। श्री महतो ने कहा कि हेमंत सरकार न केवल नई नियुक्ति नियमावली के माध्यम से शिक्षकों के वेतनमान में कटौती कर रही है, बल्कि टीजीटी और पीजीटी जैसे स्थापित पदों को समाप्त कर माध्यमिक आचार्य के नाम पर शिक्षकों को कम वेतन पर नियुक्त कर रही है। इससे न केवल शिक्षकों का अपमान हो रहा है, बल्कि योग्य शिक्षित बेरोजगारों के भविष्य के साथ भी अन्याय हो रहा है। उन्होंने बताया कि पहले टीजीटी शिक्षकों की नियुक्ति 4600/- ग्रेड पे एवं 44,900/- बेसिक वेतन, तथा पीजीटी शिक्षकों की नियुक्ति 4800/- ग्रेड पे एवं 47,600/- बेसिक वेतन पर होती थी, जबकि अब सरकार इन्हीं पदों के स्थान पर नियुक्त माध्यमिक आचार्य को केवल 4200/- ग्रेड पे एवं 35,400/- बेसिक वेतन देने जा रही है। श्री महतो ने कहा कि सरकार द्वारा इस प्रकार वेतनमान में कमी और पदनाम में बदलाव से शिक्षकों के मनोबल पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा और विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देना मुश्किल हो जाएगा। उन्होंने कहा कि जब नौवीं से बारहवीं तक की कक्षा एक ही शिक्षक को पढ़ानी होगी तो यह शिक्षकों पर अनावश्यक कार्यभार का बोझ डालेगा। प्रदेश प्रवक्ता ने कहा कि सरकार द्वारा जारी नए नियमावली के तहत उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक और +2 विद्यालय के प्राचार्य के पदों को हटाकर एक साझा "प्रधानाचार्य" का पद बनाया गया है, जिसका ग्रेड पे मात्र 4800/- निर्धारित किया गया है, जबकि पूर्व में क्रमशः 5400/- और 7600/- ग्रेड पे मिलते थे। यह शिक्षकों के प्रति घोर अवमानना को दर्शाता है। भाजपा प्रवक्ता ने सवाल उठाया कि जब केंद्र सरकार की ओर से संचालित केंद्रीय विद्यालयों में अभी भी टीजीटी और पीजीटी का पद बरकरार है, तो झारखंड में इन्हें क्यों समाप्त किया गया?

### नई शिक्षा नीति 2020 का विरोध कर रही झारखंड भाजपा

## रघुवर सरकार ने स्कूल बंद कर शराब की दुकानें खोली थीं : डॉ तनुज खत्री

- हेमंत सरकार ने पहली बार आधुनिक विषयों और स्थानीय भाषाओं को माध्यमिक शिक्षा में स्थान दिया

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रवक्ता सह केंद्रीय सदस्य डॉ तनुज खत्री ने भाजपा प्रवक्ता रमाकांत महतो के बयान पर पलटवार किया है। वहीं कहा कि भाजपा अपनी ही केंद्र सरकार द्वारा लागू की गई नई शिक्षा नीति 2020 का झारखंड में विरोध कर रही है।

डॉ तनुज ने कहा कि हेमंत सरकार ने नई शिक्षा नीति को झारखंड की सामाजिक और शैक्षणिक आवश्यकताओं के अनुसार लागू किया है, जबकि भाजपा इसके नाम पर युवाओं को गुमराह करने का प्रयास कर रही है। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या भाजपा अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीति के भी खिलाफ हो गई है?

डॉ तनुज ने बताया कि हेमंत सरकार द्वारा जारी माध्यमिक आचार्य की नियुक्ति प्रक्रिया में पहली बार राजनीति, समाजशास्त्र, मनोविज्ञान, मानवशास्त्र, दर्शनशास्त्र, गृह विज्ञान, भूगोल, एप्लायड इंग्लिश, कंप्यूटर साइंस, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, साइबर सिक्योरिटी और डेटा साइंस जैसे समसामयिक और वैश्विक विषयों को शामिल किया गया है।

इसके अतिरिक्त, संथाली, मुंडारी, नागपुरी, खोरठा, कुरमाली, बंगला, उड़िया और उर्दू जैसी स्थानीय भाषाओं को भी माध्यमिक शिक्षा के दायरे में शामिल किया गया है। झारखंड के इतिहास में यह पहला अवसर है जब शिक्षा नीति को इस रूप में समावेशी और क्षेत्रीय बनाया गया है।

डॉ तनुज ने स्पष्ट किया कि झारखंड में शिक्षकों को जो वेतनमान और ग्रेड पे दिया जा रहा है, वह कई भाजपा शासित राज्यों की तुलना में अधिक है। पूर्व में जहां टीजीटी शिक्षकों को 4600 ग्रेड पे और पीजीटी को 4800 ग्रेड पे मिलता था, अब एकीकृत माध्यमिक आचार्य के पद पर नियोजन के साथ वेतन संरचना में समुचित संतुलन बनाया गया है। भाजपा जानबूझकर भ्रामक प्रचार कर रही है, जबकि हेमंत सरकार शिक्षकों को आर्थिक और सामाजिक दोनों सम्मान देने का काम कर रही है।

**प्रशिक्षण** मतदान केंद्रों के मैप व जियो फेंसिंग के ट्रेनिंग का मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने किया शुभारंभ

# राज्य के सभी मतदान केंद्र व उनके क्षेत्र की जियो फेंसिंग होगी

- जियो फेंसिंग से मतदान केंद्र और उसके क्षेत्रों की तय होंगी सीमाएं

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार सभी मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की संख्या 1200 के अंदर रहनी चाहिए, जिससे मतदान के समय क्यू–मैनेजमेंट और वोटिंग की स्पीड बढ़ाई जा सके। उन्होंने कहा कि मतदाताओं को सुविधा के लिए राज्य में विभिन्न मतदान केंद्रों की सीमाओं को जियो फेंसिंग के माध्यम से चिन्हित एवं ऑनलाइन किया जा रहा है। इससे बीएलओ को अपने क्षेत्र के मतदाताओं एवं उनके घरों तक पहुंचने में आसानी होगी। इस प्रक्रिया के सम्पन्न होने के बाद सभी बीएलओ के अपने-अपने क्षेत्र निर्धारित होंगे एवं ऑनलाइन ऐप के माध्यम से मतदाता अपने लोकेशन से ही अपने मतदान केंद्र, उसका लोकेशन एवं अपने बीएलओ को जान पाएंगे। श्री के. रवि कुमार बुधवार को राज्य के विभिन्न जिलों के मतदान से संबंधित विभिन्न स्तर के अधिकारियों को मतदान केंद्रों के मैप एवं जियो फेंसिंग के ट्रेनिंग के दौरान संबोधित कर रहे थे।

धुर्वा सेक्टर के क्षेत्रों का भ्रमण कराते हुए नजरी-नक्शा तैयार करने एवं मैप के की-पॉइंट्स को अंकित करने का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके उपरान्त प्रतिभागियों के विभिन्न टीमों द्वारा इसे अलग-अलग प्रैक्टिकल के तौर पर तैयार कराया जाएगा। प्रशिक्षण के दौरान सभी प्रतिभागियों का मूल्यांकन भी होगा, कम अंक प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुनः ट्रेनिंग भी दी जाएगी।

इस अवसर पर संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार, उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी देव दास दत्ता, मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के पदाधिकारी एवं कर्मी, विभिन्न जिलों से आए उप निर्वाचन पदाधिकारी एवं संबंधित जिलों के कर्मी उपस्थित रहे।

### अधिकारियों को दिया जाएगा प्रशिक्षण

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि 11 से 13 जून तक चलने वाले इस ट्रेनिंग सत्र में भाग ले रहे सभी प्रतिभागियों को मतदान केंद्रों के मैप एवं जियो फेंसिंग के बारे में पुडुचेरी, भारतीय जनगणना कार्यालय एवं आईटी के विशेषज्ञों के अनुभवों को संकलित कर बनाए गए प्रशिक्षण मॉड्यूल से विस्तृत रूप से प्रशिक्षित किया जा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों को मतदान केंद्रों के मैप एवं जियो फेंसिंग के बारे में पीपीटी के माध्यम से जानकारी दी जाएगी।

## न्यूज बॉक्स

### अंगीभूत महाविद्यालयों में इंटर की पढ़ाई शुरु करने की मांग, राज्यपाल से मिला शिष्टमंडल



**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से बुधवार को पूर्व मंत्री बंधु तिर्की के नेतृत्व में एक शिष्टमंडल ने भेंट की तथा उन्हें विभिन्न विषयों से संबंधित एक ज्ञापन समर्पित किया। ज्ञापन के माध्यम से शिष्टमंडल ने राज्य के सरकारी विश्वविद्यालयों के अधीनस्थ अंगीभूत महाविद्यालयों में इंटरमीडिएट कक्षा में छात्र/छात्राओं के नामांकन पर पुनर्विचार का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि राज्यपाल द्वारा राज्य में उच्च शिक्षा में सुधार के लिए किए जा रहे व्यापक संवाद व प्रयास सराहनीय हैं। शिष्टमंडल ने राज्यपाल से जनजातीय समाज के शिक्षाविदों के साथ पृथक बैठक कर उच्च शिक्षा में सुधार संबंधी विषयों पर विचार-विमर्श करने हेतु आग्रह किया। पूर्व मंत्री श्री तिर्की ने यह भी अवगत कराया कि राज्य में भूमि के अवैध हस्तांतरण की घटनाएं चिंताजनक रूप से बढ़ रही हैं। उन्होंने सुझाव दिया कि इस विषय पर भी जनजातीय समाज के विशेषज्ञों के साथ संवाद कर आवश्यक कदम उठाए जाएं। इसके अतिरिक्त, शिष्टमंडल ने राज्यपाल से राज्य के विश्वविद्यालयों में कुलपति पदों पर स्थानीय व्यक्तियों की नियुक्ति के लिए विचार करने का अनुरोध भी किया। इस अवसर पर पूर्व महापौर रमा खलखो सहित अन्य सदस्य भी उपस्थित थे।

### राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के अनुमोदन के बाद विधेयक राज भवन को मिला



**रांची।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु द्वारा सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पाद (विज्ञापन का प्रतिषेध और व्यापार तथा वाणिज्य, उत्पादन, प्रदाय और वितरण विनियमन) (झारखंड संशोधन) विधेयक, 2021 पर अपनी स्वीकृति प्रदान की गई है। विदित हो कि झारखंड विधानसभा द्वारा पारित यह संशोधन विधेयक राज्यपाल के माध्यम से राष्ट्रपति की स्वीकृति के लिए प्रेषित किया गया था। राष्ट्रपति ने अनुमोदन के बाद विधेयक राज भवन को प्राप्त हो गया है।

### अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर पीएम मोदी के कार्यक्रम का होगा लाइव प्रसारण

**रांची।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर 21 जून को मुख्य कार्यक्रम विशाखापट्टनम में आयोजित किया जाएगा। जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पांच लाख लोगों और देश भर से वर्चुअल मीडिया से जुड़े संभावित दो लाख कार्यक्रमों के द्वारा "अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस" को संबोधन कर, अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम का नेतृत्व करेंगे। संबोधन सुबह 6:30 बजे से 7:00 तक होगा तत्पश्चात 7:00 के बाद योग का कार्यक्रम होगा। इस अवसर पर मीडिया से सुबह 6:30 से 7:00 तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन का लाइव स्ट्रीम अपने-अपने मीडिया चैनलों पर दिखा सकते हैं, जो भारत सरकार के आयुष मंत्रालय, आकाशवाणी , दूरदर्शन र के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर, और उसके अलावे अन्य संबंधित सरकारी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध होगा। उसके बाद 7:00 बजे से जो योग का कार्यक्रम होगा उसके संदर्भ में मीडिया संस्थान/हाउस अपने- अपने मीडिया परिसर में, या अन्य जगहों पर, अपने मीडिया संस्थान/हाउस द्वारा किसी "योग कार्यक्रम" को आयोजित कर सकते हैं।

### भाजपा महानगर की प्रदर्शनी आज

**रांची।** मोदी सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने पर बुधवार को भाजपा रांची महानगर –जिला कार्यालय में अपराह्न 3:00 बजे से "प्रदर्शनी" लगाई जाएगी। मौके पर रांची के सांसद सह केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ, रांची एवं हटिया के विधायक सीपी सिंह एवं नवीन जयसवाल "प्रेस– वार्ता" को संबोधित करेंगे।

### डोरंडा में नशा करने के दौरान विवाद के बाद चाकूबाजी, दो घायल

**रांची।** डोरंडा थाना क्षेत्र के भुईयां टोली में नशा सेवन को लेकर हुए विवाद में चाकूबाजी हुई। चाकू लगने से दो युवक सोहन कच्छप और राहुल कुमार घायल हो गए। घटना बुधवार की है। हालांकि, डोरंडा पुलिस ने घटना के बाद दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। बताया जा रहा है कि मंगलवार की रात सरताज, सोहन और राहुल के बीच नशा के सेवन करने के दौरान भुईंया टोली में विवाद हो गया था। इस दौरान दोनों के बीच जमकर मारपीट हुई थी। सूत्रों के अनुसार, इसी घटना को लेकर बुधवार की सुबह सरताज अपने कुछ साथियों के साथ फिर से भुईंया टोली पहुंचा और सोहन व राजू पर चाकू से वार कर दिया। इस घटना में सोहन व राजू को हाथ व गर्दन में चोटें आईं। आसपास में मौजूद लोग आनन-फानन में घायलों को अस्पताल ले गए। इस घटना को अंजाम देने के बाद सरताज समेत अन्य आरोपी मौके से फरार हो गए। घटना की जानकारी मिलने के बाद डोरंडा पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास के लोगों से जानकारी मिलने के बाद दो आरोपियों को पकड़कर थाने लाई है।

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 11 साल का कार्यकाल बेमिसाल : पवन साहू



**रांची।** झारखंड भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष पवन साहू ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 11 साल का कार्यकाल पूरे होने पर बधाई दी है। वहीं उनके कार्यकाल को स्वर्णिम व अमृतकाल बताया है। उन्होंने कहा कि इन 11 वर्षों में देश ने सभी मापदंडों को पूरा किया है। चाहे कश्मीर से धारा 370 हटाने की बात हो, मुस्लिम महिलाओं के लिए तीन तलाक़ हटाने की बात हो, पाकिस्तान पर एयर स्ट्राइक की बात हो, अयोध्या में श्री राम के भव्य मंदिर बनाने की बात हो, देश भर में मेडिकल कॉलेज बनाए जाने की बात हो, एयरपोर्ट निर्माण की बात हो। उन्होंने सभी मापदंडों को पूरा करने का काम किया है। कहा कि मोदी सरकार तथा भाजपा ने जो देश से वादे किए थे, वह पूरे हो रहे हैं। मोदी सरकार गरीबों, महिलाओं, किसानों के कल्याण के लिए समर्पित है। कहा कि गरीब कल्याण के साथ किसान कल्याण भी मोदी सरकार की प्राथमिकता रही है। जिसमें 11 करोड़ किसानों के खाते में प्रतिवर्ष किसान सम्मान निधि के तहत 6000 पहुंच रहे हैं।

### राष्ट्रीय सर्जन सप्ताह पर रक्तदान शिविर का आयोजन



**रांची।** राष्ट्रीय सर्जन सप्ताह पर बुधवार को रिम्स में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य रक्त की कमी को पूरा करना और मरीजों की जान बचाने में मदद करना था। सर्जरी विभाग ने रिम्स ब्लड बैंक, एएसआई झारखंड चैप्टर और एएसआई ब्रांच के सहयोग से इस शिविर का आयोजन किया गया था। शिविर में 33 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। आयोजकों ने सभी रक्तदाताओं को धन्यवाद दिया और उम्मीद जताई कि इस तरह के आयोजन आगे भी जारी रहेंगे। डॉ. डीके सिन्हा, विभागाध्यक्ष सर्जरी विभाग, डॉ. संदीप कुमार अग्रवाल, अध्यक्ष, एएसआई झारखंड चैप्टर और अन्य फैकल्टी और रिम्स के रेजिडेंट डॉक्टरों ने सक्रिय रूप से भाग लिया।



अभ्यासी खिलाड़ियों के लिए स्टेडियम मे प्रवेश वर्जित

# सिकुड़ते मैदान और सड़कों पर स्टंट करते जवान

**मनोज मिश्रा/रांची**

कार्तिक उरांव फ्लाईओवर पर बाइक स्टंट कर रहे नौजवान के बनाए रील और प्रशासन द्वारा की गई कारवाई पर सोशल मीडिया में लोगों ने प्रश्न उठाए और कहा कि राजधानी में अगर मैदान होती तो उसे सड़कों पर स्टंट करने की जरूरत नहीं पड़ती। दूसरी ओर झारखंड में अंतरराष्ट्रीय स्तर के क्रिकेट खिलाड़ी हुए हैं बावजूद इसके खिलाड़ियों के लिए मैदान उपलब्ध नहीं है। खिलाड़ी खेतों, गलियों में क्रिकेट खेलते हैं जो जानलेवा है। झारखंड के खेलकूद विभाग में क्रिकेट को खेल का दर्जा ही नहीं प्राप्त है। इस संबंध में राष्ट्रीय नवीन मेल के संवाददाता ने जेएससीए के नवनिर्वाचित अध्यक्ष अजय नाथ शाहदेव से सवाल पूछने के लिए कॉल किया तो उन्होंने फोन नहीं उठाया। प्रतिभावान खिलाड़ी संपन्न राज्य में खेल प्रतिभा को निखारने के लिए मैदान की कमी है। राजधानी में ही देखें तो किसी भी स्थान से पांच किमी की दूरी पर मैदान नहीं हैं जहां खिलाड़ी खेल सके।

मोरहाबादी की बात करें तो स्टेडियम है लेकिन सामान्य अभ्यासी खिलाड़ियों के प्रवेश पर रोक है, खुला मैदान जरूर है जहां लोग खेल सकते हैं मगर यह खेल प्रेम सिर्फ दिखावा है। साल के 365 दिनों में 300 दिन मैदान में बड़े-बड़े आयोजन होते रहते हैं, मेले लगे होते हैं। मेला या अन्य आयोजन ठीक है मगर या तो इनके लिए अलग व्यवस्था हो या खिलाड़ियों के लिए अलग मैदान।वहीं जयपाल सिंह स्टेडियम की बात करे तो कुछ समय पहले यह स्टेडियम काफी चर्चा में रहा। स्टेडियम की जमीन पर अटल वेंडर मार्केट बनाया गया जिसमें जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम की जमीन के खेल मैदान का भाग उपयोग हुआ। एक कदम आगे और भी कुछ हो रहा है, निगम ने मेन गेट से एल आकार में मुख्य सड़क तक निगम की पार्किंग घोषित कर रखी है। वहां चार पहिया वाहनों पर 30 रुपए प्रति दो घंटे की दर से ली जाती है। मुख्य गेट पर भी कार की पार्किंग की जाती है जिससे आम लोगों के स्टेडियम में प्रवेश और निकास दोनों मार्ग अवरूद्ध हो जाता है। सवाल यह उठता है कि अब और कितना खेल मैदान सिकुड़ेंगे।

## इन्होंने यह कहा

### प्रस्ताव मिला तो खेल मैदान बनाएंगे : खेल मंत्री



खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग के मंत्री सुदिव्य कुमार ने कहा कि खेल मैदान को लेकर अगर प्रस्ताव जिले से या अन्य जगहों से आता है तो निश्चित रूप से हमलोग ध्यान देंगे और करेंगे, लेकिन ऐसा अभी खास कर रांची के लिए कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है।

### मोरहाबादी मैदान में अब मेला और ठेला लगता है : डॉ प्रणव



अधिवक्ता एवं अध्यक्ष खेल मैदान बचाओ संघर्ष समिति के अध्यक्ष डॉ प्रणव कुमार बब्बू ने कहा कि जेएससीए स्टेडियम में आम खिलाड़यों का प्रवेश वर्जित रख गया है। झाखंड की राजधानी में खेल विभाग के द्वारा कहीं पर भी क्रिकेट का कोई मैदान नहीं रखा गया है। मोरहाबादी मैदान में लोग किक्रेट खेलने पहुंचते थे मगर वहां भी अब मेला व ठेला लगता रहता है, जहां बच्चे क्रिकेट-कराटे सीखते थे वहां वेंडर मार्केट बना लिया गया।

### बाइक स्टंट करने वालों का लाइसेंस रद्द होगा : डीटीओ



रांची परिवहन पदाधिकारी अखिलेश कुमार ने कहा कि रांची की सड़कों पर बाइक स्टंट करने वालों पर मोटर वाहन अधिनियम के सुसंगत धाराओं के तहत कारवाई होगी। वहीं लाइसेंस भी रद्द किया जाएगा।

### स्टंट करने वालों पर होगी कार्रवाई



दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडलीय आयुक्त अंजनी कुमार मिश्र ने कहा कि बाइक स्टंट करने वालों पर सख्ती से कारवाई होगी।

सदर अस्पताल प्रबंधन समिति गवर्निंग बॉडी की बैठक

# मरीजों को समय पर गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधा मिले : डीसी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री की अध्यक्षता में बुधवार को सदर अस्पताल सभागार में अस्पताल प्रबंधन समिति, गवर्निंग बॉडी की बैठक हुई बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने किया। बैठक में सिविल सर्जन सदर डॉ. प्रभात कुमार, आयुष्मान भारत के नोडल पदाधिकारी, चिकित्सा विशेषज्ञों, रोगी कल्याण समिति के सदस्यों, और अन्य हितधारकों ने भाग लिया। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य सदर अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार, बुनियादी ढांचे का विकास, और रोगी कल्याण योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करना था। इसको लेकर सदर अस्पताल, रांची में स्वास्थ्य सेवाओं के उन्नयन और बुनियादी ढांचे के विकास के लिए शासी निकाय की महत्वपूर्ण बैठक आज आयोजित की गई। बैठक में में कई एजेंडा के बिंदुओं पर चर्चा की गई और निर्णय लिए गए।

**डॉग बाइट की घटना पर हुई चर्चा**

उपायुक्त ने सिविल सर्जन सदर को निर्देश देते हुए कहा की रांची शहर में आवारा कुत्तों और घरेलू डॉग बाइट की घटना के मामलें आ रहें है। जिसको लेकर उन्होंने कहा की रेबीज की वैक्सीन सभी अस्पतालों में पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध रखें। साथ उन्होंने कहा की नगर निगम के सहयोग से भी कुत्तों नेचुरिंग" या "स्पैइंग" कराने पर जोर दिया जाएगा। उपायुक्त द्वारा बरसात को लेकर अस्पताल में सर्पदंश के मामलें भी बढ़ेंगे इसको लेकर भी अस्पतालों में एंटीवेनम रखने के भी निर्देश सिविल सर्जन को दिए गए।

**कोविड गाइडलाइन्स का सतर्कता से पालन करने के निर्देश :** कोविड को लेकर सतर्कता बनाए रखने के लिए दिशानिर्देश जारी किए हैं। सार्वजनिक स्थानों पर मास्क पहनने, सामाजिक दूरी बनाए रखने की सलाह दी गई है। कोविड गाइडलाइन्स का पालन सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया।



### स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा और सुधार पर विशेष चर्चा हुई

मौके पर उपायुक्त ने कहा कि सदर अस्पताल न केवल जिला मुख्यालय का प्रमुख स्वास्थ्य केंद्र है, बल्कि आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लिए भी जीवन रेखा है। हमारा लक्ष्य है कि प्रत्येक मरीज को समय पर गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधा मिले। आज की बैठक में लिए गए निर्णयों को शीघ्र लागू किया जाएगा ताकि अस्पताल की सेवाएँ और बेहतर हो सकें। उन्होंने सिविल सर्जन सदर को निर्देश देते हुए कहा की सदर अस्पताल परिसर में स्वच्छता और हरियाली को बढ़ावा दे। ताकि मरीजों को एक स्वस्थ वातावरण मिलें। उपायुक्त ने सिविल सर्जन सदर को निर्देश देते हुए कहा की मरीजों की शिकायतों के त्वरित निवारण करें। साथ ही उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

## डीसी ने अस्पताल में भर्ती मरीजों का हालचाल जाना

- अस्पताल की डिस्पेंसरी में दवाओं की उपलब्धता की जांच की
- आवश्यक दवाएं पर्याप्त मात्रा में रखने के लिए अधिकारियों को आदेश

**रांची।** उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधा सुनिश्चित करने को लेकर बुधवार को सदर अस्पताल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल में भर्ती मरीजों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना और उनकी समस्याओं को सुना। उपायुक्त ने मरीजों को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए सिविल सर्जन को विशेष निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान श्री भजंत्री ने अस्पताल की डिस्पेंसरी का दौरा किया और वहां उपलब्ध दवाओं की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने यह सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी आवश्यक दवाएं पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध रहें और मरीजों को दवाओं की कमी का सामना न करना पड़े। उन्होंने चिकित्सा सेवाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही को गंभीरता से लेते हुए स्वास्थ्य कर्मियों को मरीजों के प्रति संवेदनशील और तत्पर रहने की हिदायत दी गई।उपायुक्त ने सिविल सर्जन को अस्पताल में स्वच्छता, चिकित्सा उपकरणों की उपलब्धता और स्टाफ की उपस्थिति पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि मरीजों का विश्वास जीतने के लिए स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार अत्यंत आवश्यक है। साथ ही, उन्होंने अस्पताल प्रशासन को यह सुनिश्चित करने को कहा कि सरकारी योजनाओं के तहत मिलने वाली सुविधाएं सभी जरूरतमंद मरीजों तक पहुंचें।

### बुनियादी ढांचे और मरीजों की सुविधा को बढ़ाना है

**रांची।** डीसी मंजूनाथ भजंत्री की अध्यक्षता में सदर अस्पताल सभागार में अस्पताल प्रबंधन समिति की बैठक हुई। बैठक का मुख्य उद्देश्य सदर अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार, बुनियादी ढांचे का विकास और मरीजों की सुविधा बढ़ाना था। हर मरीज को समय पर और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधा देना हमारा लक्ष्य है। सदर अस्पताल जिले की जीवनरेखा है और आज की बैठक में लिए गए निर्णय जल्द लागू किए जाएंगे।"अगली बैठक में इन निर्णयों की प्रगति की समीक्षा की जाएगी। आज की इस बैठक में सिविल सर्जन डॉ. प्रभात कुमार, आयुष्मान भारत के नोडल पदाधिकारी, चिकित्सा विशेषज्ञ, रोगी कल्याण समिति के सदस्य और अन्य अधिकारी शामिल हुए।

मोरहाबादी से हटाए गए फुटपाथ दुकानदार

## मोरहाबादी चौपाल व वरिष्ठ नागरिक संतोष अग्रवाल ने नगर निगम की कार्रवाई का किया विरोध

**रांची।** सब्जी वाली गर्मी से परेशान रहते हैं। ऐसे में मोरहाबादी चौपाल व वरिष्ठ नागरिक संतोष अग्रवाल ने पिछले हफ्ते उनके बीच छाता बांटे थे। वहीं बुधवार को भी फिर से सब्जी वालों के अलावा ऑक्सीजन पार्क के सामने स्वरोजगारियों एवं सफाई कर्मियों को छाते बांट रहे थे। तभी देखा कि ऑक्सीजन पार्क के सामने जो ठेले लगते हैं वे भाग रहे थे। उन्होंने कहा कि मैं वहां रुक कर पता किया तो मालूम हुआ नगर निगम वाले आए हैं सायरन बजाते हुए उनको हटाने के लिए। वे वहीं रुक गए और लोगों को समझाया कि आप लोग रुकें मैं बात करता हूं। वे नगर निगम के लोगों से बात की लेकिन वे कुछ भी सुनने के लिए तैयार नहीं थे। उनका एक ही कहना था, यहां नहीं लगाना है। उन्होंने कहा कि जब कुछ दिनों पहले सब्जी मार्केट और ठेले वालों को रात में उजाड़ा गया था तो राज्य रक्षा मंत्री संजय सेठ भी नाराज हुए थे और उन्होंने तुरंत उपायुक्त से बात कर यह आदेश दिलवाया था कि किसी को उजाडा नहीं जाए। संजय सेठ के इस कार्रवाई से स्वरोजगारियों को बहुत आशा बंध गई थी कि उनकी रोजी-रोटी चलती रहेगी लेकिन उसके बाद दो बार ऐसा हो चुका कि ऑक्सीजन पार्क के बाहर से इनको खदेड़ा गया। उन्होंने कहा कि नगर निगम का कोई भी कर्मचारी यह बताने के लिए तैयार नहीं था कि उनका नाम क्या है, किनका आदेश है।

## मंईयां सम्मान से स्वावलंबी बनतीं रांची जिला की महिलाएं

- झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना लाभार्थियों के लिए साबित हो रही वरदान

**रांची।** राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना महिलाओं के लिए वरदान साबित हो रही है। योजना अंतर्गत लाभार्थी महिलाओं को प्रत्येक माह मिलने वाली 2500 रूपए की सम्मान राशि से जिला प्रशासन द्वारा महिलाओं को स्वावलंबी बनाने की पहल का असर दिखने लगा है। अंडा उत्पादन एवं बकरी पालन के माध्यम से अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत बनाने के लिए अब तक जिला की 8122 महिलाएं योजना से जुड़ चुकी हैं। उपायुक्तमंजूनाथ भजंत्री के दिशा निर्देशानुसार महिलाओं को स्वावलंबी बनाने हेतु जिला प्रशासन द्वारा सहायता भी प्रदान की जा रही है।

### आज / कल




## वैभव कुमार ने यूपीएससी-2024 में पाया 90वां रैंक, सीसीएल ने किया सम्मानित

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

यूपीएससी-2024 परीक्षा में 90वां रैंक हासिल करने वाले, सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड , कुजू क्षेत्र के अमला अधिकारी(प्रोजेक्ट एंड प्लानिंग) वीरेश कुमार के सुपुत्र वैभव कुमार से सीसीएल सीएमडी निलेंदु कुमार सिंह ने मुलाकात कर उन्हें सम्मानित किया।इस अवसर पर सीएमडी निलेंदु कुमार सिंह ने वैभव के माता-पिता वीरेश कुमार एवं सुनीता कुमारी को भी शॉल एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। इस खास मौके पर सीसीएल सीएमडी के साथ-साथ निदेशक(वित्त) पवन कुमार मिश्रा, निदेशक (मानव संसाधन) हर्ष नाथ मिश्र, निदेशक (तकनीकी/संचालन) चंद्र शेखर तिवारी, मुख्य सतर्कता अधिकारी पंकज कुमार सहित सीसी एवं पीआर विभाग के विभागाध्यक्ष श्री आलोक गुप्ता सहित अधिकारीगण उपस्थित रहें। सीसीएल सीएमडी श्री निलेंदु कुमार सिंह ने कहा कि, "वैभव की यह सफलता केवल उनके परिवार की नहीं, बल्कि पूरे सीसीएल परिवार की सफलता है। आपने न सिर्फ अपने माता-पिता, बल्कि पूरे कोल इंडिया समूह को राष्ट्रीय पटल पर गौरवान्वित किया है। आप जिस पद पर होंगे, वहाँ से समाज के लिए सकारात्मक बदलाव की दिशा में कई कार्य कर सकते हैं। हमें गर्व है कि आप कोल इंडिया परिवार का हिस्सा हैं।



● वैभव कुमार ने सीसीएल सीएमडी निलेंदु कुमार सिंह से की मुलाकात

मादक पदार्थों की रोकथाम को लेकर जागरूकता रथ रवाना

## मादक पदार्थ पर रोक लगाने के लिए हम सभी संकल्पित : सिविल सर्जन

- नशीली दावों की लत एक गंभीर समस्या बन गई है

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**




निषिद्ध मादक पदार्थों के दुरुपयोग को रोकने को लेकर जागरूकता कार्यक्रम सह प्रशिक्षण को लेकर प्रचार प्रसार वाहन एवं जागरूकता रथ को सिविल सर्जन डॉ प्रभात कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसका मुख्य उद्देश्य समाज में नशीले पदार्थों के सेवन के खिलाफ जागरूकता पैदा करना और इससे होने वाले नुकसान से लोगों को अवगत कराना है। मौके पर अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ सिद्धेश्वर बास्की, जिला कार्यक्रम प्रबंधक,श्री प्रवीण कुमार सिंह,जिला कंसलटेंट,टोबैको कंट्रोल सेल सुशांत कुमार एवं अन्य चिकित्सा पदाधिकारी एवं स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे। सिविल सर्जन डॉ प्रभात कुमार ने बताया कि हम लोग तंबाकू एवं मादक पदार्थ पर रोक लगाने के लिए पूर्ण संकल्पित है । चार दिवसीय प्रशिक्षण का आज तीसरा दिन है जिसमें स्वास्थ्य विभाग की ओर से जिला स्तर पर प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस प्रशिक्षण में प्रतिभागी के रूप में प्रत्येक ब्लॉक से चार चिकित्सा पदाधिकारी एवं 10 स्वास्थ्य कर्मी को प्रशिक्षित किया जा रहा है जो की इस प्रशिक्षण के उपरांत अपने-अपने कार्य क्षेत्र में मास्टर ट्रेनर के रूप में प्रशिक्षण देने का कार्य करेंगे। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य है कि तंबाकू एवं मादक पदार्थ से होने वाले बीमारी एवं इस्तेमाल में कमी लाई जा सके। माइकिंग के माध्यम से समुदाय के स्तर पर जागरूकता बढ़ेगी और लोग नशा छोड़ने के लिए प्रेरित होंगे । वही एक आंकड़े के मुताबिक झारखंड में तंबाकू एवं मादक पदार्थों के सेवन करने वाले लोग 38. 9% है जो की काफी अधिक है। इसकी रोकथाम हेतु हमें पंचायत लेवल तक प्रचार प्रसार किया जा रहा है। यह एक जन जागरूकता अभियान है जिसमे हम सभी की भागीदारी एवं सबका सहयोग अति महत्वपूर्ण है। डॉ एस बास्की ने बताया की देशभर में नशीली दावों की लत एक गंभीर समस्या बन गई है।

### डीजे संचालकों को थानों में 24 तक कराना होगा रजिस्ट्रेशन

**रांची।** रांची के डीजे संचालकों को रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य कर दिया गया है। सभी डीजे संचालकों को 24 जून तक अपने संबंधित थानों में रजिस्ट्रेशन कराना होगा। झारखंड हाईकोर्ट के निर्देश पर उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने इसका आदेश बुधवार को जारी किया है। सभी डीजे संचालकों को अपने निकटतम पुलिस थाने में संपर्क कर आवश्यक दस्तावेज, जैसे पहचान पत्र, व्यवसाय का विवरण एवं उपकरणों की जानकारी, स्वघोषणा पत्र के साथ रजिस्ट्रेशन फॉर्म जमा करना होगा। सभी नियमों और दिशा-निर्देशों का अनुपालन करना होगा। रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 24 जून है। इस तिथि तक रजिस्ट्रेशन नहीं कराने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इसके तहत जुर्माना, उपकरण जब्त और अन्य दंडात्मक कार्रवाई की जा सकती हैं। निर्देशों का कड़ाई से करना होगा पालन रजिस्ट्रेशन के साथ सभी डीजे संचालकों को ध्वनि प्रदूषण (नियंत्रण और विनियमन) नियम, 2000 और स्थानीय प्रशासन द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन करना होगा।



## ज्येष्ठ पूर्णिमा पर गायत्री परिवार ने यज्ञीय संदेश दिया

**रांची।** अखिल विश्व गायत्री परिवार साधकों ने ज्येष्ठ पूर्णिमा पर आनलाइन जप-अनुष्ठान प्रतिनिधित्व में 24 घंटे का अखंड जप-अनुष्ठान किया गया। समूह प्रतिनिधि ने इस अवसर पर शुभेच्छा की कि ज्येष्ठ मास पावन पूर्णिमा के प्रकाश की तरह हम सबके भीतर भी दीप्तिमान प्रकाश एवं आत्मबोध हो तथा इस भाव से सामूहिक प्राप्त ऊर्जा को समर्पित करें। यह आनलाइन जप-अनुष्ठान सोल्लास यज्ञीय कार्यक्रम से संपन्न किए गए। इस बाबत सभी से अनुरोध किया गया था कि इस दैवीय योजना में घर बैठे -बैठे सहयोग करें व गुरुवर श्रीआचार्य की सच्ची आराधना और राष्ट्र निर्माण के लिए, सभी के लिए सद्बुद्धि व उज्जवल भविष्य की प्रार्थना भाव के साथ सभी अपने बहुमूल्य समय का एक अंश अवश्य देने का प्रयास करें।

## पुलिस ने दो आरोपियों को हिरासत में लिया



**रांची।** सुखदेव नगर थाना की पुलिस ने हिस्ट्री शीटर दो आरोपियों को लिया हिरासत में लिया है। आरोपियों के पास से दो लग्जरी कार, हथियार और भारी मात्रा में गोली बरामद हुआ। वहीं संदीप थापा और बिट्टू सिंह से पूछताछ समाचार लिखे जाने तक जारी था।

## संत शिरोमणि कबीर दास की जयंती पर हुआ भजन-कीर्तन



**रांची।** पुंदाग स्थित श्री राधा कृष्ण मंदिर मे संत शिरोमणि कबीर दास जयंती मनाई गई। इस पावन अवसर पर श्रद्धा, भक्ति और अध्यात्म का अनुपम संगम देखने को मिला। श्री राधा कृष्ण जी का भव्य अलौकिक श्रृंगार, विशेष पूजा अर्चना, प्रसाद भोग,भजन- कीर्तन एवं सामूहिक महाआरती का आयोजन किया गया। श्री राज श्याम जी को फल, मेवा, चूरमा, पंचामृत, पेड़ा का विधिवत भोग पुजारी अरविंद पांडे द्वारा लगाया गया। वहीं पूरे विधि विधान एवं मंत्रोच्चार के साथ पूजा अर्चना एवं महाआरती की गई। तत्पश्चात ट्रस्ट के भजन गायकों ने भजन- कीर्तन के कार्यक्रम में संत कबीर के दोहों पर आधारित भजनों को गाकर पूरा वातावरण को भक्तिमय बना दिया। मंदिर में उपस्थित सैकड़ो भक्तों ने सामूहिक महाआरती में भाग लिया। तत्पश्चात श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। ट्रस्ट के प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ ने कहा यह आयोजन न केवल श्रद्धा और भक्ति का प्रतीक रहा बल्कि संत कबीर के अमूल्य शिक्षाओं को जनमानस तक पहुंचाने का एक प्रेरणादायी माध्यम भी बना, हम सभी संत कबीर की शिक्षाओं को अपने जीवन में उतारने का संकल्प ले और समाज में एकता, सच्चा धर्म प्रेम, करुणा और भाईचारे की भावनाओं को बढ़ावा दें। इस अवसर पर ट्रस्ट के अध्यक्ष डूंगरमल अग्रवाल, उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, निर्मल जालान, मनोज चौधरी, सज्जन पाड़िया, संजय सर्राफ,पूरणमल सर्राफ, शिव भगवान अग्रवाल, विशाल जालान, विष्णु सोनी, सुनील पोद्दार, सुरेश अग्रवाल, मनीष सोनी, पवन पोद्दार, नंदकिशोर चौधरी, सहित बड़ी संख्या में महिलाएं एवं पुरुष उपस्थित थे।

## हिंदी साहित्य भारती के प्रतिनिधि मंडल ने राज्यपाल से की शिष्टाचार भेंट



**रांची।** हिंदी साहित्य भारती, झारखंड प्रदेश का एक प्रतिनिधि मंडल ने बुधवार को राजभवन में राज्यपाल संतोष गंगवार से शिष्टाचार मुलाकात की। प्रतिनिधि मंडल का नेतृत्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अरुण सज्जन ने किया। मुलाकात के दौरान आगामी जुलाई माह में आयोजित होने वाली अंतरराष्ट्रीय हिंदी साहित्य गोष्ठी को लेकर राज्यपाल को आमंत्रण पत्र सौंपा व उन्हें साहित्यिक आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होने का आग्रह किया। इस अवसर पर हिंदी साहित्य भारती की ओर से राज्यपाल को साहित्यिक कृतियों की तीन चयनित पुस्तकें एवं एक पारंपरिक साल भेंट कर सम्मानित किया गया। प्रतिनिधि मंडल में डॉ. अरुण सज्जन के साथ रांची जिला अध्यक्ष बलराम पाठक, संगठन महामंत्री अजय राय, तथा उपाध्यक्ष संजय सराफ उपस्थित रहे।

## अपराध पर पूर्ण नियंत्रण रखना पुलिस का सर्वोच्च प्राथमिकता : डीएसपी



**बेड़ो ।** प्रत्येक थानों में पुलिस का सर्वोच्च प्राथमिकता क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखना और अपराध पर पूर्ण नियंत्रण रखना है। उक्त बातें बेड़ो डीएसपी कार्यालय में आयोजित अपराध गोष्ठी में डीएसपी अशोक कुमार राम ने कही। अपराध गोष्ठी के दौरान डीएसपी अशोक कुमार राम ने बेडो, लापुंग, इटकी एवं नरकोपी थाना क्षेत्र में विधि व्यवस्था बेहतर बनाने एवं शांति व्यवस्था स्थापित करने हेतु पुलिस के पदाधिकारियों को निर्देशित किया।

# तस्लीम महल गली में लगी आग, सामान जलकर राख

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** मेन रोड तस्लीम महल गली डॉक्टर असलम परवेज के बगल वाली घर में सुबह 5 बजे अचानक आग लग गई। इससे घर का सामान जलकर राख हो गया। आग की सूचना डॉक्टर असलम परवेज ने एडीएम आलोक और फायर डिपार्टमेंट को सूचना दी। जिसे एडीएम ने तुरंत सभी विभाग को अलर्ट कर दिया। दस मिनट के अंदर फायर बिग्रेड की गाड़ी मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। घर में आग लगने से आस पास में अफरा तफरी मच गई। क्योंकि आग भयानक रूप ले चुका था। अगर समय रहते काबू न पाया जाता तो दूसरे घरों को भी आग अपनी चपेट में ले लेता। समाजसेवी डॉक्टर असलम परवेज ने बताया कि सुबह 5 बजे अचानक उसके घर के बगल वाली घर में आग लग गई। पहले तो उन्होंने खुद ही आग पर काबू पाने का प्रयास किया, लेकिन सफल नहीं हो पाए। इसके बाद उन्होंने एडीएम और फायर डिपार्टमेंट को फोन लगाया। एडीएम ने भी पहली रिंग में फोन उठाया। एडीएम ने भरोसा दिया कि जल्द ही सब पहुंच जाएगा। और दस मिनट में फायर बिग्रेड, पुलिस, बिजली विभाग के लोग पहुंच गए और आग पर काबू पा लिया गया। ज्ञात हो कि रात में स्कूटी को बैटरी चार्जिंग में लगाया था। उसी चार्जिंग से आग लगी है। भुक्तभोगी जॉनी ने कहा आग लगने से बहुत नुकसान हुआ है। आग की सूचना मिलते ही समाजसेवी जय सिंह यादव और दीपक ओझा भी मदद को पहुंचे। डॉक्टर असलम परवेज ने एडीएम, फेयर ब्रिगेड और आग पर काबू पाने में मदद करने वालों का शुक्रिया अदा किया।

## लापुंग व बेड़ो के घटनाओं की जांच चल रही : ग्रामीण एसपी

**बेड़ो।** रांची के ग्रामीण एसपी प्रवीण पुष्कर ने कहा कि लापुंग बेड़ो में घटी घटनाओं एवं विधि व्यवस्था से संबंधित मामलो की गहराई से जांच चल रही है। उन घटनाओं में कौन-कौन लोग शामिल थे किन कारणों से घटना घटी ? उनका क्या मोटिव था इसकी गहराई से पड़ताल चल रही है। पुलिस प्रशासन को क्या ऐहतियात बरतनी चाहिए इस पर चर्चा की गई। ग्रामीण एसपी ने लापुंग बेड़ो सहित लापुंग नरकोपी एवं इटकी थाना के विधि-व्यवस्था से संबंधित मामलों, लंबित कांडों का अनुसंधान, आर्म्स एक्ट एवं हत्या जैसी घटनाओं की समीक्षा की । उन्होंने वारंटी एवं फरार अपराधकर्मियों की गिरफ्तारी का निर्देश दिया। उन्होंने लैंगिक अपराध खासकर महिलाओं एवं बच्चों से जुड़ी अपराधों का 60 दिनों के अंदर गहराई से जांच कर मामले का अनुसंधान कर निपटारे का निर्देश दिया।

समाजसेवी रवींद्र नाथ महतो की प्रथम पुण्य तिथि मनाई गई

## रवीन्द्र बाबू पर पुस्तक प्रकाशित होगी : डॉ राजाराम महतो

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** पूर्व पंचायत सेवक, समाजसेवी एवं भारतीय जनता पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ता रवीन्द्र नाथ महतो की प्रथम पुण्य तिथिज सोनाहातु प्रखंड के बांकू गांव में मनाई गई। इस अवसर पर आयोजित स्व. रवीन्द्र नाथ महतो के चित्र पर माल्यार्पण किया गया एवं पौधरोपण किया गया। इसके साथ ही दो मिनट का मौन रखकर स्व. रवीन्द्र नाथ महतो को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए कुरमाली भाषा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ राजाराम महतो ने कहा कि रवीन्द्र नाथ महतो सरकारी नौकरी में रहते पंचायती राज व्यवस्था को मजबूत करने में लगे रहे।

इसके साथ ही उनकी मृदु भाषी स्वभाव और समाज सेवा में बढ़ चढ़ भाग लेना हमेशा लोगों को याद रहेगा। श्री महतो ने कहा कि स्व महतो को प्रकृति प्रेमी और पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए भी याद किया जाएगा। उन्होंने कहा कि रवीन्द्र नाथ महतो ने करीब करीब 500 पौधे लगाए जो अभी पेड़ बन गए हैं। वे बालिका शिक्षा के प्रबल समर्थक थे उनकी इच्छा थी कि बांकू गांव में एक बालिका उच्च विद्यालय बने। उन्होंने कहा कि उनके व्यक्तित्व और कृतित्व पर कुरमाली भाषा परिषद की ओर से एक पुस्तक प्रकाशित किया जाएगा जिससे आने वाली पीढ़ी उससे प्रेरणा ले सकें।

## स्मार्ट मीटर के नाम पर अवैध वसूली बर्दाश्त नहीं : बीडीओ

**नवीन मेल संवाददाता**

**बेड़ो ।** बेड़ो प्रखंड क्षेत्र में स्मार्ट मीटर लगाए जाने के लिए रकम वसूल किए जाने की शिकायत को बीड़ीओ राहुल उरांव ने संज्ञान में लेते हुए सख्त नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा है कि स्मार्ट मीटर निशुल्क लगाया जाना है। इसके लिए उपभोक्ताओं को कोई शुल्क या पैसा नहीं दिया जाना है। यदि किसी के द्वारा स्मार्ट मीटर के नाम पर पैसे का मांग किया जाता है तो वह अवैध है। बीड़ीओ में कहा है कि पैसा उगाही करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। यह किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

साथ ही साथ उन्होंने बिजली की उपभोक्ताओं को भी यह स्पष्ट रूप से कहा है कि स्मार्ट मीटर के नाम पर किसी तरह का कोई भी पैसा किसी को नहीं दिया जाना है। इधर बिजली विभाग के बेड़ो क्षेत्र के जेइ द्वारा भी इस बात की पुष्टि की गई है की स्मार्ट मीटर के लिए किसी भी तरह का शुल्क नहीं लिया जाना है यह बिल्कुल मुफ्त सेवा है अगर कोई किसी प्रकार का शुल्क लेता है तो वह अवैध माना जाएगा।

## भगवान जगन्नाथ का हुआ महाजलाभिषेक

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** धुर्वा स्थित जगन्नाथपुर मंदिर में बुधवार को भक्ति और आध्यात्मिकता की अनुपम धारा प्रवाहित हुई, जब भगवान जगन्नाथ अपने भक्तों के प्रेममय जलाभिषेक से अभिभूत हुए। देवस्नान पूर्णिमा के पावन अवसर पर बुधवार को भगवान जगन्नाथ, भ्राता बलभद्र और बहन सुभद्रा का महाजलाभिषेक सम्पन्न हुआ। इस पावन दृश्य के साक्षी बनने के लिए मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। जैसे ही स्नान अनुष्ठान पूरा हुआ, श्रद्धालु जय जगन्नाथ के जयघोष के साथ हाथ उठाकर मंदिर परिसर को भक्तिरस में डुबकी लगाने लगे।

चीनी ब्रिज प्रतियोगिता में झारखंड का बोलबाला

## सीयूजे के राहुल पंडित को दूसरा स्थान, जाएंगे चीन

**नवीन मेल संवाददाता**




**रांची।** झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय (सीयूजे) के बीए-सुदूर पूर्व भाषा (चीनी भाषा) द्वितीय वर्ष के छात्र राहुल पंडित ने कॉलेज/ विश्वविद्यालय छात्रों के लिए आयोजित अंतरराष्ट्रीय "चीनी ब्रिज" चीनी भाषा प्रतियोगिता के भारत स्तर के दौर में दूसरा स्थान प्राप्त कर विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया है। पुरस्कार स्वरूप राहुल पंडित, चीन देश के सांस्कृतिक अनुभव के लिए बीजिंग, शंघाई और शिजियाझुआंग (चीन) की पंद्रह दिन की यात्रा करेंगे। कुलपति प्रो क्षिति भूषण दास ने राहुल और सुदूर पूर्व भाषा विभाग (चीनी भाषा) को बधाई देते हुए कहा, कि "यह उपलब्धि हमारे छात्रों और शिक्षकों की मेहनत और लगन को दर्शाता है। प्रो रबिंद्रनाथ सरमा ने भी सभी को बधाई दी और कहा कि यह सफलता सुदूर पूर्व भाषा विभाग के शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन के कारण संभव हुई। उन्होंने सभी शिक्षकों, डॉ अर्पणा राज, डॉ. संदीप विश्वास और श्री सुषांत कुमार की सराहना की।

**क्या है चीनी ब्रिज प्रतियोगिता?**

यह प्रतियोगिता हर वर्ष चीनी भाषा दक्षता और सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देने के लिए आयोजित की जाती है। इस वर्ष भारत के 15 से अधिक विश्वविद्यालयों के छात्रों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया। जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, बनारस हिंदू विश्वविद्यालय जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों के प्रतिभाशाली छात्रों ने इसमें भाग लिया।

## युवती के आत्महत्या मामले में युवक पर केस

**रांची।** सिमडेगा जिले के बानो के रहने वाले सोनू प्रधान ने अपनी बहन के आत्महत्या मामले में उसके प्रेमी सुभाष नामक युवक के खिलाफ चुटिया थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। सोनू प्रधान ने पुलिस को बताया कि उनकी बहन दो जून को चुटिया कृष्णापुरी स्थित अपनी चाची के घर आई थी। छह जून से उसने आत्महत्या कर ली। पता चला कि उनकी बहन का सुभाष नामक युवक से तीन साल से प्रेम प्रसंग चल रहा था। इस दौरान उनकी बहन गर्भवती भी हुई। इसी बात को लेकर दोनों के बीच झगड़ा हुआ। आरोपी ने उनकी बहन से बच्चे को रखने से इंकार कर दिया। इसके बाद उनकी बहन ने आत्महत्या कर ली।

**स्वास्थ्य** आधुनिक सुविधाओं से लैस होगा खलारी का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र

# भवन निर्माण के अभियंताओं ने किया स्थल निरीक्षण

**नवीन मेल संवाददाता**



**खलारी।** खलारी प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण जल्द शुरू होगा। बुधवार को झारखंड राज्य भवन निर्माण निगम लिमिटेड के अभियंताओं की टीम निर्माण एजेंसी के साथ चयनित स्थल पर पहुंची। निर्माण स्थल की मापी की गई तथा जमीन के अंदर मिट्टी की सतह देखी गई। बताया गया कि खलारी प्रखंड का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) जिले का पहला सीएचसी होगा जहां सदर अस्पताल के बाद सर्वाधिक सुविधाएं होगी। भवन तीन तल्ला बनेगा। 50 बेड का अस्पताल होगा। सीएचसी में आधुनिक सुविधाओं से लैस आपरेशन थिएटर होगा। पहला सीएचसी होगा जहां ब्लड बैंक की सुविधा होगी। पैथोलोजी व रेडियोलोजी जांच के लिए आधुनिक मशीनें उपलब्ध होगी। ओपीडी के अलावा 24 घंटे आपात सुविधा उपलब्ध होगी। सीएचसी के लिए विशेषज्ञ चिकित्सकों के साथ अनुभवी चिकित्साकर्मी होंगे। सरकार द्वारा उपलब्ध सभी प्रकार की दवाएं मुफ्त मिलेंगी। निर्माण एजेंसी द्वारा बताया गया कि जल्द ही निर्माण कार्य आरंभ कर दिया जाएगा। मालूम हो कि खलारी प्रखंड का सृजन फरवरी 2009 में हुआ है परंतु सीएचसी नहीं होने के कारण खलारी की स्वास्थ्य सुविधा आज भी बुड़मू सीएचसी पर निर्भर है। खलारी के लोगों को खलारी सीएचसी के जल्द शुरू होने का इंतजार है।

केंद्र संपोषित ईसीआरपी-टू मद से होना है खलारी सीएचसी का निर्माण खलारी सीएचसी का निर्माण केंद्र संपोषित ईसीआरपी-टू मद से किया जाना है। कोविड-19 महामारी संक्रमण के प्रभावी पंबंधन के लिए केंद्र सरकार द्वारा झारखंड सरकार के लिए इमरजेंसी कोविड-19 रिस्पांस पैकेज-टू (ईसीआरपी-टू) अंतर्गत 638.9 करोड़ रूपए का पैकेज स्वीकृत किया गया जिसमें व्यय के बाद 106.40 करोड़ रूपए बचत परिलक्षित हुई।

### राजनीतिक व सामाजिक संगठन करें सहयोग

सावित्रीबाई फुले नारी शक्ति केंद्र की बैठक सोमवार को बैंक चौक स्थित कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता केंद्र की संयोजिका सरोज चौधरी ने की। बैठक का मुख्य विषय बैंक चौक क्षेत्र में प्रस्तावित अस्पताल के निर्माण को लेकर था। बैठक में महिलाओं ने सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया कि खलारी क्षेत्र में एक आधुनिक अस्पताल की स्थापना नितांत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि कोरोना काल ने यह स्पष्ट कर दिया है कि एक सशक्त स्वास्थ्य व्यवस्था जीवन रक्षा के लिए अनिवार्य है।

## न्यूज बॉक्स

### प्रसाद व पानी का किया गया वितरण



**सिल्ली।** सिल्ली राजा बाड़ी परिसर में हरि मंदिर सिल्ली में नव रात्रि हरि नाम संकीर्तन के जागरण के अवसर पर सीमेंट ट्रेडर्स एसोसिएशन सिल्ली मुरी के द्वारा सिल्ली काली मंदिर के समीप प्रसाद सह पीने का ठंडा पानी का वितरण किया गया ।स्टाल में मुख्य रूप से सिल्ली के पूर्व विधायक सुदेश कुमार महतो,राजा पुष्पेन्द्र नाथ सिंह देव , जयपाल सिंह ,गौतम साहू संजय सिद्दार्थ,हेमंत नायक, भरत साईं,आदि ने प्रसाद ग्रहण किया। इससे पूर्व सीमेंट ट्रेडर्स एसोसिएशन के सभी सदस्यों ने राधा कृष्ण मंदिर में पुजा अर्चना की प्रसाद का भोग लगाया और कीर्तन मंडली को राम नाम का दुपट्टा देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर एसोसिएशन के अध्यक्ष राम गोपाल केडिया सचिव खिरोद कुशवाहा , मदन सिंघानिया मुकेश कुशवाहा, चंद्र मोहन महतो, शिव शंकर प्रसाद, विशाल विश्वकर्मा, अजय कुशवाहा, शंकर विश्वकर्मा शांति महतो, सुकुमार विश्वकर्मा समेत काफ़ी संख्या श्रद्धालु उपस्थित थे।

### नर्सिंग स्कूल मे दीप प्रज्वलन समारोह आयोजित




**चान्हो।** अमर ज्योति नर्सिंग स्कूल मे बुधवार को 14वीं बैच की एएनएम के लिए दीप प्रज्वलन समारोह- 2025 आयोजित किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित वरिष्ठ कांग्रेस नेता मो० मोजीबुल्लाह कहा कि यह दीप प्रज्वलन प्रतीक है ज्ञान, सेवा और समर्पण का। यह एक संकल्प है – सेवा, करुणा और समर्पण का। यह वह क्षण है जब आप सब छात्राएं नर्सिंग के पवित्र पेशे में प्रथम कदम रख रही हैं। इस शपथ के साथ कि आप अपने कर्तव्यों को पूरी निष्ठा, करुणा और ईमानदारी से निभाएंगी। आप अब केवल छात्राएं नहीं रहीं, आप समाज की सेवा की ओर अग्रसर एक नई यात्रा की शुरुआत कर रही हैं। जैसे दीपक अंधकार में प्रकाश फैलाता है, वैसे ही एक नर्स अपने व्यवहार और सेवा से जीवन में आशा की किरण जगाती है। नर्सिंग केवल एक नौकरी नहीं है, यह एक सेवा है। मौके पर सिस्टर सुचिता प्रबंधक प्रेरितों की रानी हॉस्पिटल चान्हो, सिस्टर असुन्ता, सिस्टर कार्मेला, सिस्टर जया समेत काफी लोग मौजूद थे।

### मलखंभ प्रशिक्षण शिविर का हुआ समापन



**रांची।** समर्पण चैरिटेबल ट्रस्ट एवं रांची जिला मलखंभ संघ कि ओर से आयोजित 15 दिवसीय रांची जिला मलखंभ ग्रीष्मकालीन बालक बालिका मलखंभ प्रशिक्षण शिविर का समापन बंगीय सांस्कृतिक परिषद् उच्च विद्यालय सेक्टर 02 धुर्वा रांची के प्रांगण में संपन्न हुआ। समापन समारोह के मुख्य समर्पण चैरिटेबल ट्रस्ट के मैनेजिंग ट्रस्टी आनंद केडिया, उमेश केडिया, स्मिता केडिया, बीएसपी विद्यालय सचिव सजल बनर्जी, रांची जिला मलखंभ संघ के अध्यक्ष अजय झा, रांची जिला मलखंभ संघ के महासचिव आशुतोष द्विवेदी, समाजसेवी डॉ अनिल कुमार, संयुक्त रूप से सभी खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। जबकि मंच का संचालन मलखंभ कि वरीय राष्ट्रीय खिलाड़ी दिव्या कुमारी ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन प्रशिक्षण शिविर संयोजक सह प्रशिक्षक विवेक कुमार ने किया। इस अवसर पर श्रीकांत महतो, शुभम सिंह, निखिल कुमार मंगरू उरांव, एवं अन्य खेलप्रेमी उपस्थित थे। इस प्रशिक्षण शिविर में मुख्य रूप से पोल मलखंभ, रोप मलखंभ, हैंगिंग मलखंभ एवं पिरामिड का निर्माण खिलाड़ियों के द्वारा किया गया। इस प्रशिक्षण शिविर में मुख्य प्रशिक्षक अजय झा सहायक प्रशिक्षक विवेक कुमार, दिव्या कुमारी ने नए -नए कौशल खिलाड़ियों को सिखाया।

### हरिनाम संकीर्तन जागरण में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



**सिल्ली।** सिल्ली बजार हाटबगान स्थित हरिमंदिर में आयोजित नौ दिवसीय अखंड हरिनाम संकीर्तन बुधवार को पूर्णाहुति एवं राखाल भोग के साथ समापन हुआ। अंतिम दिन मंगलवार को हरिनाम संकीर्तन के जागरण में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। पुर्व उप मुख्यमंत्री सुदेश कुमार महतो एवं विधायक अमित कुमार महतो भी हरिमंदिर में आकर माथा टेका एवं प्रसाद ग्रहण कर क्षेत्र की सुख समृद्धि की कामना की। पिछले सोमवार से शुरू इस कीर्तन में बंगाल के महिला कीर्तन मंडली, सोड़ों, पुतीडीह, तोड़ांग आदि क्षेत्र के प्रसिद्ध कीर्तन मंडली द्वारा कीर्तन की प्रस्तुति से लोगों को मंत्रमुग्ध किया। वहीं पुरा वातावरण भक्ति में रहा। हरिनाम संकीर्तन के सफल आयोजन में समिति के संरक्षक राजा पुष्पेंद्र नाथ सिंह देव कांचन सोनार, संजीत सिंह देव, संदीप सिंह देव, रुद्राक्ष सिंह देव, मृणाल शेखर, सुधीर पोद्दार, रितिक कोइरी, जितेन रक्षित , आयुष , अशमित , गौतम, नितिन समेत सभी सदस्यों एवं स्थानीय ग्रामीणों का सराहनीय योगदान रहा।

### फूलखुंदी और झूलन के साथ भव्य मंडा पूजा संपन्न

**खलारी।** खलारी के हुटाप स्थित शिव मंदिर प्रांगण में आयोजित दो दिवसीय मंडा पूजा श्रद्धा, आस्था और उत्साह के साथ संपन्न हुई। हुटाप शिव मंडा पूजा समिति द्वारा आयोजित इस आयोजन में शिवभक्ति की अनोखी झलक देखने को मिली। मंगलवार रात नौ बजे के बाद मंडा पूजा का मुख्य आकर्षण फूलखुंदी शुरू हुआ, जिसमें महिला व पुरुष श्रद्धालु दस फीट लंबे दहकते अंगारों पर नंगे पांव चलकर अपनी भक्ति का प्रदर्शन करते नजर आए। फूलखुंदी से पूर्व भक्तों ने विधिपूर्वक पूजा-अर्चना की और दिन भर निर्जला उपवास रखा। बुधवार सुबह पाहन ने पारंपरिक विधि से मंडा खूंटा की पूजा की। इसके बाद पाहन ने झूलन अनुष्ठान के तहत ऊंचे खूंटे पर झूलते हुए शिवभक्तों पर फूल बरसाए। इस दौरान पूरे परिसर में भक्ति भाव और उल्लास का वातावरण बना रहा। आयोजन स्थल पर भक्ति जागरण का आयोजन भी किया गया।

### 25 वर्षों बाद कव्वाली का ऐतिहासिक आयोजन, उमड़ा जनसैलाब, इटावा व दिल्ली के कव्वालों ने बांधा समां

# इंसानियत का पैगाम पहुंचाने का सशक्त माध्यम है कव्वाली : स्वास्थ्य मंत्री



**नवीन मेल संवादाता। बरही।** 25 वर्ष बाद हजरत सैयदना महमूद शाह गजनी उर्स के मौके पर कोनरा दरगाह परिसर में शानदार कव्वाली का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी, पूर्व राज्य सभा सांसद धीरज साहू, पूर्व विधायक बरही उमाशंकर अकेला यादव, पूर्व विधायक बरकट्ठा जानकी यादव, अल्प संख्यक कल्याण मोर्चा के अध्यक्ष मो कयूम अंसारी, आजसू नेता संजय मेहता आदि ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। जिनका कव्वाली कमिटी के अध्यक्ष भगवान केसरी, सचिव रिजवान अली आदि पदाधिकारियों ने जोरदार स्वागत किया। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि डॉ अंसारी में कहा कि कव्वाली इंसानियत के पैगाम पहुंचाने का एक सशक्त माध्यम है। उन्होंने आयोजन कमिटी को कव्वाली आयोजन के लिए शुभकामनाएं व बधाई दी। पूर्व विधायक श्री अकेला ने भी आयोजन कमिटी को बधाई देते हुए लोगो से कव्वाली का लुत्फ लेने की बात कही। कव्वाली सुनने के लिए जनसैलाब उमड़ पड़ा और माहौल सूफियाना रंग में रंग गया। इस ऐतिहासिक कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने के लिए इटावा उप्र के शाने आलम शाबरी और दिल्ली के जारा वारसी उर्फ जारा डिस्को पहुंचे थे। जो रात भर दर्शकों को अपने कव्वाली से झूमने के लिए मजबूर करते रहे। अपनी बेहतरीन कव्वालियों, ग़ज़लों और राष्ट्रीय एकता पर आधारित प्रस्तुतियों से लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कव्वाली सफल बनाने में कमिटी के अध्यक्ष भगवान केशरी, सचिव रिज़वान अली, महासचिव मो. इमरान, महाध्यक्ष मो ताबिश, कोषाध्यक्ष मो सगीर, उपसचिव मोमहताब उर्फ डब्लू, उपाध्यक्ष मो यूसुफ़ और युवा संरक्षक मो आसिफ, मीडिया प्रभारी शोएब अख्तर सहित करीम उद्दीन अंसारी, मो सलीम, मनोज साव, मो हसन, मो इस्तियाक उर्फ राजा, मो इरशाद उर्फ लखन, महबूब अंसारी, जमील अनवर, इश्तियाक अंसारी, मो. नौशाद आदि ने महत्ती भूमिका निभाई।

## न्यूज बॉक्स

### सुधीर मंगलेश बने रामगढ़ जिला कांग्रेस के मीडिया चेयरमैन सह प्रवक्ता



**रामगढ़।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के दिशा-निर्देश एवं संगठनात्मक मजबूती के क्रम में एक अहम निर्णय लेते हुए प्रदेश प्रभारी के राजू एवं प्रदेश अध्यक्ष केशव कमलेश महतो के निर्देश पर दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश को रामगढ़ जिला कांग्रेस कमेटी का मीडिया चेयरमैन सह प्रवक्ता नियुक्त किया गया है। सुधीर मंगलेश वर्तमान में दुलमी प्रखंड बीस सूत्री कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति के अध्यक्ष के रूप में जनसरोकार से जुड़े मुद्दों पर लगातार सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। जनहित में उनकी स्पष्ट सोच, सशक्त संवाद शैली और मीडिया के प्रति सजग दृष्टिकोण को देखते हुए पार्टी नेतृत्व ने उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। उनकी नियुक्ति से न केवल रामगढ़ जिला कांग्रेस को संचार माध्यमों में मजबूती मिलेगी, बल्कि पार्टी की नीतियों, कार्यक्रमों और जनहितकारी प्रयासों को प्रभावी रूप से जनमानस तक पहुँचाने में और भी गति आएगी। इस महत्वपूर्ण दायित्व के मिलने पर मंगलेश ने प्रदेश नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मैं संगठन की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का हरसंभव प्रयास करूंगा। मीडिया विभाग का दायित्व मेरे लिए सिर्फ जिम्मेदारी नहीं, बल्कि जनसेवा और सच्चाई की आवाज को जन-जन तक पहुँचाने का माध्यम है। कांग्रेस की विचारधारा और नेतृत्व को मजबूती देना ही मेरा पहला कर्तव्य होगा। इस घोषणा के बाद कार्यकर्ताओं हर्ष है। जिलेभर से कांग्रेसजनों ने श्री मंगलेश को बधाई दी है और उनके नेतृत्व में मीडिया विभाग को नए आयाम तक पहुंचने की उम्मीद जताई है।

### चैनगडा से चोरधरा होते हुए सयाल मोड तक टू-लेन सड़क का होगा निर्माण : महेंद्र महतो

**रामगढ़ ।** बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी की पहल पर पतरातू प्रखंड के चैनगडा से चोरधरा होते हुए सयाल मोड तक टू लेन सड़क का निर्माण के लिए पथ निर्माण विभाग रांची द्वारा डीपीआर तैयार करने का आदेश दिया गया है। यह सड़क पहले कोल माइंस हजारीबाग के अधीन था जिसके कारण इस सड़क पर कोई मरम्मती का कार्य नहीं हो पा रहा था। हजारीबाग के तत्कालीन सांसद सह वित्त एवं विदेश मंत्री यशवंत सिन्हा के पहल पर सीमा सड़क संगठन भारत सरकार के द्वारा इस पथ की मरम्मती हुई थी। जिसके बाद इस सड़क का ना तो कोई मरम्मती कार्य हुई और ना ही कोई मरम्मती करने का पहल किया गया। विधानसभा चुनाव के दौरान रोशन लाल चौधरी ने जनसंपर्क के दौरान क्षेत्र की जनता ने टु लेन सड़क निर्माण की मांग की थी। जिसके आलोक में विधायक रोशन लाल चौधरी के पहल पर पथ निर्माण विभाग रांची ने टू लेन सड़क निर्माण के लिए डीपीआर तैयार करने का आदेश दिया है। साथ ही निर्देश दिया है कि जल्द से जल्द सड़क का डीपीआर तैयार कर विभाग को उपलब्ध कराया जाए। यह जानकारी भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता महेंद्र कुमार महतो ने प्रेस बयान जारी कर दी।

### शिक्षिका के निधन पर शोक की लहर



फाइल फोटो

**रामगढ़।** श्री श्री चित्रगुप्त महापरिवार रामगढ़ के पैटर्न सदस्य सह विद्यानगर रामगढ़ कैंट निवासी बी पी सिन्हा की धर्मपत्नी शशिकला देवी का मंगलवार को निधन हो गया। बुधवार को उनकी अंतिम यात्रा में समाज के कई लोग शामिल हुए । वह अपने पीछे पांच पुत्र एवं तीन पुत्री सहित भरापूरा परिवार छोड़ गई हैं। वह छावनी परिषद कन्या मध्य विद्यालय से सेवानिवृत हुई थी। उनके अंतिम दर्शन के लिए उनके आवास पर समाज सेवी सहित कई राजनीतिक दलों के नेता भी पहुंचे। मुखाग्नि छोटे पुत्र राजेश कुमार सिन्हा ने दी। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा रामगढ़ जिला अध्यक्ष अरुण कुमार सिन्हा ने समाज के वयोवृद्ध अभिभावक एवं केंद्रीय विद्यालय रामगढ़ के अध्यापक रहे वासुदेव प्रसाद सिन्हा की धर्मपत्नी शशिकला देवी के निधन पर गहरा शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि उनके आकस्मिक निधन से कायस्थ समाज को अपूरणीय क्षति हुई है। कहा हमने अपने परिवार के एक महत्पूर्ण स्तंभ को खो दिया है। वह शिक्षिका के रूप में प्रसिद्ध थी। 2007 में वो छावनी परिषद कन्या मध्य विद्यालय रामगढ़ कैंट से सेवानिवृत हुई थी। ईश्वर उनकी आत्मा को अपने चरणों में स्थान दे और परिजनों को दुःख सहने की शक्ति प्रदान करे। इस दुख की घड़ी में कायस्थ महासभा शोक संतप्त परिजनों के साथ खड़ी है।

### मारपीट, छिनतई मामले में 14 लोगों के विरुद्ध दर्ज हुई प्राथमिकी

**बरही।** बेन्दगी गांव की एक महिला ने मारपीट, छिनतई और बदहवासी की स्थिति में उनके कपड़े को अस्त व्यस्त करने को लेकर बरही थाना में 14 लोगो के खिलाफ मामला दर्ज करवाई है. दर्ज प्राथमिकी के अनुसार बीते रविवार को प्रातः 8 बजे जब पीड़ित महिला अपने घर के पास काम कर रही थीं तभी उन्हीं के गांव का एक दबंग व्यक्ति अपने परिवार के 14 लोगो के साथ उनके घर का पिलर उखाड़ने का प्रयास किया. विरोध करने पर उनके साथ गाली-गलौज और मारपीट किया गया. गलत नियत से उनका कपड़ा अस्त-व्यस्त किया गया. गले से चांदी की चेन भी छीन लिया गया. गला दबाकर हत्या करने की कोशिश की गई. इस संबध में पीड़िता ने घटना का विडियो साक्ष्य भी पुलिस को सुपुर्द किया है. नामजद अभियुक्तों में कमल गिरी के अलावा सुनील गिरी, नरेश गिरी, फुलमतिया देवी, ललिता देवी, प्रीति देवी, रविन्द्र गिरी, ज्योति देवी, सिकंदर गिरी, संजू कुमारी, सोनम गिरी, आलिया कुमारी, कृति कुमारी और निधि कुमारी शामिल हैं. मामले के संबध में कांड संख्या 208/25 दर्ज किया जा चुका है।

### दो प्रवासी मजदूरों की छत्तीसगढ़ में मौत, शव लाने के लिए डीसी से गुहार

**धनबाद।** तोपचांची प्रखंड के 12 प्रवासी मजदूर काम के लिए छत्तीसगढ़ के रायपुर जिले के दिल्ली राजरा गए थे. दलाल के माध्यम से सभी मजदूरों को डायनासोर कंपनी में 600 रुपये प्रतिदिन मजदूरी का वादा कर काम पर भेजा गया था. लेकिन कुछ दिनों बाद मजदूरी घटाकर 400 रुपये कर दी गई, जिसका विरोध मजदूरों ने किया.विरोध के दौरान कंपनी के अधिकारी, ठेकेदार व स्थानीय लोगों ने मजदूरों के साथ मारपीट की. इसके बाद सभी 12 मजदूर किसी तरह वहां से भाग निकले. भागने के क्रम में रेलवे ट्रैक पार करते समय चार मजदूर ट्रेन की चपेट में आ गए. दो मजदूरों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए. कुछ मजदूरों को ठेकेदार ने पकड़ कर बंधक बना लिया. शेष मजदूर किसी तरह अपने घर धनबाद लौट आए और पूरी घटना की जानकारी परिजनों को दी। घटना की सूचना मिलते ही बुधवार को मृत मजदूरों के परिजन व ग्रामीणों की भीड़ धनबाद समाहरणालय पहुंची. सभी ने डीसी से मुलाकात कर शवों को धनबाद लाने और बंधक बनाए गए मजदूरों को मुक्त कराने की गुहार लगाई. साथ ही दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई और पीड़ित परिवारों को उचित मुआवजा दिलाने की मांग की।

### घायल बाइक सवार की इलाज के क्रम में मौत

**रामगढ़ ।** कुजू ओपी अंगर्गत सांडी स्थित प्रेम लाइन होटल के पास से पूराना एनएच 33 सड़क पर मंगलवार को ट्रक की चपेट में आकर घायल हुए बाइक सवार की मौत इलाज के दौरान रांची रिम्स में हो गयी। इसके बाद कुजू पुलिस ने शव को अंत्यपरीक्षण कराकर परिजनों को सौप दिया। ज्ञात हो कि कोयला लोड ट्रक संख्या जेएच 02 बीएन- 6237 रामगढ़ से कुजू की ओर आ रहा था। इसी बीच पल्सर बाइक संख्या जेएच24जी-7361 को टक्कर मार दिया। जिससे बाइक पर रमेश करमाली (40 वर्ष) पिता लालजी करमाली चौरा कसमार बोकारों निवासी गंभीर रूप से घायल हो गया था। जिसे इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया गया था। जहां इलाज के क्रम में उसकी मौत हो गयी।

### नव पदस्थापित उपायुक्त ने प्रखंड सह अंचल सहित अस्पताल का किया निरीक्षण

# व्यवस्थाओं से संबंधित अधिकारियों से ली गई जानकारी, बेहतर करने के होंगे प्रयास : डीसी

- सप्ताह में तीन दिन क्षेत्र भ्रमण कर योजनाओ के स्थल निरीक्षण करने को दिए गए निर्देश : बीडीओ

नवीन मेल संवाददाता



**बरही।** नव पदस्थापित उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह ने बुधवार को बरही प्रखंड का पहला दौरा कर प्रखंड सह अंचल कार्यालय सहित अनुमंडलीय कार्यालय के व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया. इस दौरान उनके साथ डीडीसी इश्तियाक अहमद भी मौजूद थे। बीडीओ जयपाल महतो व सीओ ने डीसी श्री सिंह का बुके देकर स्वागत किया। इस दौरान एसडीओ बरही जोहन टुडू और सीओ अमित किस्कू भी मौजूद थे। बीडीओ ने बताया कि डीसी ने प्रखंड सह अंचल कार्यालय में उपलब्ध सुविधाओ का जायजा लेते हुए मनरेगा व प्रखंड में संचालित योजनाओ की जानकारी लिया. साथ हीं पंचायत स्तर पर नियुक्त कर्मियो से निर्धारित समयावधि के अंदर विधि सम्मत कार्य करवाने के निर्देश दिए।

उन्होंने दोनो अधिकारियों को सप्ताह में न्यूनतम तीन दिन क्षेत्र भ्रमण कर योजनाओ के अद्यतन प्रगति रिपोर्ट लेने के भी निर्देश दिए. प्रखंड निरीक्षण के बाद डीसी अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचे।

डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी से अस्पताल की वस्तुस्थिति की जानकारी लेते हुए अस्पताल के विभिन्न विभागों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मरीजों को हर संभव बेहतर सेवा उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए। संवाददाताओं से बात करते हुए किसी ने बताया कि यह उनकी औपचारिक भ्रमण था। इसका मुख्य उद्देश्य व्यवस्थाओं की जानकारी लेना और कर्मियों व अधिकारियों के कार्य प्रणाली को समझना था। उन्होंने बताया कि अस्पताल के ऑक्सीजन प्लांट व एम्बुलेंस समस्या को दूर करने के लिए शीघ्र ही बेहतर करने का निर्णय लिया जायेगा। वही अंचल में राजस्व कर्मचारियों की कमी को सरकार की ओर इशारा करते हुए हर संभव दूर करने की

### युवक की हुई सनातन धर्म में वापसी



नवीन मेल संवाददाता

**सिसई (गुमला)।** सिसई बस्ती निवासी गणेश साहू के 24 वर्षीय पुत्र राकेश कुमार साहू गत तीन माह पूर्व हिन्दू धर्म को छोड़कर गैर धर्म को अपना लिया था।

और अपना नाम भी बदल लिया था। परिजनों के समझाने पर भी वापसी न करने की जिद पे अड़ा हुआ था। इसके बाद हिन्दू समाज के पदाधिकारियों को इसकी जानकारी मिलने पर हिन्दू जागरण मंच के प्रदेश परावर्तन प्रमुख संजय वर्मा के पिलखी मोड़ स्थित आवास पर हिन्दू जागरण मंच, विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल के पंकज साहू, रोहित शर्मा, मुकेश श्रीवास्तव, उदय कुशवाहा,सुप्रदीप महतो, मनोज वर्मा, लक्ष्मी यादव, छोटेलाल ताम्रकर एवं सूंड़ी समाज के गुमला जिला अध्यक्ष दिलीप नाथ साहू, जिला सचिव प्रमोद साहू,सह सचिव सुधीर कुमार, वरुण कुमार ,सूंड़ी समाज के प्रखण्ड सचिव आशीष साहू समाजसेवी गोपीनाथ सिंह ने संयुक्त रूप से मंगलवार को एक बैठक कर युवक को काफी समझाया बुझाया। तब जाकर युवक राकेश कुमार साहू ने पूरे समाज के सामने गलती स्वीकार करते हुए कहा कि दूसरे धर्म के लोगों के बहकावे व प्रलोभन में आकर भटक गया था। मुझसे गलती हुई है जिसका मुझे ग्लानि महसूस हो रहा है। आगे उसने कहा कि अब दुबारा ऐसी गलती नहीं होगी। और अपने मूल धर्म में वापसी करने को तैयार हो गया। इसके बाद मंगलवार को पूरे विधि विधान से हिन्दू रीति रिवाज के साथ पूजा अर्चना कर राकेश का शुद्धिकरण संस्कार किया गया। और प्रसाद खिलाया गया साथ ही वहां मौजूद सभी लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया और राकेश को सनातन धर्म में घर वापसी कराया गया। मौके पर युवक के पिता गणेश साहू, विशाल साहू एवं समाजसेवियों के अलावे

# एलआरडीसी और अंचल कार्यालय पहुंची एसी, नहीं मिले बिचौलिए

नवीन मेल संवाददाता



**रामगढ़।** रामगढ़ एलआरडीसी और अंचल कार्यालय का औचक निरीक्षण अपर समाहर्ता कुमारी गीतांजलि ने बुधवार को किया। डीसी फ़ैज़ अक अहमद मुमताज के निर्देश पर उन्होंने दोनों कार्यालयों में उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों से बात की। डीसी को यह सूचना मिली थी कि इन दोनों कार्यालयों में बिचौलियों के जरिये कार्य किया जा रहा है। इससे आम लोगों को परेशानी हो रही है। बुधवार को अपर समाहर्ता कुमारी गीतांजलि ने बताया कि पहले अनुमंडल परिसर में स्थित एलआरडीसी दीप्ति प्रियंका कुजूर के कार्यालय में पहुंची । हालांकि जिस समय वह पहुंची उस वक्त एलआरडीसी अपने कार्यालय नहीं पहुंची थी। उनकी अनुपस्थिति में ही उपसमाहर्ता ने कार्यालय के कर्मचारियों से पूरी रिपोर्ट ली। इस दौरान ना तो वहां कोई बिचौलिया मिला और ना ही कोई ऐसी स्थिति बनती हुई दिखाई दी। जांच के दौरान यह भी स्पष्ट हुआ कि मामलों और फाइल के निष्पादन में भी ज्यादा विलंब नहीं हुआ है, जिससे बिचौलिए वाली बात पर विश्वास किया जा सके। इस दौरान अपर समाहर्ता कुमारी गीतांजलि अंचल अधिकारी रामगढ़ सुदीप एक्का के कार्यालय में भी पहुंची। वहां सीईओ की मौजूदगी में उन्होंने कार्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान समय पर मामलों का निष्पादन करने का भी निर्देश दिया। इस दौरान वहां भी ना तो कोई बिचौलिया मिला और ना ही आम नागरिकों के अलावा कोई मौजूद था। एलआरडीसी दीप्ति प्रियंका कुजूर ने बताया कि उनके कार्यालय में बिचौलियों से काम नहीं लिया जाता है। इतने दिनों के कार्यकाल में उन्होंने सिर्फ आम नागरिकों का ही काम किया है। वाद का निष्पादन कि शीघ्र ही कर दिया जाता है। कार्यालय में बिचोलिए से काम कराने का अफवाह कैसे फैला, इसके बारे में उन्हें कोई जानकारी नहीं है।

### तीन वारंटी को भेजा गया जेल

**रामगढ़।** रामगढ़ पुलिस ने बुधवार को थाना क्षेत्र में स्पेशल ड्राइव चलाया। इस दौरान पांच वर्षों से फरार तीन वारंटी को गिरफ्तार किया गया। रामगढ़ थाना क्षेत्र के बूढ़ाखुकरा गांव निवासी संजय मुंडा, बहादुर मुंडा और दिलीप मुंडा को पुलिस ने छापेमारी के दौरान गिरफ्तार किया है। बुधवार को उन तीनों को जेल भेज दिया गया। रामगढ़ थाना प्रभारी पीके सिंह ने बताया कि अपराधियों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है।

### उदय बने हजारीबाग जिला कांग्रेस सोशल मीडिया के चेयरमैन

## पार्टी के विश्वास पर खरा उतरने का हर संभव प्रयास करूंगा : उदय

नवीन मेल संवाददाता



**बरही।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने बरही निवासी व युवा कांग्रेसी उदय केसरी को हजारीबाग जिला सोशल मीडिया विभाग का चेयरमैन मनोनित किया है. उक्त जानकारी देते हुए श्री केसरी ने बताया कि यह मनोनयन कांग्रेस के प्रदेश सोशल मीडिया चैयरमैन गजेंद्र सिंह ने प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, प्रदेश प्रभारी के. राजू के निर्देश एवं सोशल मीडिया के नेशनल चैयरपर्सन सुप्रिया श्रीनेत के अनुमोदन पर किया गया है। श्री केसरी को हजारीबाग जिला सोशल मीडिया चैयरमैन बनाए जाने पर प्रदेश मीडिया विभाग के अध्यक्ष सतीश पॉल मुंजिनी, सोशल मीडिया के स्टेट कॉर्डिनेटर नलिन मिश्रा, ओबीसी कांग्रेस के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष सुरजीत नागवाला, महासचिव सुनील साहू आदि कई लोगो ने बधाई देते हुए शुभकामनाएं दी है। नवनियुक्त चेयरमैन ने मनोनयन कमिटी के पदाधिकारियों का अभार व्यक्त करते हुए पार्टी के विश्वास पर खरा उतरने का हर संभव प्रयास करने का आश्वासन दिया है. वह अपने दायित्वों को पूरी ईमानदारी एवं निष्ठा से निर्वहन करेंगे।

### निसार खान बने कांग्रेस मीडिया विभाग हजारीबाग के जिला अध्यक्ष

**हजारीबाग।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी मीडिया विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष पवन खेड़ा के अनुमोदन पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस प्रभारी के. राजू तथा झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश जी के निर्देश पर निसार खान को जिला कांग्रेस कमिटी हजारीबाग मीडिया विभाग का अध्यक्ष बनाए जाने पर कांग्रेसी नेताओं ने निसार खान का स्वागत किया । स्वागत करने तथा बधाई देने वालों में जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार यादव ,हिन्दू धार्मिक न्यास बोर्ड के अध्यक्ष जय शंकर पाठक, वरिष्ठ कांग्रेसी अशोक देव ,प्रदेश सचिव शशि मोहन सिंह, ओबीसी के प्रदेश प्रवक्ता डॉ. प्रकाश कुमार के अतिरिक्त कई कांग्रेसी शामिल हैं ।

**प्रयास रंग लाया** | कोडरमा- हजारीबाग -बरकाकाना रेल लाइन दोहरीकरण को केंद्रीय कैबिनेट से मिली मंजूरी

# व्यापार, पर्यटन और रोजगार के खुलेंगे नए द्वार:सांसद

- 30.4 मिलियन टन अतिरिक्त माल वाहन की क्षमता इस रूट पर होगी
- यह रूट पटना और रांची के बीच सबसे कम दूरी का रूट बन जाएगा

नवीन मेल संवाददाता



**15 लाख की आबादी को मिलेगा लाभ**

सांसद मनीष सहसवान ने बताया कि झारखंड राज्य के चार जिलों से गुजरने वाली इस महत्वपूर्ण रेल लाइन से हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के हजारीबाग और रामगढ़ जिले के अलावे कोडरमा और चतरा जिले के कुल 938 गांवों को बेहतर रेल कनेक्टिविटी मिलेगी जिससे इस क्षेत्र के करीब 15 लाख से अधिक की आबादी को इसका लाभ मिलेगा।

**हजारीबाग।** सांसद मनीष जायसवाल के निरंतर प्रयास का सकारात्मक नतीजा हुआ कि कोडरमा-हजारीबाग -बरकाकाना रेल लाइन दोहरीकरण को मंजूरी मिल गई। कोडरमा से बरकाकाना तक कुल 133 किलोमीटर लंबे रेल रूट पर अब दोहरी लाइन ( डबल लेन) बिछाई जाएगी। यह परियोजना का कुल लागत 3,063 करोड़ रुपए है। इस परियोजना में कुल 17 बड़े पुल, 180 छोटे पुल, 42 आरओबी (रेलवे ओवर ब्रिज), 13 आरयूबी (रेलवे अंडर ब्रिज) शामिल हैं । सांसद मनीष जायसवाल ने इस बेहद महत्वपूर्ण रेल परियोजना की मंजूरी केंद्र सरकार द्वारा मिलने पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के प्रति आभार जताया और संपूर्ण हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र की जनता की ओर से उन्हें धन्यवाद दिया। यह रूट पटना और रांची के बीच सबसे कम दूरी कम करेगा और सबसे कम दूरी का रूट बन जाएगा। 30.4 मिलियन टन अतिरिक्त माल वाहन की क्षमता इस रूट पर होगी। इस परियोजना से हर वर्ष करीब 32 करोड़ लीटर डीजल की बचत होगी और 163 किलोग्राम कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन में कमी होगी जो करीब 7 करोड़ पेड़ लगाने के बराबर का असर होगा। सांसद मनीष जायसवाल ने बताया कि यह परियोजना आर्थिक, पर्यावरणीय और सामाजिक दृष्टिकोण से गेम चेंजर सिद्ध होगी। उन्होंने यह भी कहा कि झारखंड और बिहार के बीच रेल कनेक्टिविटी के मजबूती के साथ व्यापार, पर्यटन और रोजगार के नए द्वार खुलेंगे ।

# देवस्नान पूर्णिमा पर महाप्रभु जगन्नाथ का शाही स्नान




**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** जिले भर के जगन्नाथ मंदिरों में मंगलवार को देव स्नान पूर्णिमा के अवसर पर परंपरागत विधियों के साथ महाप्रभु जगन्नाथ का शाही स्नान कराया गया। सिमडेगा सहित विभिन्न मंदिरों में जगन्नाथ प्रभु, उनके बड़े भाई बलभद्र एवं बहन सुभद्रा की पूजा-अर्चना के बाद स्नान कराया गया।बीरु स्थित जगन्नाथ मंदिर में पुजारियों ने वैदिक मंत्रोच्चार और विधि-विधान से रस्में निभाईं। गजवेष में दर्शन के लिए मंदिर परिसर में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। हालांकि किसी भी भक्त को प्रतिमा स्पर्श की अनुमति नहीं थी, सभी भक्त स्नान जल को सिर पर स्पर्श कर आशीर्वाद लेते नजर आए।यह स्नान यात्रा वर्ष में केवल एक बार होती है। इस दिन भगवान जगन्नाथ, गजवेष रूप में भक्तों को दर्शन देते हैं। स्नान के बाद भगवान को मंदिर में विराजित कर विशेष आरती की जाती है। देवस्नान के अगले दिन से महाप्रभु बीमार पड़ते हैं, जिसे "अनवसर काल" कहा जाता है। इस दौरान मंदिर के पट बंद रहते हैं।भक्तों को इस काल में 'महाप्रभु की जड़ी-बूटी' प्रसाद के रूप में दी जाती है। भगवान लगभग 15 दिन तक विश्राम करते हैं, फिर स्वस्थ होकर रथ यात्रा के लिए निकलते हैं। इसे 'स्थायीय गुँडिचा' कहते हैं। इस अवसर पर पूरे क्षेत्र में उत्सव का माहौल रहा। इधर तामड़ा स्थित जगन्नाथ मंदिर में विधि विधान के साथ पंडित जितेंद्र पुरी के द्वारा शाही स्नान कराया गया इस दौरान गांव की ग्रामीण उपस्थित रहे मौके पर उन्हें जानकारी देते हुए बताया कि भगवान के स्नान के पश्चात वह एकांतवास में चले गए हैं जहां पर 15 दिनों के बाद भव्य रथ में सवार होकर भक्तों को दर्शन देंगे मैं उन्होंने यह भी बताया कि इस दौरान भगवान एकांतवास में रहेंगे जहां पर वह भक्तों को दर्शन नहीं दे सकेंगे।

## भंवर पहाड़ गढ़ स्थित भगवान जगन्नाथ स्वामी मंदिर में देव स्नान कार्यक्रम

**नवीन मेल संवाददाता**



**कोलेबिरा।** कोलेबिरा प्रखंड के भंवर पहाड़ गढ़ स्थित भगवान जगन्नाथ स्वामी मंदिर में देव स्नान कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस अवसर पर पुरोहितों के द्वारा भगवान जगन्नाथ स्वामी बहन सुभद्रा एवं भाई बलभद्र के विग्रहों को धार्मिक विधि विधान एवं वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ स्नान कराई गई।इस अवसर पर भगवान के विग्रहों को श्रृंगार करके पूजा अर्चना एवं आरती की गई तो दो विक्रांत लोगों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया।इस मौके पर पंडित चिंतामणि पति, अमरनाथ सिंह, दिलेश्वर सिंह, गौरी प्रसाद सिंह, चिंतामणि कुमार रणधीर कुमार, भिमन्यु सिंह जनेश्वर बिल्हौर, राम सिंह आदि लोग उपस्थित थे।

### विधानसभा प्रत्यायुक्त समिति ने विभागीय कार्यों की समीक्षा की

# विकास कार्यों की समीक्षा, सूचना और शिक्षा अधिकार पर जोर

**नवीन मेल संवाददाता**



**सिमडेगा।** झारखंड विधानसभा की प्रत्यायुक्त समिति के सभापति सरयू राय और सदस्य देवेंद्र कुमार बुधवार को सिमडेगा पहुंचे। इस दौरान समिति ने जिले के विभिन्न विभागों द्वारा संचालित विकास कार्यों की समीक्षा की और कई महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए।बैठक में सबसे पहले सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत विभागों की जिम्मेदारियों की समीक्षा की गई। समिति ने स्पष्ट निर्देश दिया कि सभी विभाग अपने कार्यालय के बाहर सूचना पट्ट अनिवार्य रूप से लगाएं, जिससे आम नागरिकों को उनके अधिकारों की जानकारी आसानी से मिल सके। समिति ने यह भी पाया कि कई विभागों ने सूचना का अधिकार अधिनियम से संबंधित आवश्यक जानकारी पूर्ण रूप से नहीं दी है। इस पर नाराजगी जताते हुए संबंधित विभागों को निर्देश दिया गया कि वे सभी जानकारी व्यवस्थित और पारदर्शी रूप से सार्वजनिक करें।इसके साथ ही, समिति ने शिक्षा के अधिकार अधिनियम के प्रभावी कार्यान्वयन पर भी बल दिया। सभापति सरयू राय ने कहा कि हर बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देना राज्य सरकार की प्राथमिकता है, और इस कानून का अनुपालन सुनिश्चित करना सभी संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी है। नगर क्षेत्र में स्वच्छता की स्थिति की भी समीक्षा की गई। समिति ने सिमडेगा नगर परिषद को ठोस कचरा प्रबंधन व्यवस्था को सुदृढ़ करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि नगर क्षेत्र में साफ-सफाई की व्यवस्था को सुधारना अति आवश्यक है, जिससे लोगों को स्वच्छ वातावरण मिल सके।इस दौरान समिति के दोनों सदस्यों ने विभागीय अधिकारियों से विस्तार से बातचीत कर स्थानीय स्तर की समस्याओं को जाना और उनके समाधान की दिशा में तत्परता बरतने को कहा।बैठक में उपायुक्त कंचन सिंह,एसपी मो अर्शी,परियोजना निदेशक सरोज तिर्की ,सिविल सर्जन,डीएफओ सहित जिला प्रशासन के विभिन्न अधिकारी भी उपस्थित थे।

# जनकल्याण योजनाओं की समीक्षा, डीसी ने दिए सख्त निर्देश

### सिमडेगा में जनकल्याणकारी योजनाओं की बैठक

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा कंचन सिंह की अध्यक्षता में आईटीडीएद्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जनजातीय छात्रों, महिलाओं, बेरोजगार युवाओं एवं गरीब परिवारों के लिए सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की गहन समीक्षा की गई। उपायुक्त ने उपस्थित अधिकारियों को योजनाओं के सुचारु क्रियान्वयन हेतु समयबद्ध कार्रवाई करने एवं लाभुकों तक योजनाओं का त्वरित लाभ पहुँचाने के निर्देश दिए। बैठक में प्री-मैट्रिक एवं पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना की समीक्षा के दौरान परियोजना निदेशक आईटीडीए सरोज तिर्की ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में कुल 74,544 छात्र-छात्राओं ने ई-कल्याण पोर्टल के माध्यम से आवेदन किया। इसमें से 74,019 आवेदनों को स्वीकृति प्रदान कर शत-प्रतिशत भुगतान कर दिया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि सभी आवेदनों का आईएनओ, डीएनओ एवं डीडब्ल्यूओ स्तर पर भौतिक सत्यापन कर नियमानुसार प्रक्रिया पूरी की गई। पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति के तहत भी पात्र छात्रों को समय पर राशि का भुगतान किया गया है। मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने कहा कि जिले के बेरोजगार युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने हेतु इस योजना का अधिकतम लाभ दिलाया जाए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि अधिक से अधिक बेरोजगार युवक-युवतियों को योजना से जोड़कर उन्हें रोजगार उपलब्ध कराएं।वन अधिकार अधिनियम 2006 के अंतर्गत व्यक्तिगत एवं सामुदायिक वन पट्टा वितरण की भी समीक्षा की गई। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि पात्र लाभुकों को यथाशीघ्र वन पट्टे उपलब्ध कराए जाएं। इसके अतिरिक्त धूमकुडिया भवन निर्माण, सरना स्थल घेराबंदी, मशना स्थल विकास, अल्पसंख्यक कब्रिस्तान घेराबंदी एवं छात्रावासों की मरम्मत कार्य में भी तेजी लाने के निर्देश दिए गए।मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना की समीक्षा में उपायुक्त ने कहा कि इस योजना के माध्यम से पशुपालकों को प्रोत्साहित कर उन्हें आर्थिक रूप से मजबूत करने का प्रयास हो। उन्होंने अधिक से अधिक लाभुकों को इस योजना में शामिल करने का निर्देश दिया।बैठक के अंत में उपायुक्त कंचन सिंह ने सभी अधिकारियों को योजनाओं के क्रियान्वयन में पूर्ण पारदर्शिता, संवेदनशीलता एवं समयबद्धता बरतने का सख्त निर्देश दिया ताकि जिले के अधिक से अधिक लोग इन जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित हो सकें।



**साइकिल, छात्रवृत्ति व स्वास्थ्य योजना को मिलेगी रफ्तार**

उपायुक्त ने छात्रवृत्ति वितरण में पारदर्शिता एवं समयबद्धता सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया।साइकिल वितरण योजना की समीक्षा में उपायुक्त ने निर्देश दिया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में लंबित 172 साइकिलों का वितरण शीघ्र किया जाए। वर्ष 2024-25 में अब तक 3,907 छात्र-छात्राओं को साइकिल उपलब्ध कराई जा चुकी है। उपायुक्त ने कहा कि साइकिल वितरण योजना राज्य सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है, जिससे स्कूल आने-जाने में विद्यार्थियों को बड़ी सुविधा मिलती है। उन्होंने लक्ष्य के अनुरूप शेष साइकिलों का भी समय पर वितरण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना की समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने कहा कि इस योजना का उद्देश्य जिले के आर्थिक रूप से कमजोर व्यक्तियों को स्वास्थ्य सहायता प्रदान करना है। उन्होंने निर्देश दिया कि इस योजना का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार किया जाए ताकि ज्यादा से ज्यादा जरूरतमंद लोग इसका लाभ ले सकें। जिला जनसंपर्क पदाधिकारी को इसके प्रचार के लिए प्रभावी जनसंचार सामग्री तैयार करने का निर्देश दिया गया।

# गृह रक्षक जवानों को नहीं मिल रहा बढ़ा हुआ वेतन

### सिमडेगा उपायुक्त से लगाई गुहार

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** सिमडेगा जिला के विभिन्न अंचल कार्यालयों में प्रतिनियुक्त गृह रक्षक जवानों ने बढ़े हुए वेतन के भुगतान की मांग को लेकर उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा है। जवानों का कहना है कि राज्य सरकार द्वारा सभी जिलों में गृह रक्षकों को वेतन में बढ़ोत्तरी दी गई है, किंतु सिमडेगा जिला में अभी तक उन्हें पुराना वेतनमान ही दिया जा रहा है।ज्ञापन में कहा गया है कि भले ही राज्य के अन्य जिलों में बढ़ा हुआ वेतन लागू हो चुका है, लेकिन सिमडेगा के जवानों को इस लाभ से अब तक वंचित रखा गया है। इससे जवानों में गहरा असंतोष है और उन्हें आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।जवानों ने उपायुक्त से निवेदन किया है कि वे मामले का शीघ्र संज्ञान लें और संबंधित विभाग को निर्देशित करें, जिससे उन्हें जल्द से जल्द बढ़ा हुआ वेतन प्राप्त हो सके।हम सभी गृह रक्षक जवान गरीब तबके से आते हैं। हमें सरकार की ओर से जो वेतनवृद्धि मिली है। इधर उपायुक्त ने इस मामले में सकारात्मक प्रयास करने का आश्वासन दिया है।

## बानो में स्टेडियम व विद्यालय निर्माण का डीसी ने किया निरीक्षण



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** बानो प्रखंड भ्रमण के क्रम में तोरपा विधायक की शिकायत के आलोक में उपायुक्त सिमडेगा कंचन सिंह ने बानो प्रखंड स्थित स्टेडियम निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्य की गुणवत्ता की बारीकी से अवलोकन की और प्रखंड विकास पदाधिकारी को निर्देश दिया कि वे नियमित रूप से निर्माण कार्य का निरीक्षण कर इसकी गुणवत्ता सुनिश्चित करें। उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और समयबद्ध एवं गुणवत्ता युक्त कार्य आवश्यक है।निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय बानो का भी दौरा किया। यहां उन्होंने छात्राओं से संवाद कर उन्हें मिलने वाली मूलभूत सुविधाओं, भोजन, आवास एवं शिक्षा व्यवस्था की जानकारी ली। उन्होंने छात्राओं से उनकी समस्याएं भी सुनीं और उन्हें बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने का भरोसा दिलाया। उपायुक्त ने विद्यालय में चल रहे एडिशनल भवन निर्माण कार्य को भी समय पर और गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा करने के निर्देश दिए।इसके अलावे उपायुक्त ने कोलेबिरा में जिला परिषद द्वारा बनाए जा रहे बस स्टैंड के निर्माण कार्यों एवं डाक बंगला की संचालन का निरीक्षण कर जायजा लिया। तथा आवश्यक दिशा निर्देश कोलेबिरा प्रखंड विकास पदाधिकारी को दिया गया। उन्होंने प्रखंड विकास पदाधिकारी को समय-समय पर विद्यालय के निर्माण कार्य की समीक्षा करने और किसी भी प्रकार की कमी को तुरंत सुधारने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी बानो मो. मोईनुद्दीन अंसारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी सदर सिमडेगा समीर रेनियर खालखो, विद्यालय के वार्डन, शिक्षकगण तथा अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### स्वास्थ्य सेवाओं के लिए गांव में एक दिवसीय स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

# बानो के सुदूरवर्ती गांव के स्वास्थ्य शिविर उपायुक्त ने सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी, सिमडेगा इकाई द्वारा बानो प्रखंड के बाड़काडुईल पंचायत अंतर्गत सुदूरवर्ती गांव उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय, तारोप, लामगढ़ में बुधवार को एक दिवसीय स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना था, जहां सामान्यतः स्वास्थ्य सुविधाओं का घोर अभाव है। शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया और स्वास्थ्य परीक्षण कराकर निःशुल्क दवाओं का लाभ उठाया।इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी, सिमडेगा इकाई की अध्यक्ष-सह-उपायुक्त श कंचन सिंह एवं एलआरडीसी अरुणा कुमारी उपस्थित रहीं। साथ ही जिला परिषद सदस्य बिरजो कांडुलना, प्रमुख सुधीर डांग, सिविल सर्जन डॉ. रामदेव पासवान, प्रखंड विकास पदाधिकारी मो. नईनमुद्दीन अंसारी, अंचलाधिकारी एवं अन्य प्रशासनिक अधिकारी भी कार्यक्रम में मौजूद थे। सभी अधिकारियों ने शिविर में ग्रामीणों से सीधे संवाद कर उनकी स्वास्थ्य और मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं की जानकारी ली। ग्रामीणों ने मुख्य अतिथि सहित सभी अधिकारियों का पारंपरिक गीत-संगीत एवं नृत्य के माध्यम से हार्दिक स्वागत किया।विद्यालय के सहायक प्रधानाध्यापक ने उपायुक्त के समक्ष गांव की प्रमुख समस्याओं को विस्तार से रखा। उन्होंने बताया कि बानो प्रखंड के कई गांव आज भी सड़क, मोबाइल नेटवर्क और बिजली जैसी मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। उन्होंने विशेष रूप से बताया कि सड़क नहीं होने के कारण गंभीर बीमारियों, दुर्घटनाओं या गर्भवती महिलाओं को समय पर अस्पताल नहीं पहुंचाया जा सकता। कई बार रास्ते में ही प्रसव हो जाता है या मरीज की मृत्यु हो जाती है। ग्रामीणों ने त्वरित रूप से सड़क, मोबाइल नेटवर्क और विद्युत सुविधा उपलब्ध कराने की मांग रखी।विद्यालय की समस्याओं की चर्चा करते हुए सहायक प्रधानाध्यापक ने बताया कि विद्यालय में पेयजल की व्यवस्था नहीं है, जिससे बच्चों के मिड डे मील बनाने में काफी कठिनाई होती है। बच्चों के लिए लगभग एक किलोमीटर दूर डाडी से पानी लाना पड़ता है। उन्होंने विद्यालय परिसर में चापाकल खुदवाने की मांग की। साथ ही गांव के एकमात्र तालाब के जीर्णोद्धार की आवश्यकता जताई, क्योंकि तालाब का पानी अब प्रदूषित हो चुका है, जिससे ग्रामीणों में फोड़े-फुंसी एवं त्वचा संबंधी बीमारियां फैल रही हैं। ग्रामीणों ने तालाब की मरम्मत के साथ-साथ सड़क, बिजली, राशन, पेंशन, दिव्यांग प्रमाण पत्र जैसे अन्य मुद्दों से जुड़े आवेदन भी उपायुक्त को सौंपे। उपायुक्त कंचन सिंह ने ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और सभी समस्याओं के शीघ्र समाधान का भरोसा दिया। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन का उद्देश्य केवल स्वास्थ्य सेवाएं देना नहीं है, बल्कि आपकी समग्र समस्याओं को जानकर



उनका समाधान सुनिश्चित करना है। उन्होंने बताया कि प्रशासन का यह प्रयास है कि ग्रामीणों को अपनी समस्याएं लेकर सिमडेगा न आना पड़े, बल्कि अधिकारी स्वयं गांवों में जाकर उनकी समस्याओं को जानें और समाधान करें। उन्होंने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार अधिकारी गांव-गांव जाकर ग्रामीणों की समस्याएं सुन रहे हैं। उपायुक्त ने कहा कि आज यहां आकर मुझे प्रत्यक्ष रूप से पता चला कि आप सभी किन कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं। उन्होंने ग्रामीणों से वादा किया कि जिला प्रशासन यथासंभव सभी समस्याओं का समाधान करेगा।उपायुक्त ने विशेष रूप से सड़क एवं तालाब की समस्या को प्राथमिकता से दूर करने का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि गांव तक पहुंचने का मार्ग स्वयं उनके दौरे के दौरान भी अत्यंत कठिन था। उन्होंने बच्चों को विद्यालय आते-जाते भी देखा और स्वीकार किया कि बच्चों को विद्यालय आने में काफी कठिनाई होती होगी।शिविर में स्वास्थ्य परीक्षण के उपरांत बड़ी संख्या में ग्रामीणों के बीच निःशुल्क दवाओं का वितरण भी किया गया। अधिकारियों ने भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी की इस सराहनीय पहल की प्रशंसा की और भविष्य में भी ऐसे शिविर आयोजित करने की आवश्यकता पर बल दिया। यह शिविर न केवल ग्रामीणों के लिए लाभकारी सिद्ध हुआ, बल्कि ग्रामीणों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने में भी सहायक रहा।इस आयोजन में भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव मोहन, सदस्य मोतीलाल अग्रवाल, नरेश अग्रवाल, प्रेम प्रकाश गिरी, महेश कुमार सिंह, अशोक तिवारी, महेश सिंह, अशोक प्रसाद एवं स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी बानो सहित बड़कादुईल पंचायत मुखिया अनिल लुगुन,अनिरूद्ध सिंह,मीतेश सिंह, प्रेम गिरी, पंचायत सचिव,अरविंद दुबे,चारू मांझी,नितिश कुमार,अमित कुमार सिंह, ग्रामीण श्यामसुंदर सिंह, बिरसा सिंह,सुलेंद्र अमरजीत सिंह, नंदकिशोर सिंह,बंधना सिंह, सहदेव सिंह, मंगरनाथ सिंह,रमेश सिंह, श्यामसुंदर सिंह महतो, कमलेश्वर महतो, रामचंद्र सिंह, ननकु सिंह, प्रेमिका देवी,लीलावती देवी, सहनो, रीना, उर्मिला, शांति देवी, मुनीकी,परिबा,श्यामसुंदर सिंह, सहनू सिंह, जेठु सिंह, करमपाल सिंह, मलावती देवी, लीलावती देवी अन्य का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## पुरोहितों के साथ मारपीट मामले में शीघ्र गिरफ्तारी की मांग



**नवीन मेल संवाददाता**

**बोलबा।** थाना क्षेत्र के समसेरा गांव के चर्च में रविवार की रात अज्ञात अपराधियों ने पल्ली पुरोहितों के साथ मारपीट कर लूटपाट की घटना को अंजाम दिया था। घटना के दौरान अपराधियों ने चर्च परिसर में घुसकर पुरोहितों को शारीरिक रूप से नुकसान पहुंचाया और उनके पास से नकदी व अन्य सामान लूट लिया।इस घटना को लेकर क्षेत्र में आक्रोश का माहौल है। बुधवार को आज़ाद समाज पार्टी के प्रतिनिधिमंडल ने समसेरा पहुंचकर पीड़ित धर्मगुरुओं से घटना की जानकारी ली। इसके बाद प्रतिनिधियों ने सिमडेगा पुलिस अधीक्षक से मिलकर घटना की गंभीरता से जांच करने और दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की।एसपी ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि पुलिस मामले की जांच में जुटी है और जल्द ही दोषियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

**ग्राम उत्कर्ष** धरती आबा जनजातीय योजना में 15 से 30 जून तक लगेंगे शिविर

# आदिम जनजाति परिवारों के लिए शिविर शुरू

- आदिम जनजाति परिवारों को विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ देना
- सिमडेगा, कुरडेग, केरसई, कोलेबिरा, बोलबा, पाकरटांड़ और ठेठईटांगर प्रखंड

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष योजना के अंतर्गत सिमडेगा जिले में 15 जून से 30 जून तक विशेष शिविरों का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर उन प्रखंडों में लगाए जाएंगे, जहाँ आदिम जनजाति परिवार निवास करते हैं।इस संबंध में जानकारी देते हुए बुधवार को आईटीडीए परियोजना निदेशक सरोज तिर्की ने बताया कि इन शिविरों के माध्यम से सिमडेगा, कुरडेग, केरसई, कोलेबिरा, बोलबा, पाकरटांड़ और ठेठईटांगर प्रखंडों के आदिम जनजाति परिवारों को विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को इस संबंध में निर्देशित किया गया है। शिविर प्रखंडवार अलग-अलग तिथियों में आयोजित होंगे।शिविर का कार्यक्रम 16 से 19 जूनः कुरडेग प्रखंड के गढ़ियाजोर, खिंडा, बड़की बिउरा और कुटमाकछार 20 जून सिमडेगा 21 जून कुल्लुकेरा,23 जूनः रैसिया,24 जूनः कैरबेड़ा,25 जून करीलकुचा,26 जूनः ठेठईटांगर, नवाटोली, क्रूसकेला ,28 जून पीड़ियापोछ एवं बंगरु में शिविर होगी।परियोजना निदेशक ने जिले के सभी पात्र परिवारों से अपील की है कि वे निर्धारित तिथि को शिविर में पहुंचकर योजनाओं का लाभ लें।



**विशेष शिविरों में सरकारी योजनाओं का लाभ मिलेगा**

परियोजना निदेशक सरोज तिर्की ने बताया कि इन शिविरों में आधार कार्ड से जोड़ने की प्रक्रिया, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत योजना के तहत स्वास्थ्य जांच और दवा वितरण, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री जनधन योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना, सुरक्षित मातृत्व अभियान, प्रधानमंत्री नेशनल डायलिसिस कार्यक्रम, सिकल सेल मिशन, राष्ट्रीय क्षय (टीबी) उन्मूलन कार्यक्रम आदि के तहत लाभ दिया जाएगा।

## कोलेबिरा सिजांग सड़क दुर्घटना में दो युवक घायल

**कोलेबिरा।** प्रखंड के सिजांग गांव के समीप एक बाइक दुर्घटना में दो युवक घायल हो गए। घटना मंगलवार को उस वक्त हुई जब बबलू गोप और अनीश डुंडुंग बरसलोया से लचरागढ़ की ओर जा रहे थे। सिजांग के पास बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई, जिससे दोनों युवक सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए।दुर्घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय ग्रामीण मौके पर पहुंचे और दोनों घायलों को बानो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। डॉ. मनोरंजन कुमार ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को बेहतर इलाज हेतु सिमडेगा सदर अस्पताल रेफर कर दिया।ग्रामीणों के अनुसार, सड़क की स्थिति खराब होने और वाहन के तेज गति में रहने के कारण हादसा हुआ।

## एसएस स्कूल बानो के मादक पदार्थों के विरुद्ध निकाली गई जागरुकता रैली




**नवीन मेल संवाददाता**

**बानो।** एस एस हाई स्कूल बानो द्वारा मादक पदार्थों के दुरपयोग को लेकर बुधवार को जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों द्वारा प्रभात फेरी निकाली गई।प्रभात फेरी विद्यालय से निकलकर मुख्य मार्ग होते हुए बिरसा मुंडा चौक तक जा कर वापस विद्यालय परिसर में पहुँच कर सभा में बदल गई। प्रधानाध्यापक आनन्द कुमार ने कहा बच्चों मादक पदार्थों से दूर रहें।अपने घर तथा गाँव को स्वच्छ बनाना हो तो नशापान से दूर रहें। नशापान से कई तरह के बीमारी होते हैं।गाँव घर का माहौल खराब होती है।आज युवा पीढ़ी के लोगों का इस ओर झुकाव बढ़ रही है।उसे रोकने में आप लोगों के सहयोग से रोका जा सकता है। मौके पर विद्यालय के शिक्षक संजय कुमार सहित विद्यालय के शिक्षक उपस्थित थे।

## भाजपा बानो इकाई की बैठक डाक बंगला में 14 को

**बानो।** बानो प्रखंड के डाकबंगला मे भारतीय जनता पार्टी प्रखंड ईकाई बानो की बैठक 14 जुन को 11 बजे से रखी गयी है।बैठक मे केंद्र में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार के 11 गौरवपूर्ण वर्ष पूर्ण होने पर सरकार की उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाने के लिए 9 जून से 21 जून तक देशव्यापी अभियान चलाया जाना है। अभियान को संचालित करने हेतु बानो डाक बंगला मे समन्वय बैठक का आयोजन दिनांक 14 जुन दिन शनिवार समय पूर्वाहन 11:00 बजे में रखा गया है। बैठक में बूथ स्तर से लेकर मंडल स्तर तक के सभी कार्यकर्ता से उपस्थित होने का आग्रह किया गया है. उक्त जानकारी संयोजक विश्वनाथ बडाईक,सहसंयोजक-भुवनेश्वर सिंह, रामकिशोर सिंह ने दी।

# पानी के बिना विकसित कृषि का संकल्प पूरा नहीं हो सकता : जोबा माझी

- राजनगर के गम्हरिया में विकसित कृषि अभियान के तहत कार्यशाला का हुआ आयोजन, किसानों को नई तकनीक की दी गई जानकारी

नवीन मेल संवाददाता




**राजनगर।** राजनगर प्रखंड के गम्हरिया पंचायत में कृषि विज्ञान केंद्र सरायकेला-खरसावां के तत्वावधान में विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत कार्यशाला का आयोजन हुआ। कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में सिंहभूम की सांसद जोबा माझी उपस्थित रही। इसके अलावा विशिष्ट अतिथि के रूप में पर्यावरण विद सह पद्मश्री चामी मुर्मू, जिला परिषद सदस्य सुलेखा हासदा, प्रभारी मुखिया दुम्बी बारी उपस्थित रहे। कार्यशाला का उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर सांसद समेत अन्य अतिथियों ने किया।

इस मौके पर कृषि वैज्ञानिकों ने उपस्थित किसानों को खेती के नई तकनीक एवं सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं के संबंध में जानकारी दी। साथ ही बताया कि किस तरह फसलों को कीड़ो से बचा सकते हैं।

किसानों को खरीफ फसलों की नई तकनीक और किस्मों की जानकारी दी जाएगी। साथ ही उन्हें सरकारी योजनाओं से अवगत कराया जाएगा। वैज्ञानिक समय पर बुवाई, प्रमाणित बीज का उपयोग, बीजोपचार और मिट्टी की जांच के बारे में बताये।

फव्वारा और ड्रिप सिंचाई के साथ प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने पर भी जोर दिया। कार्यशाला में किसानों की समस्याओं पर चर्चा की गई और समाधान सुझाए गये। साथ ही किसानों को कृषि साहित्य, तकनीकी पुस्तिकाएं और योजनाओं की जानकारी दी गयी। सांसद जोबा माझी ने कहा कृषि कार्य के लिए पानी की उपलब्धता जरूरत है। कहा कि बेहतर खेती के साथ बरसाती पानी का बचाव और ठहराव पर भी ध्यान केंद्रित होना चाहिए, क्योंकि सही समय पर बारिश नहीं होने से किसानों के समक्ष परेशानी खड़ी हो जाती हैं। सांसद ने कहा किसानों को बीज और उपकरण मुहैया कराने की जरूरत है। स्वागत भाषण वरीय वैज्ञानिक डॉ सुनीता कांडेयांग ने दिया। इस मौके पर डॉ अमित कुमार, डॉ विक्टर तिंगयूजम, ब्रह्मदेव कुमार यादव, कालीपद सोरेन, भूगतु मुर्मू, रामजीत कुमार हासदा, बीटीएम, एटीएम समेत क्षेत्र के किसान उपस्थित रहे।

## स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और पहुंच जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता : उपायुक्त

नवीन मेल संवाददाता




**पूर्वी सिंहभूम।** पूर्वी सिंहभूम (जशेदपुर) जिला स्थित समाहरणालय सभागार में बुधवार को उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग की समीक्षात्मक बैठक हुई।

बैठक में जिले में उपलब्ध चिकित्सीय संसाधनों, सुविधाओं और स्वास्थ्य योजनाओं की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और पहुंच जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और हर व्यक्ति तक इन सेवाओं का लाभ पहुंचे, यह सुनिश्चित किया जाएगा।

बैठक में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, रोग नियंत्रण, परिवार नियोजन, संस्थागत प्रसव, पूर्ण टीकाकरण, कुपोषण उपचार, मेंटल हेल्थ प्रोग्राम, नॉन कम्यूनिकेबल डिजिज, ई-हॉस्पिटल, डेंगू रोकथाम, एमडीए, नेशनल वेक्टर बोर्न डिजिज प्रोग्राम, लेप्रोसी, टीबी उपचार सहित अन्य की विस्तार से समीक्षा की गई।

उपायुक्त ने निर्देश दिया कि प्रत्येक पंचायत में दो-दो ममता वाहन टैग किए जाएं ताकि आपात स्थिति में त्वरित सेवाएं उपलब्ध कराई जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि नवजात शिशु के जन्म के समय डिस्चार्ज शीट में मातृत्व योजनाओं (मातृ वंदना योजना, जेएसएसवाई, जेएसएसके) और जन्म प्रमाण पत्र का उल्लेख अनिवार्य रूप से हो। अस्पतालों में मातृ वंदना योजना का फॉर्म भी उप लब्ध रहे ताकि जरूरत पड़ने पर माताओं को दिया जा सके। डेंगू रोकथाम के लिए शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में फॉगिंग, सफाई और व्यापक जागरूकता अभियान चलाने पर विशेष बल दिया गया।

## डीसी और एसपी ने गिरिडीह सेन्ट्रल जेल में की छापेमारी

नवीन मेल संवाददाता



**गिरिडीह।** गिरिडीह जिला प्रशासन के आला अधिकारियों की विशेष टीम ने मंगलवार देर रात में जिलाधिकारी रामनिवास यादव तथा गिरिडीह के पुलिस कप्तान डॉक्टर विमल कुमार की अगुवाई में सेंट्रल जेल में छापेमारी की । बताया गया कि लगभग दो घंटे तक पुरुषों के सभी पांच ब्लॉक के 20 वार्ड और महिला के वार्डो को खंगाला गया । इस दौरान टीम में शामिल अधिकारी और कर्मी एक-एक कर पुरुष बंदी के सभी वार्डों में दाखिल हुए और पूरी तलाशी ली । दूसरी तरफ महिला अधिकारी और महिला जवान, महिला बंदी के वार्ड मे भी तलाशी ली गयी । पूरी तलाशी के दौरान खैनी के अलावा कुछ नही मिला। इस दौरान जिलाधिकारी रामनिवास यादव तथा एसपी विमल कुमार के साथ एसडीएम श्रीकांत विसपुते ने जेल की सुरक्षा व्यवस्था का भी जायजा लिया । सीसीटीवी की व्यवस्था से लेकर संतरी की तैनाती की भी जानकारी ली।

छापेमारी में डीसी - एसपी के अलावा सदर अनुमंडल पदाधिकारी श्रीकांत, डीएसपी वन नीरज कुमार सिंह, डीएसपी टू कौशर अली, एसडीपीओ सदर जीत वाहन उरांव, साइबर डीएसपी आबिद खान, दोनों प्रशिक्षु डीएसपी के अलावा मुफ्फसिल थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर श्याम किशोर महतो, नगर थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर शैलेश प्रसाद, बेंगाबाद इंस्पेक्टर ममता कुमारी, पचम्बा थाना प्रभारी राजीव कुमार के अलावा ताराटांड़, गांडेय और अहिल्यापुर थाना के पदाधिकारी मौजूद थे।

## ठेठईटांगर में जेंडर हिंसा पर मीडिया ओरिएंटेशन आयोजित



नवीन मेल संवाददाता

**ठेठईटांगर।** महिलाओं के विरुद्ध जेंडर आधारित हिंसा की रोकथाम और पीड़ित महिलाओं को समुचित सहायता उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विमेन गेनिंग ग्राउंड कार्यक्रम के तहत ठेठईटांगर में बुधवार को एक मीडिया ओरिएंटेशन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन क्रिया नई दिल्ली, इब्तिदा झारखंड, छोटानागपुर कल्याण निकेतन सिमडेगा एवं संस्था युवा (पूर्वी सिंहभूम) के सहयोग से किया गया।कार्यक्रम का मुख्य केंद्रबिंदु वन स्टॉप क्राइसिस सेंटर कार्यप्रणाली और उससे जुड़ी सेवाओं की जानकारी देना था। इस मौके पर जिले के प्रमुख पत्रकार, मीडियाकर्मी एवं पंचायत प्रतिनिधि शामिल हुए।प्रतिभागियों को बताया गया कि इसके तहत पीड़ित महिलाओं को चिकित्सा, पुलिस सहयोग, परामर्श, कानूनी सहायता और अस्थायी आश्रय जैसी सुविधाएं एक ही छत के नीचे मिलती हैं। वक्ताओं ने इस बात पर जोर दिया कि मीडिया जेंडर आधारित हिंसा के प्रति समाज में जागरूकता फैलाने और सरकारी सेवाओं की जानकारी अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है।कार्यक्रम के अंत में आयोजित खुले संवाद सत्र में पत्रकारों ने जमीनी स्तर की चुनौतियों और अपने अनुभव साझा किए। यह ओरिएंटेशन जेंडर हिंसा के खिलाफ सामाजिक सहयोग को सशक्त करने की दिशा में एक सकारात्मक प्रयास रहा।इस आयोजन को सफल बनाने में छोटानागपुर कल्याण निकेतन सिमडेगा और युवा संस्था की अहम भूमिका रही।

## श्रद्धा व उल्लास के साथ हुआ भगवान जगन्नाथ का महास्नान



**धनबाद।** धनबाद के रेलवे इंस्टीट्यूट माझेरपाड़ा स्थित जगन्नाथ मंदिर में बुधवार को भगवान जगन्नाथ की स्नान यात्रा का भव्य आयोजन किया गया. यह आयोजन देव स्नान पूर्णिमा के अवसर पर संपन्न हुआ. यह दिन भगवान जगन्नाथ के प्राकट्य का प्रतीक माना जाता है. मंदिर कमेटी के सदस्यों ने बताया कि स्नान यात्रा का धार्मिक महत्व अत्यंत विशेष होता है. भगवान जगन्नाथ, बलभद्र एवं देवी सुभद्रा को 108 कलशों के पवित्र जल से स्नान कराया गया। इसके बाद भगवाह 14 दिनों एकांतवास में चले गए। जहां वे अस्वस्थता की लीला करते हैं और आम भक्तों को दर्शन नहीं देते हैं.इस धार्मिक अनुष्ठान के दौरान कीर्तन, भजन और पूजन का। आयोजन किया गया जिसमें स्थानीय श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। भक्तों ने भगवान की भक्ति में लीन होकर उन्हें पुष्प अर्पण किए और मंगलकामनाएं कीं। समिति ने बताया कि रथयात्रा महोत्सव की तैयारियां भी प्रारंभ हो चुकी हैं जो स्नान यात्रा के 15वें दिन बड़े धूमधाम से आयोजित की जाएगी। अनुष्ठान में मुख्य रूप से केएस बनर्जी, टुबाई बनर्जी, टनि बनर्जी, अशोक विश्वास, वापी विश्वास, अमिताभ दास, अनिल पर्वत, अभीक घोष सहित कई श्रद्धालु और समाजसेवी शरीक हुए।

## वर्षों पुरानी चड़क पूजा में भक्तों ने निभाई अनूठी परंपरा

नवीन मेल संवाददाता



**सरायकेला।** जिले के आदित्यपुर स्थित दिंदली बस्ती में 200 वर्षों से चली आ रही चड़क पूजा महोत्सव का आयोजन पूरे श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। पूजा के दौरान रात को छऊ नृत्य का आयोजन हुआ, जिसमें ग्रामीणों ने भाग लेकर पर्व को और भी भव्य बना दिया। दिंदली बस्ती की यह चड़क पूजा न सिर्फ एक धार्मिक आस्था है, बल्कि गांव की संस्कृति और एकजुटता की मिसाल भी है।

अनुष्ठान के दौरान भक्तों ने भगवान भोलेनाथ की आराधना करते हुए अपने शरीर को छेदकर अनूठी आस्था का प्रदर्शन किया। इस दौरान लालटू महतो ने कहा कि यह पूजा गांव में सुख-शांति और बारिश के लिए होती है और इसमें दर्द तक महसूस नहीं होता। चड़क पूजा महोत्सव के दौरान भक्तों ने नदी से जल भरकर भगवान शिव के मंदिर में जाकर विधिवत पूजा अर्चना की और भोलेनाथ की आराधना में लीन हो गए। इसके बाद चड़क पूजा के पारंपरिक अनुष्ठान में दर्जनों भोक्ताओं ने अपनी जीभ और बांह में सुई डालकर या लोहे की छड़ें छेदकर भगवान भोलेनाथ को प्रसन्न करने के लिए अनूठा भक्ति का प्रदर्शन किया। इस अद्भुत पूजा परंपरा का निर्वहन गांव में वर्ष 1818 से किया जा रहा है और इस साल इसके 200 वर्ष पूरे हो गए। पूजा कमेटी के अध्यक्ष लालटू महतो ने बताया कि करीब एक दर्जन लोग अपने शरीर के विभिन्न हिस्सों में छेद करवाते हैं और रजनी फोड़ा की रस्म पूरी करते हैं। इस दौरान उन्हें तनिक भी दर्द महसूस नहीं होता। उन्होंने आगे कहा कि यह पूजा इसलिए होती है ताकि गांव में सुख-शांति बनी रहे और बारिश हो। हमारे पूर्वज इस परंपरा को बड़े श्रद्धा और उल्लास के साथ निभाते आ रहे हैं। लालटू महतो ने यह भी बताया कि इस पूजा का इतिहास गांव में महामारी के प्रकोप से जुड़ा हुआ है।

## भंडारे के साथ संपन्न हुआ 24 घंटे का अखंड कीर्तन

**रामगढ़।** रामगढ़ शहर के नेहरू रोड स्थित श्री श्री शिव शंकर समिति के तत्वाधान में श्री संकट मोचन मंदिर का जीर्णोद्धार के बाद 24 घंटे का अखंड कीर्तन बुधवार को भव्य भंडारे के साथ संपन्न हो गया। समापन से पूर्व पुजारी धर्मेंद्र पाठक ने यजमान के हाथों समस्त पूजन कार्य संपन्न कराया। इस अवसर पर मुख्य रूप से मंदिर निर्माण समिति के संरक्षक राम बाबू, विशाल सिंह, अध्यक्ष वरुण कुमार सिंह, पिंकू चौधरी, विनोद अग्रवाल, मुरारी लाल पोद्दार, पवन मिश्रा, कोषाध्यक्ष अमित पाठक, आशीष गुप्ता सहित अन्य लोगों का सहयोग रहा।

## न्यूज बॉक्स

### मैदान खोलने पर कांग्रेस ने मुख्यमंत्री और उपायुक्त का जताया आभार

**पश्चिम सिंहभूम।** पश्चिम सिंहभूम (चाईबासा) जिला में खिलाड़ियों के हित में सिंहभूम स्पोर्ट्स एसोसिएशन मैदान को पुनः खोलने के फैसले पर कांग्रेस ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उपायुक्त चंदन कुमार का आभार जताया है। बुधवार को कांग्रेस जिला प्रवक्ता त्रिशानु राय ने बयान जारी कर कहा कि राज्य सरकार खेल प्रतिभाओं को बढ़ावा देने के लिए कृतसंकल्पित है। मंगलवार शाम को जिला प्रशासन ने मैदान को बंद कर दिया था। इससे खिलाड़ी बुधवार की सुबह अभ्यास करने पहुंचे तो बंद मैदान को देखकर हताश होकर लौट गए थे। लेकिन राज्य सरकार को मामले की जानकारी होते ही त्वरित संज्ञान लेकर जिला प्रशासन ने मैदान को पुनः खोलने का निर्देश दिया। इसके बाद खिलाड़ियों ने राज्य सरकार और जिला प्रशासन का आभार व्यक्त किया और कहा कि अब वे अपनी खेल प्रतिभा को निखारकर राज्य और जिला का नाम रौशन करेंगे। कांग्रेस प्रवक्ता त्रिशानु राय ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में इंडिया गठबंधन सरकार युवाओं को हर क्षेत्र में आगे बढ़ाने का अवसर प्रदान कर रही है।

### नशे के खिलाफ रैली में सिविल सर्जन ने युवाओं को दिलाई शपथ

**पश्चिम सिंहभूम।** पश्चिम सिंहभूम (चईबासा) जिले में चलाए जा रहे निषिद्ध मादक पदार्थों के विरुद्ध राज्य सरकार के विशेष जागरूकता अभियान का शुभारंभ बुधवार को सदर अस्पताल, चाईबासा परिसर से किया गया। अभियान का नेतृत्व सिविल सर्जन डॉ सुशांतो कुमार मांझी और उपाधीक्षक डॉ शिवचरण हांसदा ने किया। दोनों अधिकारियों ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। रैली में सहिया कार्यकर्ता और प्रशिक्षु एएनएम कॉलेज की छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। मौके पर सिविल सर्जन डॉ मांझी ने कहा कि नशा व्यक्ति के स्वास्थ्य के साथ-साथ उसके परिवार और समाज पर भी गंभीर प्रभाव डालता है। उन्होंने कहा कि नशे के कारण मानसिक और शारीरिक बीमारियां होती हैं, इसलिए इसे जड़ से मिटाने के लिए सामूहिक जागरूकता की जरूरत है। डॉ मांझी ने उपस्थित युवाओं और स्वास्थ्यकर्मियों को नशामुक्ति की शपथ भी दिलाई और आह्वान किया कि वे खुद को और दूसरों को नशे से दूर रखें।

### आबकारी सिपाही भर्ती में 12 मौतों पर एनएचआरसी ने लिया संज्ञान

**पूर्वी सिंहभूम।** पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर) झारखंड में आबकारी सिपाही भर्ती के दौरान हुई 12 मौतों के मामले में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने संज्ञान लिया है। जमशेदपुर के पत्रकार और मानवाधिकार कार्यकर्ता दीपक कुमार की शिकायत पर एनएचआरसी ने झारखंड सरकार के गृह विभाग के विशेष सचिव को चार सप्ताह के अंदर जवाब देने का निर्देश बुधवार को दिया है। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2024 के अगस्त और सितंबर माह में झारखंड के सात केंद्रों पर आयोजित आबकारी सिपाही भर्ती की शारीरिक दक्षता परीक्षा के दौरान छह केंद्रों पर 12 प्रतिभागियों की मौत हो गई थी, जबकि करीब 400 प्रतिभागियों की हालत बिगड़ने पर उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था। सूत्रों के मुताबिक, करीब एक लाख 27 हजार 572 प्रतिभागियों ने इस दौड़ में हिस्सा लिया था। इस घटना को गंभीर मानते हुए दीपक कुमार ने एनएचआरसी को शिकायत भेजी थी। उन्होंने आरोप लगाया कि कोरोना के बाद पहली बार हुई पुलिस भर्ती की दौड़ में इतनी बड़ी संख्या में मौतें राज्य के युवाओं के सपनों पर कुठाराघात है।

### झारखंड राज्य दिव्यांगता सलाहकार बोर्ड का सदस्य बने मो. हारून रशीद



**धनबाद।** पुराना बाजार टिकिया मोहल्ला धनबाद निवासी लोक गायक मो. हारून रशीद को झारखंड राज्य दिव्यांगता सलाहकार बोर्ड का सदस्य बनाए जाने पर गीतकार व लेखक युधिष्ठिर महतो ने बधाई दी।उन्होंने उनके आवास जाकर मुलाकात की एवं गुलदस्ता देकर शुभकामना दी।हारून तीन वर्ष के लिए सदस्य बनें हैं और एक लोक गायक के रूप में कई गीतों को अपनी आवाज दें चुके हैं।इनके गीत सामाजिक होते हैं,जो संदेशात्मक होती हैं।हारून ने गुरुनानक महाविद्यालय से स्नातक एवं बीएड किया हैं।वहीं युधिष्ठिर कई हिंदी खोरठा गीत व लघु फिल्म लिख चुके हैं।जिनमें से कई यूट्यूब पर भी उपलब्ध हैं।जबकि,युधिष्ठिर के कई साझा काव्य संकलन भी प्रकाशित हैं और फिल्म पत्रकारिता के क्षेत्र में भी सक्रिय हैं।हारून ने बधाई के लिए धन्यवाद दिया एवं कहा कि दिव्यागजनों की समस्याओं को सरकार तक पहुंचाने का काम करेंगे और उनकी आवाज बनकर समस्याओं का निदान करवाने का प्रयास करेंगे।

**बरही प्रखंड दौरा** डीसी ने बरही प्रखंड का किया दौरा, प्रखंड सह अंचल कार्यालय का किया निरीक्षण

# जनहित से जुड़े कार्यों को निष्पादित करें : उपायुक्त

- मनरेगा में अधिक गंभीरता से कार्य करने की आवश्यकता है

नवीन मेल संवाददाता



**हजारीबाग।** उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह ने बरही प्रखंड का दौरा किया। इस दौरान बरही प्रखंड कार्यालय व अंचल कार्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में उप विकास आयुक्त इश्तियाक अहमद मौजूद रहे। उपायुक्त ने सर्वप्रथम प्रखंड कार्यालय भवन का अवलोकन कर सभी व्यवस्थाओं को जाना तथा भवन में रेन वाटर हार्वेस्टिंग की जानकारी ली।

उपायुक्त ने प्रखंड एवं अंचल कार्यालय के पदाधिकारियों तथा कर्मियों से उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों की जांच की। उपायुक्त ने कहा कि जनहित से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता से निष्पादित करें।

उपायुक्त ने कहा कि प्रखंड व अंचल कार्यालय में प्रखंडवासी अपनी समस्याओं और योजनाओं के लाभ लेने को लेकर आते है, इस बाबत उनके साथ सहयोगात्मक रवैया अपनाए और प्राथमिकता के आधार पर उनकी समस्याओं को सुनें। उपायुक्त ने विभागवार योजनाओं की प्रगति की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने पशुपालकों के लिए राज्य सरकार द्वारा संचालित मुख्यमंत्री पशुधन योजना को बेहतर तरीके से क्रियान्वित करने का निर्देश दिया। उन्होंने पशुपालन विभाग द्वारा चलाए जा रहे टीकाकरण कार्यक्रम को सुचारू रूप से चलाने तथा कृषि विभाग की नियमित समीक्षा बैठक करने का निर्देश प्रखंड विकास पदाधिकारी को दिया। साथ ही सभी विभागों के साथ प्रत्येक सप्ताह बैठक करने का निर्देश दिया।

बरही प्रखंड में कल्याण विभाग द्वारा संचालित कल्याण आवासीय विद्यालय का मासिक भ्रमण कर विद्यालय की आवश्यकताओं को जानने का निर्देश अनुमंडल पदाधिकारी को दिया।

उन्होंने सरकार की योजनाओं में गति लाने को लेकर जनसेवकों एवं पंचायत सेवकों के साथ नियमित समन्वय बैठक करने का निर्देश दिया। मनरेगा की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने कहा कि मनरेगा में अधिक गंभीरता से कार्य करने की आवश्यकता है, उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक मानव दिवस सृजन करने की दिशा में कार्य करें। बरही में 37 प्रतिशत वन क्षेत्र है, इन क्षेत्रों में भी विभिन्न कार्यों हेतु मनरेगा की योजना लें। पोटो हो खेल योजना अंतर्गत खेल मैदान निमार्ण कार्य की वर्तमान स्थिति की जानकारी ली। आगे उन्होंने अबुआ आवास, बिरसा हरित ग्राम योजना, सावित्री बाई फुले आदि की भी समीक्षा की एवं लक्ष्य के अनुरूप कार्य करने का निर्देश दिया। उन्होंने समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित आंगनवाड़ी के महिला प्रवेक्षिकाओ के साथ बैठक कर आंगनवाड़ी केंद्रों में बच्चों को दी जाने वाली सुविधाओं का जायजा लिया एवं पोषण ट्रैकिंग ऐप के माध्यम से बच्चों के शारीरिक विकास की रिपोर्ट के विभिन्न अवयवों से अवगत हुए। बच्चों के विकास हेतु माताओं के खातों में हस्तांतरित होने वाली राशि की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली।

### अनुमंडल अस्पताल, बरही का निरीक्षण

बरही प्रखंड के भ्रमण के दौरान अनुमंडल अस्पताल, बरही का भी निरीक्षण किया। उन्होंने प्रत्येक वार्ड में पहुंचकर कर मरीजों को दी जाने वाली सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने जीवन रक्षक दवाओं की उपलब्धता,अल्ट्रासाउंड मशीन की क्रियाशीलता, कुपोषण कक्ष, इमरजेंसी वार्ड आदि की जानकारी ली।


कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, गुमला।

"अल्पकालीन निविदा आमत्रंण सूचना"
संख्या –14 / 2025–26

1. विभाग का नाम : भवन निर्माण विभाग।
2. विज्ञापनदाता का पद नाम : कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, गुमला।
3. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय : दिनांक 26.06.2025 को अपराह्ण 1:00 बजे तक।
4. मुहरबंद निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 28.06.2025 को अपराह्ण 3:00 बजे तक।
5. मुहरबंद निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 28.06.2025 को अपराह्ण 3:30 बजे से।
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : 1. कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, गुमला। 2. सहायक अभियंता का कार्यालय, भवन अवर प्रमंडल सं.–01, गुमला।
7. निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान : कार्यपालक अभियंता का कार्यालय भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, गुमला।
8. कार्य की विवरणी :–

| क्र. | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | Renovation work of 500 MT Godown in Bharno Block | 7,57,300.00 | 15,200.00 | 1250.00 | 3 माह |
| 2 | Renovation work of 250 MT Godown (South) at Ghaghra Block | 12,39,000.00 | 24,800.00 | 2500.00 | 3 माह |
| 3 | Renovation work of 500 MT Godown (South) at Ghaghra Block | 18,96,100.00 | 38,000.00 | 5000.00 | 3 माह |
| 4 | Renovation work of 250 MT Godown in Kamdara Block | 23,62,200.00 | 47,300.00 | 5000.00 | 3 माह |
| 5 | Renovation work of 250 MT Godown (East) with approach Road at Palkot Block | 23,13,400.00 | 46,300.00 | 5000.00 | 3 माह |
| 6 | Renovation work of 250 MT Godown (South) at Palkot Block | 12,68,500.00 | 25,400.00 | 2500.00 | 3 माह |

कार्यपालक अभियंता,
भवन निर्माण विभाग
भवन प्रमण्डल,गुमला।

PR 354701 (Building) 25-26 (D)

सुप्रभात

विचार प्रवाह

किसी की निंदा न करें। अगर आप मदद के लिए हाथ बढ़ा सकते हैं, तो जरूर बढ़ाएं। अगर नहीं बढ़ा सकते हैं, तो अपने हाथ जोड़िए, अपने भाइयों को आशीर्वाद दीजिए और उन्हें उनके मार्ग पर जाने दीजिए। - **स्वामी विवेकानंद**

## संपादकीय

# 11 साल की लंबी सरकार

नेहरू और इंदिरा के कार्यकाल के बाद लंबा कार्यकाल वाले प्रधानमंत्री की सूची में मोदी पहुंच चुके हैं। संभवतः भाजपा ने भी नहीं सोचा था कि 1984 में महज दो लोकसभा सीटों तक सिमटने वाली पार्टी कभी लगातार तीन संसदीय चुनावों में बाजी मारती रहेगी। इसमें शक नहीं कि यह उपलब्धि भारतीय जनता पार्टी को मोदी के नेतृत्व से ही हासिल हुई है। अगर जनता ने मोदी पर लगातार भरोसा जताया तो इसकी वजह है उनकी कार्यशैली। 2014 की जीत में लोगों की उम्मीदें थीं। इन उम्मीदों की वजह विकास का उनका गुजरात मॉडल रहा। लोगों की उम्मीदों को पूरा करने की उन्होंने जो कोशिश की, 2019 में उसे जनता का भरपूर साथ मिला। उनमें भरोसे की वजह ही थी कि उन्हें और ज्यादा भारी बहुमत से रायसीना की पहाड़ियों के बीच शपथ लेने का मौका मिला। इस कड़ी में देखें तो 2024 में बहुमत से दूर रह जाना खटकता है। लेकिन नहीं भूलना चाहिए कि दस साल के कार्यकाल में सभी की आशाओं का पूरा न होना स्वाभाविक है क्योंकि सभी को पूरा कर पाना संभव नहीं है। इसलिए कुछ लोग हो सकता है निराश भी रहे हों। जिसका असर चुनाव नतीजों पर दिखा। विपक्षी शून्य बता रहे पर मोदी के कार्यकाल की कई उपलब्धियां हैं। मोटे तौर पर सबसे बड़ा जो बदलाव दिखता है, वह है कि इस पूरी अवधि में देश में कोई बड़ा भ्रष्टाचार नहीं दिखा। ऐसा नहीं कि सरकारी तंत्र से भ्रष्टाचार पूरी तरह खत्म हो गया है। जमीनी स्तर पर सरकारी तंत्र की सोच में पारंपरिक भ्रष्टाचारी गंध है। मोदी सरकार के कार्यकाल में यह हुआ है कि भ्रष्टाचारियों पर शिकंजा कसता रहा है। इस शिकंजे से न तो अधिकारी बाहर हैं और न ही राजनेता। तकरीबन पूरे देश में सरकारी तंत्र के कामकाज का अपना तरीका रहा है, उसकी अपनी गति रही है। लेकिन मोदी के नेतृत्व में अब कामकाज का तरीका बदला है। इसे समझने के लिए हाल ही में हुए दुनिया के सबसे ऊंचे पुल के उद्घाटन समारोह को देख सकते हैं। चिनाब पुल के उद्घाटन के वक्त जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा कि जब इस परियोजना की शुरूआत हुई, तब वे आठवीं में पढ़ रहे थे, अब वे पचपन साल के हैं और अब जाकर यह पूरा हो पाया है। मोदी के ग्यारह साल के शासन में तंत्र का कामकाज का तरीका बदला है। अब वह ज्यादा अनुशासित और लक्ष्यों को वक्त पर पूरा करने को लेकर ज्यादा प्रतिबद्ध हुआ है। नौकरशाही में गंभीरता तो है, लेकिन इस पूरी प्रक्रिया में नौकरशाही पर तंत्र के दूसरे अंगों की बजाय ज्यादा भरोसा बढ़ने की वजह से तटस्थ लोगों की नजर में ब्यूरोक्रेसी कई मामलों में बेलगाम भी हुई है। इसे संयोग ही कहेंगे कि जिस समय मोदी सरकार अपनी 11वीं सालगिरह मनाने जा रही है, उसी वक्त विश्व बैंक की एक रिपोर्ट आई है। इस रिपोर्ट के अनुसार, इस दौरान देश में गरीबों की संख्या 27.1 फीसद से घटकर 5.3 प्रतिशत रह गई है। इससे पहले बीते एक दशक में अत्यधिक गरीबी में जिंदगी गुजार रहे लोगों की दर 2011-12 में जहां 27.1 प्रतिशत रही, वह घट कर 5.3 फीसद रह गई है। यह तब हुआ है, जब विश्व बैंक ने गरीबी रेखा के लिए तीन डॉलर प्रतिदिन खर्च की सीमा कर दी है, जबकि इसके पहले यह सीमा 2.15 डॉलर प्रतिदिन थी। जाहिर है कि इसके पीछे 81 करोड़ लोगों को मुफ्त अन्न योजना के साथ ही उज्ज्वला, मुद्रा आदि योजनाओं की कामयाबी रही है।

*संभवत: भाजपा ने भी नहीं सोचा था कि 1984 में महज दो लोकसभा सीटों तक सिमटने वाली पार्टी कभी लगातार तीन संसदीय चुनावों में बाजी मारती रहेगी।*

# मोदी सरकार के शासन में कानूनी सुधारों ने दिया महिला सुरक्षा को नया रूप



2012 में क्रूर निर्भया कांड ने देश की अन्तरात्मा को झकझोर कर रख दिया था। इस घटना ने महिलाओं की सुरक्षा में भारत के कानूनी और प्रशासनिक ढांचे की गहरी कमियों को भी उजागर कर दिया था। अपर्याप्त पुलिस व्यवस्था, धीमी न्यायिक प्रक्रिया, पुराने पड़ चुके कानून और पीड़ितों के ना-काफी सहायता इंतजाम निराशाजनक तस्वीरें पेश कर रहे थे। 2014 तक, भारत एक निर्णायक मोड़ पर खड़ा था। जनता में जबरदस्त आक्रोश था। लेकिन कानूनी तंत्र सुस्त पड़ा था। फास्ट ट्रैक कोर्ट महज एक अवधारणा थी, वास्तविकता नहीं। कोई एकल समाधान और केंद्र नहीं थे, कोई राष्ट्रीय महिला हेल्पलाइन नहीं थी, जांच तेज़ करने के लिए कोई फोरेंसिक (न्यायालयिक विज्ञान जांच) सहायता नहीं थी और इन उपायों के संचालन के लिए कोई समर्पित निधि भी नहीं थी। महिलाओं के मुद्दों को सामाजिक सरोकारों के तौर पर देखा जाता था-राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के रूप में नहीं।

### मोदी युग : सुरक्षा से संरचनात्मक सशक्तिकरण तक

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में केंद्र सरकार ने पिछले 11 वर्षों के शासन में सुस्त आंशिक प्रतिक्रिया की जगह अब कानूनी सुधार, संस्थानों के दायित्वपूर्ण रवैये और हर महिला के सम्मान से संबधित दृष्टिकोण को मिशन-मोड में अपनाते हुए व्यापक बदलाव किया है।

### कानूनी सुरक्षा, अब राष्ट्रीय प्रतिबद्धता

सरकार ने देश भर में फास्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट (त्वरित न्याय प्रदान करने के लिए स्थापित विशेष न्यायालय) की स्थापना की शुरुआत की और आज ऐसी 745 अदालतें क्रियाशील हैं। इनमें 404 विशेष रूप से यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण (पोक्सो) अधिनियम के तहत मामलों को निपटाती हैं। वर्ष 2014 की तुलना में जब वन स्टॉप सेंटर (शारीरिक, यौन, भावनात्मक, मनोवैज्ञानिक और आर्थिक शोषण का सामना करने वाली महिलाओं की सहायता और निवारण संबंधी केंद्र) अस्तित्व में नहीं थे, अब 820 से अधिक जिलों में ये पूरी तरह कार्यान्वित हैं जो हिंसा से प्रभावित किसी भी महिला को एक ही स्थान पर कानूनी सहायता, पुलिस हस्तक्षेप, आश्रय और परामर्श प्रदान करते हैं।

इस पारिस्थितिकी तंत्र के हिस्से के रूप में आरंभ की गई राष्ट्रीय महिला हेल्पलाइन 181 ने हर दिन चौबीसों घंटे 86 लाख से अधिक महिलाओं को आपातकालीन सहायता प्रदान की है। इसके अलावा, देश भर में 14,600 से अधिक पुलिस स्टेशनों (पुलिस थाने) में अब महिला हेल्प डेस्क स्थापित हैं, जिनमें महिला अधिकारी मौजूद हैं। यह महिलाओं के विरूद्ध होने वाले अपराध की स्थिति में पहले बरते जाने वाली उदासीनता या यहां तक कि आक्रामकता के माहौल की अपेक्षा अधिक संवेदनशीलता और सहायता प्रदान करने के माहौल में बदल गए हैं। निर्भया कोष के ज़रिए सरकार ने वर्ष 2014 से पहले की ढुलमुल प्रतिक्रिया प्रणाली की तुलना में अब महिलाओं की सुरक्षा और संरक्षा पर केंद्रित 50 से ज़्यादा बड़ी परियोजनाओं को वित्तीय सहायता प्रदान की है।

आज की **बात**



**सुश्री सावित्री ठाकुर**
माननीय राज्य मंत्री, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय

### प्रगतिशील कानूनी संशोधन

आपराधिक कानून (संशोधन) अधिनियम, 2013 में कुछ आवश्यक सुधारों से शुरुआत के बाद अब भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) और 2023 में संबंधित कानूनों के व्यापक संहिताबद्ध किए जाने से औपनिवेशिक युग के आपराधिक न्यायशास्त्र की जगह अब भारतीय संदर्भ में कानून परिभाषित किए गए हैं। नए कानूनों में महिलाओं के विरूद्ध सभी अपराधों को एक अध्याय में समेकित किया गया है। पीड़ित के बयानों को वीडियो-रिकॉर्ड किया जाना अनिवार्य बनाया गया है जिसमें संवेदनशीलता बरतने के लिए महिला मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में बयान दर्ज कराने को प्राथमिकता दी गई है। डिजिटल स्टॉकिंग (डिजिटल माध्यम से पीछा करना), वॉयरिज्म (रति क्रिया छुपकर देखना) और शादी के झूठे वादे कर शारीरिक शोषण जैसे अपराधों को पहली बार आपराधिक बनाया गया है। कानूनी प्रणाली में अब तेजाब हमलों, मानव तस्करी, सामूहिक बलात्कार और हिरासत में यौन हिंसा के विरूद्ध कठोर दंड की व्यवस्था की गई है। इसके अतिरिक्त, बलात्कार पीड़िता को प्राथमिकी दर्ज करने या आपातकालीन चिकित्सा देखभाल प्रदान न करना भी अपराध माना गया है। पुराने संरक्षणवादी प्रतिबंधों को हटाते हुए महिलाओं को अब कानूनी रूप से किसी भी क्षेत्र में और किसी भी समय काम करने की अनुमति है, जो उनके खुद निर्णय लेने की आजादी की पुष्टि करते हैं। महत्वपूर्ण प्रक्रियागत सुधार भी किए गए हैं जिनमें गवाहों की सुरक्षा और डिजिटल साक्ष्यों को मंजूरी देना शामिल है। यौन हिंसा के मामलों में पीड़ितों को न्याय दिलाने की प्रक्रिया को यह पुनर्परिभाषित करता है। ये सभी केवल संशोधन भर नहीं हैं - ये पीड़ितों को न्याय दिलाने की प्रणाली को पुनःस्थापित करते हैं।

### कानून से परे भी सशक्तिकरण

कानूनी सुरक्षा के दायरे से परे, महिलाओं के प्रति सरकार का दृष्टिकोण सामाजिक, वित्तीय और डिजिटल सशक्तिकरण के व्यापक पहलुओं में कानूनी सुधार लाना है। मातृत्व अवकाश को अब 12 से बढ़ाकर 26 सप्ताह कर दिया गया है, और 50 से अधिक कर्मचारियों वाले प्रतिष्ठानों में अब क्रेच (बच्चों की देखभाल) की सुविधा प्रदान करना आवश्यक है। महिलाएं अब सशस्त्र बलों में युद्धक-भूमिकाओं में सक्रियता से भाग ले रही हैं। वे सैनिक स्कूलों में प्रवेश पा रही हैं, प्रतिष्ठित राष्ट्रीय रक्षा अकादमी में दाखिला ले रही हैं, और स्थायी कमीशन प्राप्त कर रही हैं। ये ऐसे उल्लेखनीय बदलाव हैं जो पहले उनके लिए बहुत मुश्किल थे। तीन तलाक जैसी भेदभावपूर्ण प्रथाओं को कानूनी तौर पर समाप्त कर दिया गया है, साथ ही महिलाओं को अब पुरुष अभिभावक के बिना भी हज यात्रा करने की अनुमति है। न्याय प्रदान करने को अब समुदाय-आधारित नारी अदालतों और शी-बॉक्स 2.0 जैसे प्लेटफार्म के माध्यम से विकेंद्रीकृत और डिजिटीकृत किया गया है। इससे सीधे जमीनी स्तर पर समयबद्ध निवारण तंत्र सक्रिय हो गया है।

### सुरक्षित, मजबूत भारत की शुरुआत कानूनी गरिमा से

वर्ष 2014 से पहले, महिलाओं की सुरक्षा को अक्सर नीति नहीं बल्कि सुर्खियों से प्रेरित प्रतिक्रियात्मक मुद्दे के रूप में देखा जाता था लेकिन आज यह शासन की संरचना में अंतर्निहित है जो वित्त पोषित, फोरेंसिक उपकरणों, कानूनी सुधार और अग्रिम पंक्ति के कार्यकर्ताओं द्वारा सहायता प्रदत्त है। अमृत काल में प्रवेश करने के साथ ही अब स्पष्ट दृष्टि है कि इस नए भारत में कोई भी महिला अकेली नहीं है। अब उसकी सुरक्षा विशेषाधिकार नहीं बल्कि सरकार की क्षमता से समर्थित संवैधानिक गारंटी है। यह यात्रा अभी जारी है, लेकिन महिलाओं की सुरक्षा में हम अब तक एक लंबा सफर तय कर चुके हैं। निरंतर राजनीतिक इच्छाशक्ति, सामाजिक भागीदारी और कानूनी प्रतिबद्धता के साथ, भारत निश्चित रूप से एक महिला के रहने, काम करने और नेतृत्व करने का सबसे सुरक्षित स्थान बन सकता है।

# ऑनलाइन गेम्स का जाल : युवाओं के भविष्य पर एक अदृश्य हमला

आज के समय में तकनीक ने हमारे जीवन को आसान जरूर बना दिया है, पर इसके दुष्परिणामों से इनकार नहीं किया जा सकता। विशेषकर ऑनलाइन गेम्स और सट्टे जैसे ड्रीम11, आईपीएल फैंटेसी लीग, तीन पत्ती, पबजी, फ्री फायर, और न जाने कितनी डिजिटल लतें—जो आज के युवाओं को आकर्षित कर रही हैं—वो कहीं न कहीं उनकी मेहनत, सोच और वास्तविकता की पकड़ को कमजोर कर रही हैं। यह केवल एक मनोरंजन का साधन नहीं रह गया है, यह एक लत बन चुका है। युवाओं का कीमती समय, धन, ऊर्जा और मानसिक शांति सब कुछ इसकी भेंट चढ़ रही है। दुख की बात यह है कि ये प्लेटफॉर्म्स केवल आम लोगों तक ही सीमित नहीं हैं, बल्कि इन्हें बड़े-बड़े अभिनेता, क्रिकेटर और सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर प्रमोट कर रहे हैं। जब बड़े चेहरों से यह सन्देश जाए कि "बस खेलो और जीतों", तो स्वाभाविक है कि आम युवा इस भ्रम में फंस जाएगा कि बिना मेहनत किए भी सब कुछ पाया जा सकता है। हजारों घर उजड़ रहे हैं, क्योंकि लोगों ने ऑनलाइन गेम्स में लाखों रुपये गवां दिए।युवा पढ़ाई-लिखाई छोड़कर मोबाइल स्क्रीन पर आंखें गड़ाए बैठे हैं।आत्महत्याएं बढ़ रही हैं जब हार का सदमा मानसिक संतुलन बिगाड़ देता है।पारिवारिक रिश्ते टूट रहे हैं, जब घर के बुजुर्ग अपने बेटे-बेटियों की बदलती आदतें नहीं समझ पा रहे। समस्या का मूलः आराम की तलाश आज की पीढ़ी के भीतर यह सोच गहराई से बिठा दी गई है कि मेहनत नहीं, चालाकी और शॉर्टकट ही सफलता की कुंजी है। यह सोच दीमक बन चुकी है, जो समाज, शिक्षा और संस्कारों को खोखला कर रही है। इस भ्रम को दूर करना समय की मांग है।

आपकी **बात**



**वीणा देवांगन**

**अब समय है जागने का, जगाने का**

- घर से शुरुआत करें : माता-पिता बच्चों के साथ संवाद बढ़ाएं। उनके दिनचर्या पर ध्यान दें। प्यार से तकनीक का संतुलन सिखाएं।
- स्कूल और कॉलेज में जागरूकता अभियान चलें : डिजिटल लत और उसके दुष्परिणामों पर विशेष सत्र आयोजित हों।
- समाज के जागरूक लोग सामने आएं : शिक्षक, समाजसेवी, और युवा नेताओं को चाहिए कि वो खुद उदाहरण बनें और दूसरों को प्रेरित करें।
- सरकार को सख्त कदम उठाने होंगे : विज्ञापनों पर नियंत्रण, और गेमिंग कंपनियों के प्रमोशन पर निगरानी आवश्यक है।
- बात करें, सुनें और समझें : जो लोग इस लत में फंस चुके हैं, उनसे दूरी न बनाएं, बल्कि सहारा दें। एक अच्छा दोस्त, परिवार का साथ, या एक काउंसलर की मदद उन्हें वापस रास्ते पर ला सकती है।

(veenavlogs@gmail.com)

# झारखंड के गांवों में बाल श्रम की भेंट चढ़ता बचपन

राज्य की **बात**




**मिथलेश दास**
शोधार्थी, हिंदी विभाग, राधा गोविंद विवि, रामगढ़

झारखंड, जहां एक ओर खनिज और हरियाली की समृद्ध विरासत है, वहीं दूसरी ओर यह राज्य सामाजिक अन्याय और बाल अधिकारों के उल्लंघन का मूक साक्षी भी बनता जा रहा है। विश्व बाल श्रम निषेध दिवस (12 जून) हर वर्ष हमें यह स्मरण कराता है कि बच्चों के हाथों में किताबें और खिलौने होने चाहिए, न कि औज़ार और ईंटें। किंतु झारखंड के सुदूर गाँवों में आज भी हजारों बच्चे अपने नन्हे कंधों पर गरीबी, शोषण और सामाजिक चुप्पी का बोझ ढो रहे हैं। ग्रामीण झारखंड में बाल श्रम की समस्या केवल आर्थिक नहीं है; यह सामाजिक असंवेदनशीलता, शिक्षा की उपेक्षा और प्रशासनिक उदासीनता का एक दुखद समुच्चय है। जिस उम्र में बच्चे स्कूल की घंटी सुनकर दौड़ लगाते हैं, उस उम्र में झारखंड का बच्चा सूरज निकलने से पहले जंगल से लकड़ी लाने या खेत जोतने निकल पड़ता है। झारखंड के गाँवों में बाल श्रम की सबसे बड़ी जड़ गंभीर आर्थिक असुरक्षा है। अधिकांश ग्रामीण परिवारों की मासिक आय इतनी कम होती है कि जीवनयापन के लिए हर सदस्य को श्रमिक बनना पड़ता है- यहाँ तक कि बच्चे भी। मजदूरी, कृषि कार्य, पशुपालन या जंगल से लकड़ी और कोयला इकट्ठा करने जैसे कामों में बच्चे शामिल किए जाते हैं। कई बार माता-पिता स्वयं अपने बच्चों को मजदूरी के लिए भेजते हैं, क्योंकि उनके लिए यह जीवन और मृत्यु के बीच का संतुलन बन जाता है। शिक्षा का अधिकार अधिनियम बच्चों को 6 से 14 वर्ष की उम्र तक मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा का अधिकार देता है, लेकिन झारखंड के ग्रामीण अंचलों में यह कानून मात्र कागज़ों तक सीमित रह गया है। स्कूलों में शिक्षकों की भारी कमी, अधूरी आधारभूत सुविधाएँ, विद्यालय की दूरी, और मिड-डे मील योजना का लचर क्रियान्वयन- ये सब बच्चों को स्कूल से दूर धकेलते हैं। ऐसे में जब शिक्षा न सुलभ हो, न आकर्षक, तो बालक श्रम को विकल्प नहीं, नियति मान लेते हैं। दूसरी ओर, झारखंड के कई क्षेत्रों में बाल श्रम को एक सामान्य सामाजिक प्रक्रिया माना जाता है। "बचपन में काम सीखना ज़रूरी है" जैसी रूढ़ धारणाएँ अब भी गहराई से समाज में व्याप्त हैं। खेतों में हल चलाते, जंगल से लकड़ी लाते, या भट्टियों में काम करते बच्चों को देखना गाँव वालों के लिए असामान्य नहीं है। यह सामाजिक स्वीकृति ही सबसे बड़ा संकट है, क्योंकि जब अन्याय सामान्य लगता है, तब संघर्ष का रास्ता बंद हो जाता है। झारखंड की खनिज संपदा- कोयला, लोहा, बॉक्साइट- जितनी समृद्ध है, उतनी ही विनाशकारी भी हो गई है, विशेष रूप से बच्चों के लिए। खदानों के आसपास बसे गाँवों में बाल श्रम एक आम दृश्य है। कोयला खदानों, पत्थर तोड़ने वाले क्षेत्रों और ईंट भट्ठों में खुलेआम बच्चों से कठिन परिश्रम करवाया जाता है। वहाँ उन्हें विषैली गैसों, धूलभरे वातावरण और शारीरिक-मानसिक उत्पीड़न का सामना करना पड़ता है। कई सरकारी व गैर-सरकारी सर्वेक्षण इस भयावह यथार्थ की पुष्टि करते हैं। झारखंड के गाँवों में बाल श्रम के विरुद्ध कोई संगठित प्रतिरोध दिखाई नहीं देता। पंचायतें, सामाजिक संगठन और नागरिक मंच इस विषय पर गंभीरता से चर्चा नहीं करते। ग्राम सभाओं में शायद ही कभी बाल अधिकारों, ड्रॉपआउट बच्चों, या शिक्षा की गुणवत्ता पर कोई विमर्श होता हो। जब तक गाँव स्वयं यह नहीं स्वीकार करेगा कि बाल श्रम व्यक्तिगत नहीं, बल्कि सामाजिक अपराध है, तब तक कोई ठोस परिवर्तन संभव नहीं। ग्रामीण क्षेत्रों में जन-संवाद का अभाव एक बड़ा संकट बन चुका है। न तो बच्चों को उनके अधिकारों की जानकारी है, न ही उनके माता-पिता को। स्थानीय भाषाओं में बाल अधिकारों पर सामग्री या बाल सुरक्षा कानूनों की समझ भी अत्यंत सीमित है। झारखंड के पंचायत प्रतिनिधियों को बाल श्रम के विरुद्ध स्पष्ट और प्रभावी भूमिका निभानी होगी। ग्राम सभाओं में बाल श्रम उन्मूलन पर प्रस्ताव पारित करना, ड्रॉपआउट बच्चों की पहचान, और अभिभावकों से संवाद जैसे कदम अनिवार्य हैं। सरकार द्वारा गठित 'बाल संरक्षण समितियाँ' अधिकांश गाँवों में निष्क्रिय हैं। इन्हें पुनः सक्रिय करना पंचायतों की ज़िम्मेदारी है। विद्यालय केवल ज्ञान का केंद्र नहीं, बल्कि बाल अधिकारों के प्रहरी बनने चाहिए। यदि शिक्षक सजग हों तो वे बाल श्रमिक बच्चों की पहचान कर उन्हें फिर से स्कूल से जोड़ सकते हैं। 'स्कूल चलो अभियान', 'बालसभा', और मिड-डे मील योजना जैसी पहलों को पुनः प्रभावी बनाना जरूरी है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## फेसबुक वॉल से




## एक्स से




## आज का दोहा

धरा वही,, पानी वही, वही हवा है साब।
क्या बदला है जो हुए, इतनी फिजां खराब।।

**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

# इंदौर प्रमाण है इस दौर का...!

नहीं रहना था तो नहीं रहती साथ.... किसी के बच्चें को क्यों मारा दिया? हत्या जैसी जघन्य अपराध करने की हिम्मत थी मगर मर्जी के बगैर हो रही शादी के लिए केवल ना कहने की हिम्मत नहीं थी? ऐसा करने से पहले ये भी नहीं सोचा कि आखिर एक स्त्री होकर पूरी नारी जाति पर कालिख पोत रही हो। एक "सड़े खाद" के लिए पति को ही मरवा दिया। ऐसी औरत को तो खाई में फेंक देना चाहिए, जैसे इंदौर का बेटा "राजा" को हत्यारिन ने फेंक दिया। पूरे इंदौर शहर से लेकर देशभर के लोग सोनम को धिक्कार रहे है।

उनके परिजनों को भी कोसा जा रहा है कि उन्हें पता था कि उनकी बेटी को एक "कचड़ा के डब्बा" से प्रेम है, तो फिर क्यों "जबरिया" विवाह करवाया गया। एक तरफ देशभर के लोग बहन बेटियों को बचाने के लिए सड़क से सदन तक संघर्ष करते है, वही दूसरी तरफ ये बेटियां ऐसी कुकृत्य कर रही है.....!! पूरे देशभर में इंदौर की छवि को मजह एक लड़की ने शर्मशार कर दिया है। जबकि न तो इंदौर की तासीर ऐसी है, और ना ही संस्कृति संस्कार। मध्य प्रदेश के इंदौर का बेटा तो "राजा" ही था, सिर्फ वो "कचड़े के डब्बे" की प्रेमिका ही कुल कलंकिनी निकली।

### यमराज से पति के प्राण लौटा लाने वाले समाज में स्वयं "यम" बनी पत्नी-

पूरे देशभर की जुबां पर एक ही बात टिकी हुई थी कि ये बहुसंख्यक समाज की महिलाएं और बहन बेटियों में कैसी विकृति आ गई है। आखिर एक दुल्हन कैसे अपने पति की हत्या अपनी आंखों के सामने करवा सकती है? वह भी उस समाज के जहां पत्नी द्वारा यमराज से अपने पति के प्राण लौटा लाने का उत्कृष्ट उदाहरण हो। राजा रघुवंशी हत्याकांड सिर्फ एक हत्या नहीं, बल्कि रिश्तों के पनपती साजिश और विश्वासघात का आईना भी है। जिस विवाह को हिंदू धर्म में हम जीवन भर का साथ मानते है, वही अब कुछ लोगों के लिए मजह एक "सौदा" बन गई है। हनीमून जैसे खूबसूरत सफर को हत्या की योजना का मैदान बना देना ना सिर्फ एक व्यक्ति के लिए हत्या है बल्कि पूरे रिश्ते की हत्या है। विवाह जैसे पवित्र बंधन की जड़ों को कुल्हाड़ी मार कर जिस तरह प्रेम प्रसंग और लालच की भूख में तब्दील किया गया है, वह इंसानियत पर धब्बा है।

### "बेवफा सोनम" को तो सह लेते मगर हत्यारिन को नहीं

ललित टिप्पणी

भारतीय संस्कृति के अलावा तिब्बती, नेपाली और भूटानी संस्कृतियों के भी "सोनम" एक लोकप्रिय शब्द है। यह सौंदर्य, स्वर्णिम आभा के साथ योग्यता और शुभता को भी दर्शाता है। मगर 9 जून की सुबह सांस्कृतिक वैभव से परिपूर्ण शहर इंदौर को लोग घृणा भरी आंखों से निहारने लगें। "बेवफा सोनम" शायद इंदौर निवासी सह लेते, मगर "हत्यारिन सोनम" ने मां अहिल्या की नगरी को कलंकित किया है। इस घटना के बाद से सोनन की सहेलियां भी स्तब्ध है और स्वयं को ठगा हुआ महसूस कर रही है। जो सड़क पर सोनम के लिए धरना-प्रदर्शन कर रही थी, और जो गृह मंत्री स्तर के लोग मेघालय सरकार पर दबाव बना रहे थे, आज वह अपनी नजारे बचाने को बेबस है।

अलग **बात**



**श्रीयम त्रिपाठी**
स्वतन्त्र पत्रकार
धनबाद

### पुलिसिया जांच से ज्यादा ये सामाजिक चिंता का विषय -

एक मशहूर शायर ने कहा है कि "कातिल ने किस सफाई से धोई है आस्तीं, उस को खबर ही नहीं की लहू बोलता भी है"...!! पूरे इंदौर के साथ साथ देशभर के घरों में "राजा-सोनम" की बातें हो रही है। पूरे मीडिया के सोशल मीडिया पर यहीं मामला छाया हुआ है। सोनम के बेवफाई से लेकर राजा के प्रेम तक को लोगों ने अपने अपने नजरिए से आंक रहे है। मगर पुलिसिया जांच से ज्यादा ये सामाजिक चिंता का विषय है। समाज में दो मुंह का चेहरा लिए घूमने वालों से आज कल बचना बेहद आवश्यक है। विवाह से जैसे पवित्र बंधन को यह "नरभक्षी" अपने योजनाबद्ध तरीके से रची है षड्यंत्र में फंसा लेते है। लोभ लालच, यस, कीर्ति आदि की भरपूर चाहत में हमारा समाज अपने एक मनगढ़ंत दुनिया का हिस्सा बन चुका है। यदि समय रहते है हम नहीं चेते गए तो आने वाला दौर हमारे लिए कालजई साबित होगा....!!

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाइं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# पुरी में देव स्नान पूर्णिमा उत्सव, लाखों श्रद्धालु पहुंचे दर्शन को

**एजेंसी। पुरी**

ओडिशा के पुरी स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर में बुधवार को देवस्नान पूर्णिमा का पवित्र पर्व भक्ति और भव्यता के साथ मनाया गया। हजारों भक्त भगवान जगन्नाथ, बलभद्र, देवी सुभद्रा और सुदर्शन के पवित्र स्नान अनुष्ठान को देखने के लिए मंदिर पहुंचे। इस खास मौके पर ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी और कई विधायकों ने भी मंदिर में दर्शन किए और अनुष्ठानों में हिस्सा लिया। उन्होंने स्नान मंडप से पहांडी अनुष्ठान देखा और भक्तों का अभिवादन किया।

मुख्यमंत्री ने हाथ जोड़कर और दर्शक दीर्घा से हाथ हिलाकर भक्तों का स्वागत किया, जिसे भीड़ ने उत्साह से जवाब दिया। देवस्नान पूर्णिमा का यह पर्व इसलिए खास है, क्योंकि इस दिन भगवान जगन्नाथ, बलभद्र, सुभद्रा और सुदर्शन को गर्भगृह से बाहर लाकर सार्वजनिक दर्शन के लिए स्नान मंडप पर रखा जाता है। यह साल का एकमात्र मौका होता है, जब भक्त इन अनुष्ठानों को इतने करीब से देख पाते हैं। यह आयोजन न केवल आध्यात्मिक रूप से महत्वपूर्ण है, बल्कि दृश्यों के लिहाज से भी मंत्रमुग्ध करने वाला होता है।

साथ ही, यह विश्व प्रसिद्ध रथ यात्रा की तैयारियों की शुरुआत का भी प्रतीक है। मंदिर प्रशासन ने इस आयोजन के लिए कड़े सुरक्षा इंतजाम किए थे, ताकि भक्तों को किसी तरह की परेशानी न हो। भक्तों ने इस पवित्र अवसर पर भगवान के दर्शन और अनुष्ठानों को देखकर खुद को धन्य महसूस किया। यह पर्व पुरी की सांस्कृतिक और धार्मिक विरासत को और समृद्ध करता है।



### पारंपरिक अनुष्ठानों की भव्य शुरुआत

सुबह 5:32 बजे मंगलार्पण के साथ अनुष्ठान शुरू हुआ। इसके बाद भगवान सुदर्शन, बलभद्र, सुभद्रा और जगन्नाथ की पहांडी (जुलूस) स्नान मंडप तक ले जाई गई। भगवान सुदर्शन की पहांडी (रथ पर चढ़ने की प्रक्रिया) सुबह 5:45 बजे, बलभद्र की 5:53 बजे, सुभद्रा की 6:06 बजे और भगवान जगन्नाथ की 6:22 बजे शुरू हुई। सुबह 7:46 बजे जलाभिषेक अनुष्ठान शुरू हुआ, जिसमें सुनकुआ (स्वर्ण कुआं) से लाए गए पवित्र जल के 108 घड़ों से देवताओं का स्नान कराया गया।

यह परंपरा जगन्नाथ संस्कृति का अनमोल हिस्सा है। सुबह 8:42 बजे भगवान जगन्नाथ के स्नान मंडप पहुंचने के साथ पहांडी अनुष्ठान पूरा हुआ।

# 'इंफ्रास्ट्रक्चर में क्रांति के 11 साल', पीएम ने गिनाई एनडीए सरकार की उपलब्धियां



**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कहा कि पिछले 11 वर्षों में देश के बुनियादी ढांचे (इंफ्रास्ट्रक्चर) में बड़े बदलाव हुए हैं। उन्होंने इसे भारत की प्रगति और आत्मनिर्भरता की मजबूत नींव बताया। एक्स पोस्ट में प्रधानमंत्री मोदी ने लिखा, "इंफ्रास्ट्रक्चर में बदलाव की इस यात्रा को 11 साल हो गए हैं। रेलवे, हाईवे, बंदरगाह और हवाई अड्डों जैसे क्षेत्रों में बेहतरीन ढांचा तैयार किया गया है, जिसने देश के विकास को तेजी दी है। भारत का यह बढ़ता इंफ्रा नेटवर्क लोगों का जीवन आसान बना रहा है और समृद्धि को बढ़ावा दे रहा है। पीएम मोदी ने आगे कहा, "भारत अगली पीढ़ी के बुनियादी ढांचे के निर्माण में जुटा है, जो स्थिरता और दीर्घकालिक सोच से प्रेरित है। यह प्रयास आत्मनिर्भर भारत की मजबूत नींव तैयार कर रहा है। प्रधानमंत्री ने इस बदलाव की मुख्य बातें भी साझा कीं। इसमें आधुनिक हाईवे और रोपवे का निर्माण, समुद्री क्षमताओं का बेहतर उपयोग, 'उड़ान' योजना के तहत सस्ती हवाई सेवाएं और भारतीय रेलवे में बड़े बदलाव शामिल हैं।

उन्होंने बताया कि अमृत भारत स्टेशन योजना, वंदे भारत ट्रेनों की शुरुआत और हाल ही में शुरू की गई अमृत भारत एक्सप्रेस जैसी योजनाएं भारतीय रेलवे में एक बड़ी क्रांति की ओर इशारा करती हैं।

**सीईसी ज्ञानेश कुमार ने स्टॉकहोम सम्मेलन में कहा**

# भारत में चुनाव प्रक्रिया दुनिया की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक गतिविधि



● कार्यक्रम में 50 देशों के 100 से अधिक प्रतिनिधियों ने लिया भाग

**एजेंसी। नई दिल्ली**

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने स्वीडन के स्टॉकहोम में हुए अंतरराष्ट्रीय चुनावी साख सम्मेलन में भारत की चुनाव प्रणाली की मजबूती, पारदर्शिता और विविधता को वैश्विक मंच पर रेखांकित किया। यह सम्मेलन इंटरनेशनल आइडिया संस्था द्वारा आयोजित किया गया, जिसमें लगभग 50 देशों के चुनाव प्रबंधन निकायों के 100 से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

उन्होंने बताया कि भारत में चुनाव प्रक्रिया दुनिया की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक गतिविधि है। 2024 के आम चुनाव में लगभग 98 करोड़ मतदाता थे, 10.5 लाख मतदान केंद्र बनाए गए और 62 लाख ईवीएम मशीनें इस्तेमाल की गईं। चुनाव आयोग ने 743 राजनीतिक दलों के 20,271 उम्मीदवारों के साथ चुनाव सफलतापूर्वक संपन्न किया।

- **भारत में दुनिया का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक चुनाव :** 2024 आम चुनाव में 98 करोड़ मतदाता, 10.5 लाख मतदान केंद्र और 62 लाख ईवीएम का उपयोग हुआ।
- **743 राजनीतिक दलों और 20,271 उम्मीदवारों ने लिया भाग :** चुनाव आयोग ने इतने बड़े पैमाने पर चुनाव को सफलतापूर्वक संपन्न कराया।
- **2 करोड़ कर्मचारियों की तैनाती :** चुनाव प्रक्रिया के दौरान विशाल कार्यबल की भागीदारी से यह दुनिया की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक गतिविधि बनी।

ज्ञानेश कुमार ने कहा कि भारत में चुनाव राजनीतिक दलों, मीडिया, पर्यवेक्षकों और पुलिस की निगरानी में होते हैं। इस दौरान लगभग 2 करोड़ से अधिक कर्मचारी तैनात रहते हैं, जिससे यह दुनिया की सबसे बड़ी कार्यबल वाली संस्था बन जाती है।

उन्होंने भारत की मतदाता सूची प्रक्रिया को दुनिया की सबसे पारदर्शी प्रणाली बताया। 1960 से हर वर्ष राजनीतिक दलों के साथ मतदाता सूची साझा की जाती है, जिसमें दावे, आपत्तियां और अपील की पूरी प्रक्रिया होती है। उन्होंने कहा कि भारत हर मतदाता की भागीदारी सुनिश्चित करता है। चाहे वह पहली बार वोट देने वाला हो, वरिष्ठ नागरिक हो, दिव्यांग हो या दुर्गम क्षेत्र में रहने वाला हो।

सम्मेलन के दौरान उन्होंने 12 देशों के चुनाव आयुक्तों से द्विपक्षीय चर्चा भी की। इन बैठकों में प्रवासी मतदान, चुनावी तकनीक और संस्थागत सहयोग जैसे विषयों पर विचार-विमर्श हुआ।

**कर्नाटक आदिवासी कल्याण बोर्ड घोटाला**

# ईडी ने सांसद और तीन विधायकों के ठिकानों पर मारा छापा

**एजेंसी। बेंगलुरु**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बुधवार को बेल्लारी जिले और बेंगलुरु में महर्षि वाल्मीकि जनजाति कल्याण बोर्ड घोटाले के सिलसिले में छापेमारी की। यह कार्रवाई चार कांग्रेस नेताओं और उनसे जुड़े अन्य लोगों के ठिकानों पर की गई। कांग्रेस सांसद ई. तुकाराम, कांग्रेस विधायक ना. रा. भरत रेड्डी और जे. एन. गणेश उर्फ कांपली गणेश के घरों और दफ्तरों पर छापेमारी की जा रही है। इसके अलावा, बेल्लारी के कांग्रेस विधायक और पूर्व मंत्री बी. नागेंद्र के निजी सहायक गोवर्धन के घर पर भी छापा मारा जा रहा है। पूर्व मंत्री और कांग्रेस विधायक बी. नागेंद्र के बेंगलुरु स्थित दफ्तर पर भी ईडी की छापेमारी चल रही है। बताया गया कि ईडी के करीब 15 अधिकारियों की एक टीम ने आज सुबह से ही एक साथ आठ जगहों पर छापा मारा है। इनमें से पांच जगहें बेल्लारी में और तीन बेंगलुरु में हैं। हालांकि, अभी तक इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। पूर्व मंत्री बी. नागेंद्र को इस घोटाले के मामले में पहले जेल भेजा जा चुका है। घोटाले के खुलासे के बाद उन्होंने इस्तीफा दे दिया था। इस पर कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कहा था कि नागेंद्र को दोबारा मंत्री बनाए जाने के मामले की समीक्षा की जाएगी। पूर्व अनुसूचित जनजाति कल्याण, युवा सशक्तिकरण और खेल मंत्री बी. नागेंद्र को 12 जुलाई, 2024 को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आदिवासी कल्याण घोटाले के सिलसिले में गिरफ्तार किया था। इसके बाद उन्हें न्यायिक हिरासत में भेजा गया और करीब तीन महीने जेल में बिताने के बाद जमानत पर रिहा कर दिया गया।

### कांग्रेस नेताओं पर ईडी की रेड पर मल्लिकार्जुन खरगे और सिद्धारमैया ने जतायी नाराजगी





**बेंगलुरु।** बेल्लारी से कांग्रेस सांसद ई. तुकाराम और पार्टी के तीन विधायकों के ठिकानों पर प्रवर्तन निदेशालय की छापेमारी पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कड़ा एतराज जताया है। बुधवार को मल्लिकार्जुन खड़गे ने केंद्र सरकार पर कांग्रेस पार्टी को विभाजित करने के लिए ईडी छापों का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया है। राज्य के कलबुर्गी में बोलते हुये मल्लिकार्जुन खरगे कहा कि प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारी शुरु से ही कांग्रेस पार्टी से नाराज हैं, यही वजह है कि वे कांग्रेस नेताओं को लगातार निशाना बना रहे हैं। ईडी छापों के जरिए कांग्रेस पार्टी को परेशान किया जा रहा है। पार्टी को विभाजित करने के इरादे से ऐसा करवाया जा रहा है, लेकिन यह संभव नहीं है। ईडी अधिकारियों को छापेमारी का कारण पता है। खरगे ने कहा कि ईडी अधिकारियों द्वारा छापेमारी कोई नई बात नहीं है। इस बीच प्रदेश के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने भी कांग्रेस सांसद और विधायकों पर की गयी छापेमारी पर नाराजगी जताई है।

# पहलगाम हमले पर कांग्रेस के 4 सवाल: संसद में बहस की मांग

**नई दिल्ली। एजेंसी**

कांग्रेस ने बुधवार को पूछा कि क्या प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी विदेश भेजे गए सात संसदीय प्रतिनिधिमंडलों के सदस्यों से मुलाकात करने के बाद अब पहलगाम घटना के बाद देश की सुरक्षा और विदेश नीति चुनौतियों पर संसद के मानसून सत्र में पूर्ण बहस कराने पर सहमत होंगे। कांग्रेस सांसद जयराम रमेश ने कहा कि यह स्वाभाविक था कि प्रधानमंत्री उन सभी 50 सांसदों से मिलें जो 32 देशों में गए इन सात प्रतिनिधिमंडलों के सदस्य थे। जहां तक हमारा सवाल है, यह कोई आश्चर्य की बात नहीं थी। लेकिन हमारे पास केवल चार सरल प्रश्न हैं। हम चाहेंगे कि प्रधानमंत्री इन सवालों का जवाब दें।



# दिग्विजय के भाई लक्ष्मण सिंह छह साल के लिए निष्कासित

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

मध्य प्रदेश के पूर्व विधायक और दिग्विजय सिंह के छोटे भाई लक्ष्मण सिंह पर कांग्रेस ने बड़ा एक्शन लिया है। लक्ष्मण सिंह को कांग्रेस ने पार्टी विरोधी गतिविधियों के चलते 6 साल के लिए निष्कासित कर दिया है। यानी अब अगले 6 साल के लिए वह कांग्रेस पार्टी का हिस्सा नहीं रहेंगे। इस संबंध में ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी की अनुशासन समिति के सदस्य (डीएसी) सचिव तारिक अनवर ने बुधवार को नोटिफिकेशन जारी किया है।

इससे पहले कांग्रेस ने लक्ष्मण सिंह के बयान को लेकर उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया था और 10 दिनों के अंदर जवाब देने को भी कहा था। इस बयान को पार्टी लाइन से हटकर माना गया था।



# आज का राशिफल

**मेष :** योजना क्रियान्वयन के लिए समय अच्छा व सकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। आत्मङ्क्षचतन करे। बिगड़ा कार्य बनेगा।

**वृष :** व्यवसाय में प्रतिद्वंद्वी परेशान कर सकते है। समय व्ययकारी सिद्ध होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। दिमाग में निर्मूल तर्क-कुतर्क पैदा होंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी।

**मिथुन :** लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। धार्मिक यात्रा का योग बना है।

**कर्क :** सैर-सपाटे में समय व्यतीत होगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें। पुराने मित्र के कारण कार्य बाधा हटेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। आर्थिक लाभ हेतु किये गए कार्यों का तत्काल प्रतिफल मिलेगा।

**सिंह :** अपने हितैषी ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। जल्दबाजी में कोई भूल संभव है। आय-व्यय की स्थिति समान्य रहेगी।

**कन्या :** आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। बुरी संगति से बचे। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नही। दूसरों के कार्यों में अनावश्यक हस्तक्षेप न करें। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है। भय तथा शत्रुहानि की आशंका रहेगी। यात्रा का योग बन रहा है।

**तुला :** कारोबार के विस्तार का मानस बनेगा। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मन प्रसन्न रहेगा। अचल संपति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी।

**वृश्चिक :** नये-नये व्यापारिक अनुबंध होंगे। मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है। व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। कामकाज में अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। हरि करे सो खरी इसीलिए पूरे मनोयोग से कार्य करें।

**धनु :** कार्यक्षेत्र में खुशनुमा माहौल बनेगा। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास होंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पैतृक सम्पत्ति से लाभ होगा।

**मकर :** भावनाओं का उद्वेग बढ़ेगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी।

**कुंभ :** जीवनसाथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। एकाकी वृत्ति त्यागें। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा। कार्य सफल होंगे।

**मीन :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। परिवारजनों का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा।

# चाचा शरद पवार और भतीजे अजीत पवार के बीच दूर नहीं हो रहे मतभेद

**दोनों गुटों के विलय में अभी और लग सकता है वक्त!**

**नई दिल्ली। एजेंसी**



राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के दोनों गुटों ने मंगलवार को अपना 26वां स्थापना दिवस मनाया। शरद पवार और उनके भतीजे अजीत पवार के नेतृत्व वाले गुटों ने पुणे में अलग-अलग कार्यक्रम आयोजित किये। हालांकि दोनों गुटों के विलय की अटकलें काफी समय से चल रही हैं लेकिन स्थापना दिवस पर दोनों खेमों में जो कुछ देखा गया उससे अभी यह दूर की कौड़ी प्रतीत होती है। हम आपको बता दें कि हाल के दिनों में कई ऐसे अवसर आये जब शरद पवार और अजीत पवार की बंद कमरों में कई बैठकें तो हुई हीं साथ ही दोनों नेता सार्वजनिक तौर पर भी एक मंच पर साथ दिखे लेकिन ऐसा लगता है कि दिलों की दूरियां अब भी कायम हैं जोकि दोनों गुटों को करीब आने से रोक रही हैं। दोनों गुटों के नेताओं के बयानों पर गौर करें तो आपको बता दें कि 2023 में अपने चाचा शरद पवार से अलग होकर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के साथ हाथ मिलाने वाले महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजीत पवार ने पार्टी समर्थकों को संबोधित करते हुए अपने निर्णय का बचाव किया। अजीत पवार ने कहा, "सिर्फ विपक्ष में बैठकर नारे लगाना और मोर्चे निकालना काफी नहीं है। हम साधु-संत नहीं हैं। हम यहां जनता की समस्याओं को सुलझाने, उन्हें दिशा देने और समावेशी राजनीति करने के लिए हैं।" अजीत पवार ने इस आलोचना को खारिज किया कि भाजपा से हाथ मिलाने का फैसला पार्टी की विचारधारा से समझौता था। उन्होंने कहा, "कुछ लोग हमसे पूछते हैं कि हमने भाजपा और महायुति गठबंधन से हाथ क्यों मिलाया।

# कांग्रेस आईसीयू में है, जल्द वेंटिलेटर पर जाने वाली है : केशव प्रसाद



**वाराणसी ।** उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के उस बयान पर पलटवार किया है, जिसमें उन्होंने केंद्र सरकार के पिछले 11 साल को झूठा बताया। डिप्टी सीएम ने कहा कि कांग्रेस की स्थिति यह है कि वो आईसीयू में है और बहुत जल्द वेंटिलेटर पर जाने वाली है। पीएम मोदी के 11 वर्ष के कार्यकाल को लेकर मीडिया से बातचीत के दौरान उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का कोई भविष्य नहीं है। अजय राय और इनके नेता राहुल गांधी बयानबाजी में माहिर हैं। अजय राय भी बयानबाजी में वीरता हासिल कर चुके हैं। पीएम मोदी के 11 वर्ष के कार्यकाल को लेकर अखिलेश यादव के बयान पर डिप्टी सीएम ने कहा कि समाजवादी पार्टी 'समाप्त पार्टी' बनने की ओर बढ़ रही है।

**दर्दनाक हादसा : एक ही गड्ढे में समा गए 8 दोस्त**

# तैरना नहीं आता था, फिर भी बचाने कूदे 3 युवक, 3 खाना बनाने के कारण नहाने नहीं गए

**टोंक। एजेंसी**



टोंक की बनास नदी में डूबने से 8 लोगों की मौत हो गई है। तीन युवकों को बचा लिया गया। पुलिस और बचाव दल मौके पर पहुंचा था। मरने वाले सभी लोग जयपुर के रहने वाले थे। ये पिकनिक मनाने गए थे। भास्कर टीम ने रेस्क्यू करने वाले युवाओं से जानकारी जुटाई कि आखिर हादसा कैसे हुआ और मौके पर क्या स्थिति थी। बातचीत में सामने आया कि तीन लोगों को तैरना नहीं आता था। ऐसे में वो किनारे से थोड़ा आगे ही नहा रहे थे, लेकिन बाकी पांच डूबने लगे तो बचाने की कोशिश में वे भी डूब गए।

**तीन युवक बना रहे थे खाना, इसलिए नहाने नहीं गए :** नौशाद (मृतक) अपने बेटे-भतीजे व अन्य आठ युवकों के साथ बनास नदी के किनारे पहुंचा था। जयपुर से सभी 11 लोग 10 जून की दोपहर टोंक पहुंचे थे।

करीब साढ़े बारह बजे इन्होंने यहां पर पड़ाव बनाया। इनमें से तीन युवक शाहरुख, सलमान और समीर नदी से कुछ दूर पर खाना बनाने की तैयारी में जुटे थे। बाकी सभी युवकों ने नहाने की बात की और नदी में चले गए। नौशाद, कसब और रेहान को बिल्कुल तैरना नहीं आता था। वे किनारे पर नहा रहे थे। पांच युवक किनारे से करीब 100 मीटर अंदर नहाने चले गए। इस दौरान एक युवक गड्ढे में चला गया और खुद को संतुलित नहीं कर पाया। उसके पास ही नहा रहे युवक ने पकड़ने की कोशिश की तो उसने उसकी गर्दन पकड़ ली। ऐसे ही एक के बाद एक दूसरे को बचाने के चक्कर में सभी एक ही जगह डूब गए।

**अमरनाथ यात्रा** 'हर-हर महादेव' के जयकारों के साथ हुई पूजा की शुरुआत

# उपराज्यपाल ने अमरनाथ गुफा में की प्रथम पूजा

- **जम्मू-कश्मीर के मनोज सिन्हा ने गुफा में की पूजा यात्रा का किया शुभारंभ**

**एजेंसी श्रीनगर**



अमरनाथ गुफा में बुधवार को हर-हर महादेव के नारे के साथ बाबा बर्फानी को नमन किया गया और पवित्र गुफा में प्रथम पूजा की गई, जो वार्षिक अमरनाथ यात्रा की औपचारिक शुरुआत है। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने यात्रा की औपचारिक शुरुआत करते हुए अमरनाथ गुफा में प्रथम पूजा की। उन्होंने कहा कि 3 जुलाई से शुरू होने वाली अमरनाथ यात्रा के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। उन्होंने तीर्थयात्रियों से बड़ी संख्या में अमरनाथ गुफा मंदिर में आने का आग्रह किया। उपराज्यपाल ने कहा कि 9 अगस्त को रक्षा बंधन पर समाप्त होने वाली यात्रा के लिए श्राइन बोर्ड और प्रशासन ने तीर्थयात्रियों की सुविधाओं में सुधार किया है। उन्होंने कहा कि जम्मू और कश्मीर पुलिस, सेना, सीआरपीएफ और अन्य सीएपीएफ ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं, इसलिए मुझे लगता है कि किसी को कुछ भी सोचने की जरूरत नहीं है। उन्हें यहां आकर बाबा का आशीर्वाद लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर प्रशासन अमरनाथ जी श्राइन बोर्ड, सेना, बीआरओ, सीएपीएफ, जम्मू-कश्मीर पुलिस और सभी हितधारक परेशानी मुक्त और सुरक्षित तीर्थयात्रा के लिए पूरी निष्ठा, समर्पण, सहयोग और स्पष्ट उद्देश्यों के साथ काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर के लोगों, नागरिक समाज और सभी सेवा प्रदाताओं का अमूल्य योगदान हमेशा असाधारण रहा है। मुझे पूरा विश्वास है कि सुविधाओं और सेवाओं में महत्वपूर्ण सुधार यह सुनिश्चित करेंगे कि इस वर्ष की तीर्थयात्रा सभी भक्तों के लिए यादगार और आध्यात्मिक रूप से संतुष्टिदायक हो। इस साल की 38 दिवसीय यात्रा 3 जुलाई को दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले में बालटाल और पहलगाम से शुरू होगी, जो 9 अगस्त को रक्षा बंधन पर सम्पन्न होगी।

- **तीर्थयात्रियों से आग्रह :** उपराज्यपाल ने देशभर के श्रद्धालुओं से बड़ी संख्या में यात्रा में भाग लेने और बाबा का आशीर्वाद लेने का आग्रह किया।
- **सुरक्षा के कड़े इंतजाम :** यात्रा के लिए सेना, जम्मू-कश्मीर पुलिस, सीआरपीएफ और अन्य सुरक्षाबलों द्वारा व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की गई है।
- **सुविधाओं में सुधार :** अमरनाथ श्राइन बोर्ड व प्रशासन ने तीर्थयात्रियों की सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए कई कदम उठाए हैं।
- **सहयोग का आभार :** उपराज्यपाल ने जम्मू-कश्मीर की जनता, सेवा प्रदाताओं और सभी हितधारकों के सहयोग की सराहना की।
- **यात्रा का शेड्यूल :** अमरनाथ यात्रा इस वर्ष 3 जुलाई से शुरू होकर 9 अगस्त (रक्षा बंधन) को समाप्त होगी।

## 50,000 डॉलर के बोनस की पेशकश पर एआईएफएफ पर भड़के बाईचुंग भूटिया

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

एएफसी एशियन कप 2027 क्वालीफायर में हांगकांग से भारत की 0-1 की हार के बाद, भारत के पूर्व



कप्तान बाईचुंग भूटिया ने अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) की कड़ी आलोचना की, जिसमें कथित तौर पर खिलाड़ियों को मैच जीतने पर 50,000 अमेरिकी डॉलर का बोनस देने की पेशकश की गई थी। अपने शुरुआती मैच में बांग्लादेश के खिलाफ गोल रहित ड्रॉ के बाद, भारत को प्रतिस्पर्धा में बने रहने के लिए जीत की सख्त जरूरत थी। हालांकि, स्टॉपेज-टाइम पेनल्टी ने उनकी उम्मीदों को धराशायी कर दिया, जिससे एक और निराशाजनक परिणाम सामने आया। 'आईएएनएस' के साथ एक विशेष साक्षात्कार में, भूटिया ने एआईएफएफ अध्यक्ष कल्याण चौबे से "भारतीय फुटबॉल को बचाने के लिए" पद छोड़ने का आह्वान किया और इस तरह के तदर्थ वित्तीय प्रोत्साहनों के पीछे के तर्क पर सवाल उठाया। भूटिया ने कहा, "हमने ऐसी रिपोर्ट देखी हैं कि खिलाड़ियों को 2,500 रुपये का दैनिक भत्ता भी नहीं मिला है। भारतीय फुटबॉल खिलाड़ियों के पास क्रिकेटरों की तरह केंद्रीय अनुबंध नहीं हैं।

## न्यूजीलैंड-ए टीम का ऐलान, इंग्लैंड दौरे पर दमदार प्रदर्शन की उम्मीद



**क्राइस्टचर्च (आईएएनएस)**

न्यूजीलैंड-ए और इंग्लैंड-ए के बीच 23 जून से वनडे सीरीज की शुरुआत होने जा रही है। सलामी बल्लेबाज जॉर्जिया प्लिमर और विकेटकीपर-बल्लेबाज इजी गेज को इंग्लैंड के व्हाइट-बॉल दौरे के लिए 15 सदस्यीय न्यूजीलैंड ए टीम में शामिल किया गया है। इंग्लैंड-ए की इस टीम में न्यूजीलैंड के लिए खेल चुके 11 खिलाड़ी शामिल हैं, जो इस महीने के अंत में इंग्लैंड के छह मैचों के दौरे पर जाएंगी। इस दौरे में तीन लिस्ट ए वन-डे और उसके बाद तीन टी20 मैच शामिल हैं। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने कहा, "टीम शनिवार को रवाना होगी और 23 जून को डर्बी में अपना पहला वन-डे मैच खेलेगी। असिस्टेंट कोच ब्रेंडन डोनकर्स इंग्लैंड में टीम के एकजुट होने के बाद कप्तान के नाम की घोषणा करेंगे। प्लिमर और विकेटकीपर-बल्लेबाज गेज जेस वॉटकिन इस बैटिंग यूनिट की अहम खिलाड़ी हैं। इनके अलावा हाल ही में इंटरनेशनल डेब्यू करने वाली बेला जेम्स और पोली इंग्लिस, एम्मा मैकलियोड और इजी शार्प भी टीम में मौजूद हैं।

# ब्राजील, इक्वाडोर फीफा विश्व कप के लिए क्वालीफाई



### उरुग्वे, पैराग्वे और कोलंबिया होड़ में

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

विनी जूनियर ने विजयी गोल किया, जिससे ब्राजील ने नियो क्विमिका एरिना में पैराग्वे को 1-0 से हराकर फीफा विश्व कप 2026 के लिए क्वालीफाई कर लिया। मैथियस कुन्हा के बेहतरीन प्रदर्शन के बाद विनिसियस जूनियर ने कार्लो एंसेलोटी को उनकी हॉट सीट पर पहली जीत दिलाई। पैराग्वे ने दूसरे हाफ में अच्छा प्रदर्शन किया और हार के बावजूद, वेनेजुएला पर छह अंकों की बढ़त के साथ क्वालीफिकेशन से एक इंच दूर है। यह जीत एंसेलोटी के लिए एक विशेष उपहार थी, जो मंगलवार को 66 वर्ष के हो गए और खेल शुरू होने से पहले ब्राजील के प्रशंसकों ने नियो क्विमिका सीटों पर एक विशाल मोजेक के साथ उनका सम्मान किया, जिस पर हरे और पीले रंग से लिखा था "बधाई हो, कार्लेटो"। ब्राजील की राष्ट्रीय टीम की कमान संभालते हुए एंसेलोटी की पहली जीत ने क्वालीफायर में पैराग्वे के नौ मैचों के अपराजित क्रम को तोड़ दिया। ब्राजील 10 क्वालीफायर मैचों में पैराग्वे को हराने वाली पहली टीम बन गई। सेलेकाओ ने अब तक अपने घरेलू मैदान पर पिछले 70 विश्व कप क्वालीफायर में से केवल एक में हार का सामना किया है। यह तीसरी बार था जब ब्राजील ने नियो क्विमिका एरिना में खेलते हुए विश्व कप में जगह बनाई। 2017 में, उन्होंने पैराग्वे को हराया और रूस में विश्व कप में अपनी जगह पक्की की, जो 2018 में आयोजित किया गया था। फिर, 2021 में, उन्होंने कोलंबिया को हराया और 2022 में कतर में होने वाले विश्व कप में जगह बनाई। इस बीच, इक्वाडोर ने पेरू के साथ गोल रहित ड्रॉ के बाद इस सदी के अपने पांचवें विश्व कप के लिए क्वालीफाई किया। वास्तविक रूप से, पेरू को जीत की आवश्यकता थी। लीमा में पूरे समय जोरदार प्रदर्शन के बावजूद, ऑस्कर इबानेज़ की टीम पिएरो हिनकापी और विलियन पाचो द्वारा मजबूत की गई बैकलाइन को नहीं तोड़ पाई - तब भी नहीं जब इक्वाडोर के एलन फ्रेंको को 75वें मिनट में मैदान से बाहर कर दिया गया। सेबेस्टियन बेकासे और उनके खिलाड़ियों ने अंतिम सीटी बजने पर जमकर विश्व कप क्वालीफिकेशन का जश्न मनाया। दूसरी तरफ, उरुग्वे लगभग जीत की ओर बढ़ रहा है, जियोर्जियन डी अर्रास्काटा के शानदार गोल की मदद से वे छह अंक लेकर स्वतः क्वालीफिकेशन स्थान पर पहुंच गए हैं, और लुइस डियाज के शानदार गोल ने अर्जेंटीना में ड्रॉ हासिल किया जिससे कोलंबिया की स्थिति और भी खराब हो गई।


**ब्राजील की जीत से एंसेलोटी की बढ़ियां शानदार**

- विनी जूनियर ने निर्णायक गोल किया, ब्राजील ने पैराग्वे को 1-0 से हराया
- एंसेलोटी को ब्राजील की कोचिंग में मिली पहली जीत
- ब्राजील ने 2026 फीफा विश्व कप के लिए क्वालीफाई किया
- ब्राजील ने नियो क्विमिका एरिना में तीसरी बार विश्व कप टिकट पक्का किया (2017, 2021, 2025)
- पैराग्वे की नौ क्वालीफायर मैचों की अपराजित लय टूटी
- मैच से पहले दर्शकों ने "बधाई हो, कार्लेटो" मोजेक के साथ एंसेलोटी को जन्मदिन पर शुभकामनाएं दीं

## चिली बाहर, कोच ने नाकामी की जिम्मेदारी लेते हुए छोड़ा पद

**एल ऑल्टो (आईएएनएस)**

बोलीविया के हाथों मंगलवार को 0-2 से मिली शिकस्त के बाद चिली के हेड कोच रिकार्डो



गारेका ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। इस हार के साथ चिली की फीफा विश्व कप-2026 के लिए क्वालीफाई करने की उम्मीदें खत्म हो गई हैं। एल ऑल्टो के म्युनिसिपल स्टेडियम में मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में गारेका ने कहा, "हमने कोचिंग स्टाफ के साथ एक फैसला लिया और खिलाड़ियों को बताया कि हम ऐसे हालात को कम करना चाहते हैं। उन्होंने आगे कहा, "हमने नतीजे नहीं दिए। चिली ऐसी स्थिति में है, जो कोई नहीं चाहता था। खेल के नजरिए से मेरे पास जितना भी अनुभव और करियर है, उसके साथ यह एक बड़ा झटका है। मुझे अपने पैरों पर वापस खड़ा होना होगा, ठीक वैसे ही जैसे चिली को भविष्य में अपने पैरों पर वापस खड़ा होना होगा। एल ऑल्टो में बोलिविया की ओर से पांचवें मिनट मिगुएल टेरसेरोस ने मुकाबले का पहला गोल दागा।

## बाबर, रिजवान, शाहीन को नजरअंदाज किया गया: रिपोर्ट



**मुंबई (आईएएनएस)**

राष्ट्रीय सीनियर पुरुष चयन समिति ने पूर्व कप्तानों बाबर आजम, मोहम्मद रिजवान और तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी की अनदेखी जारी रखी है और उन्हें बांग्लादेश और वेस्टइंडीज के आगामी दौरे के लिए टी20 टीम से बाहर कर दिया है। टेलीकॉम एशिया स्पोर्ट की एक रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान के चयनकर्ताओं ने व्हाइट-बॉल हेड कोच माइक हेसन और कप्तान सलमान आगा के परामर्श से सीनियर खिलाड़ियों को शामिल नहीं करने का फैसला किया। यह निर्णय व्हाइट-बॉल दौरों और आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में उनके हालिया प्रदर्शन पर आधारित लगता है। रिजवान की अगुआई में पाकिस्तान ने दक्षिण अफ्रीका में 2-0 से टी20 सीरीज में हार का सामना किया, जिसमें बाबर ने भी हिस्सा लिया था। उसके बाद, दोनों को न्यूजीलैंड दौरे और बांग्लादेश के खिलाफ घरेलू सीरीज से बाहर कर दिया गया।

## भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने यूरोप दौरे में बेल्जियम को 2-1 से हराया



**एंटवर्प (आईएएनएस)**

भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने यूरोप दौरे में बेल्जियम पर जीत का सिलसिला जारी रखते हुए जीत दर्ज की। भारत ने बेल्जियम के एंटवर्प में हॉकी सेंटर ऑफ एक्सीलेंस, विलरिजके प्लीन में बेल्जियम की टीम को 2-1 के कड़े स्कोर से हराया। लालथंतलुंगी (35') और गीता यादव (50') ने भारत के लिए गोल किए। पहला हाफ गोल रहित रहा क्योंकि दोनों टीमें कड़े मुकाबले में गतिरोध को तोड़ने में कामयाब नहीं हो सकीं। 35वें मिनट में, भारत ने आखिरकार पहला गोल किया, जब लालथंतलुंगी ने एक भाग्यशाली पेनल्टी स्ट्रोक को सफलतापूर्वक गोल में बदला। आखिरी क्वार्टर में, वैन हेलेमोंट (48') ने बेल्जियम के लिए फील्ड गोल के जरिए बराबरी का गोल किया। इसके बाद भारत ने मैच के अंतिम 10 मिनट में बेल्जियम के हमलों को रोकने के लिए अच्छा बचाव किया और सुनिश्चित किया कि वे बेल्जियम पर एक और जीत का आनंद लें।

## सौरव गांगुली ने दिया अय्यर का साथ, चयन पर उठाए सवाल

**नई दिल्ली। एजेंसी**

भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और बीसीसीआई अध्यक्ष सौरव



गांगुली इंग्लैंड के खिलाफ आगामी टेस्ट सीरीज के लिए श्रेयस अय्यर को बाहर करने के पक्ष में नहीं थे। श्रेयस पिछले एक साल से शानदार फॉर्म में हैं और वह इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) 2025 में पंजाब किंग्स को फाइनल तक ले गए और टीम के लिए शीर्ष स्कोरर बनकर उभरे हैं। गांगुली का मानना है कि श्रेयस को उनके मौजूदा फॉर्म के आधार पर चुना जाना चाहिए था। गांगुली ने रेवस्पोर्ट्ज से कहा, 'पिछले एक साल में वह अपना सर्वश्रेष्ठ खेल रहा है और उसे इस टीम में होना चाहिए था। पिछला एक साल उसके लिए शानदार रहा है। वह ऐसा खिलाड़ी नहीं है जिसे बाहर रखा जाए। वह अब दबाव में रन बना रहा है, जिम्मेदारी ले रहा है और शॉर्ट बॉल को अच्छी तरह खेल रहा है। हालांकि टेस्ट क्रिकेट अलग है, लेकिन मैं उसे इस सीरीज में शामिल करता, ताकि देख सकूं कि वह क्या कर सकता है। भारत और इंग्लैंड के बीच टेस्ट सीरीज की शुरूआत 20 जून से हेडिंग्ले में पहले मैच से शुरू होगी। पांच मैचों की सीरीज विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप 2025-27 चक्र की शुरुआत होगी।



# पूंजीगत व्यय बढ़ने से बीते एक दशक में देश के इन्फ्रास्ट्रक्चर का हुआ तेज विकास : वित्त मंत्री

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



भारत के इन्फ्रास्ट्रक्चर का बीते एक दशक में तेज विकास हुआ है। इसकी वजह पूंजीगत खर्च करीब 6 गुना बढ़कर वित्त वर्ष 2025-26 में 11.21 लाख करोड़ रुपए होना है, जो कि वित्त वर्ष 2014-15 में 2 लाख करोड़ रुपए था। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को यह बयान दिया। वित्त वर्ष 2025-26 में सरकार ने इन्फ्रास्ट्रक्चर के लिए 11.21 लाख करोड़ रुपए आवंटित किए हैं, जो कि इन्फ्रास्ट्रक्चर पर पूंजीगत व्यय का अब तक का सबसे बड़ा आंकड़ा है। वित्त मंत्री सीतारमण ने कहा, "प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले दशक में भारत के इन्फ्रास्ट्रक्चर में तेज से प्रगति हुई है। केंद्रीय मंत्री ने कहा, "सड़क परिवहन के लिए बजट आवंटन 860 प्रतिशत से अधिक बढ़ाकर 3 लाख करोड़ रुपए से अधिक कर दिया गया है। मेट्रो रेल नेटवर्क के लिए बजट आवंटन में चार गुना वृद्धि की गई है, जिससे यह 2014 में मात्र 248 किलोमीटर था, 2025 में 1,011 किलोमीटर हो जाएगा। वित्त मंत्री ने आगे कहा कि अटल सुरंग से लेकर चिनाब ब्रिज तक भारत की इंजीनियरिंग की उपलब्धियां देश के इन्फ्रास्ट्रक्चर लैंडस्केप को बदल रही हैं। वित्त मंत्री सीतारमण ने कहा, "ये इंजीनियरिंग मार्वल आधुनिक, जुड़े हुए और समृद्ध भारत के लिए पीएम मोदी के विजन को दर्शाते हैं। सरकार वित्त वर्ष 25 के लिए अपने संशोधित पूंजीगत व्यय लक्ष्य 10.18 लाख करोड़ रुपए को मामूली अंतर से पार कर सकती है। केंद्रीय बजट में पूंजीगत व्यय लक्ष्य को 11.1 लाख करोड़ रुपए से घटाकर 10.18 लाख करोड़ रुपए (संशोधित अनुमान) कर दिया गया था।

चालू वित्त वर्ष के लिए सरकार द्वारा 11.21 लाख करोड़ रुपए का पूंजीगत व्यय आवंटन निर्धारित किया गया है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के अनुसार, 2025-26 के बजट में सरकार के पूंजीगत व्यय में वृद्धि और विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ते उपभोग स्तरों के कारण भारतीय अर्थव्यवस्था दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बनी रहेगी। 2025-26 के बजट में प्रभावी पूंजीगत व्यय सकल घरेलू उत्पाद का 4.3 प्रतिशत है, जबकि राजकोषीय घाटा 4.4 प्रतिशत है।

## रेलवे पुल की संरचना बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई : अदाणी सीमेंट

**अहमदाबाद (आईएएनएस)**



अदाणी सीमेंट ने बुधवार को कहा कि जम्मू और कश्मीर में चेनाब नदी पर दुनिया के सबसे ऊंचे रेलवे आर्च ब्रिज को बनाने में उसने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। अदाणी सीमेंट, जिसमें अंबुजा सीमेंट और एसीसी शामिल हैं, ने बताया कि कंपनी चिनाब रेलवे पुल की संरचना बनाने के लिए जरूरी सीमेंट की लीड सप्लायर थी और इस प्रोजेक्ट के लिए 65,000 मीट्रिक टन सीमेंट की आपूर्ति की है। कंपनी ने बताया कि आपूर्ति किया गया ऑर्डिनरी साधारण पोर्टलैंड सीमेंट (ओपीसी) 43 ग्रेड था, जो अपनी उच्च शक्ति, स्थायित्व और निरंतर गुणवत्ता के लिए जाना जाता है। यह सीमेंट पुल को जलवायु और भूवैज्ञानिक स्थितियों के संपर्क में आने वाले जटिल और बड़े पैमाने के इन्फ्रास्ट्रक्चर के लिए आदर्श बनाता है। अदाणी समूह में सीमेंट बिजनेस के सीईओ विनोद बहेटी ने कहा, "हमारे लिए यह बेहद गर्व की बात है कि हम एक ऐसी परियोजना का हिस्सा हैं जिसने न केवल इंजीनियरिंग की सीमाओं को फिर से परिभाषित किया है बल्कि राष्ट्रीय एकीकरण में भी योगदान देती है। अदाणी सीमेंट में हम मानते हैं कि सीमेंट का हर बैग देश की प्रगति का बोझ उठाता है।

## मोदी सरकार के इथेनॉल ब्लेंडिंग प्रोग्राम से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को हुआ फायदा : मनोज खंडेलवाल

**अहमदाबाद (आईएएनएस)।** मोदी सरकार द्वारा शुरू किए गए इथेनॉल ब्लेंडिंग प्रोग्राम से किसानों को काफी फायदा हो रहा है और सीधे ग्रामीण अर्थव्यवस्था में पैसा जा रहा है। ग्रेन स्पैन न्यूट्रिएंट्स के सीईओ मनोज खंडेलवाल ने यह बयान दिया। खंडेलवाल ने कहा कि मोदी सरकार की इंडस्ट्री-फ्रेंडली नीतियों के कारण बीते 12 वर्षों में हमने गुजरात में अपने फुटप्रिंट में वृद्धि की हैं। उन्होंने आगे मोदी सरकार की इंडस्ट्रियल नीतियों की तारीफ करते हुए कहा कि हम फूड और एनर्जी बिजनेस में हैं। एनर्जी बिजनेस की शुरुआत हमने उस समय की, जब 2021 में मोदी सरकार ने इथेनॉल ब्लेंडिंग प्रोग्राम की शुरुआत की थी। खंडेलवाल ने आगे बताया कि हमें लगा कि इस कारोबार में अच्छे अवसर हैं। इस कारण हमने इथेनॉल प्रोडक्शन के लिए पहला प्लांट 2023 में शुरू किया और दूसरा 2025 में शुरू किया है। खंडेलवाल के मुताबिक, हमारे दोनों प्लांट की कैपेसिटी 350 किलो लीटर प्रति दिन है।

## हल्की बढ़त के साथ सेंसेक्स बंद, मिडकैप-स्मॉलकैप में दबाव

**मुंबई (आईएएनएस)**

भारतीय शेयर बाजार बुधवार के कारोबारी सत्र में हरे निशान में बंद



हुआ। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 123.42 अंक या 0.15 प्रतिशत की तेजी के साथ 82,515.14 और निफ्टी 37.15 अंक या 0.15 प्रतिशत की बढ़त के साथ 25,141.40 पर था। लार्जकैप की अपेक्षा मिडकैप और स्मॉलकैप में बिकवाली देखने को मिली। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 293.25 अंक या 0.49 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 59,388.15 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 101.05 अंक या 0.53 प्रतिशत की गिरावट के साथ 18,798.75 पर था। जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के रिसर्च हेड विनोद नायर ने कहा, "मूल्यांकन में वृद्धि के कारण व्यापक बाजारों में मुनाफावसूली जारी है। हालांकि, संस्थागत निवेशकों द्वारा स्थिर आय आउटलुक वाली कंपनियों को तरजीह दिए जाने के कारण लार्ज-कैप स्टॉक्स बाजार को सहारा दे रहे हैं। सेक्टोरल आधार पर आईटी, ऑटो, फार्मा, रियल्टी और एनर्जी सबसे ज्यादा बढ़ने वाले इंडेक्स थे। पीएसयू बैंक, फाइनेंशियल सर्विसेज, एफएमसीजी, मेटल और मीडिया इंडेक्स लाल निशान में बंद हुए।

## सैमसंग का ट्रिपल फोल्डिंग फोन जल्द होगा लॉन्च, फोन बन जाएगा टैबलेट

**नई दिल्ली। एजेंसी**

सैमसंग जल्द अपना तीन बार मुड़ने वाला फोल्डिंग फोन लेकर आने वाला है। इस फोन को ट्राई फोल्ड कहा जाता है। इस तरह का फोन पहले हुआवेई ने मेट एक्सटी अल्टीमेट के नाम से पेश किया था। अब सैमसंग इस कड़ी में अगला नाम होगा। सैमसंग अपने इस फोन में ड्युअल हिंज डिजाइन देगा जिसकी मदद से ये फोन दो बार फोल्ड हो सकेगा। दो बार फोल्ड होकर खुलने के बाद ये फोन से सीधे टैबलेट के साइज में बदल जाएगा। जल्द आने वाले इस खास फोन के बारे में डिटेल में जानते हैं। सैमसंग के ट्राई फोल्ड फोन के बारे में ज्यादा जानने से पहले जान लेते हैं कि ये फोन लॉन्च कब होगा। इस बारे में सैमसंग की ओर से कोई ऑफिशियल घोषणा नहीं की गई है लेकिन टिप्स्टर योगेश बरार ने एक्स पर बताया है कि ये फोन 2025 की तीसरी तिमाही में लॉन्च हो सकता है। इस लिहाज से इस पोन के सितंबर के आखिरी तक लॉन्च होने की उम्मीद की जा सकती है।

**2.5 लाख की कीमत वाला प्रीमियम फोन जल्द हो सकता है लॉन्च :** टिप्स्टर के अनुसार इस फोन की कीमत करीब 2.5 से 3 लाख रुपये तक हो सकती है। वहीं उन्होंने ये भी बताया है कि इस फोन का प्रोडक्शन बहुत ही सीमित संख्या



में होगा और इसे पहले साउथ कोरिया के बाजार में उपलब्ध कराया जाएगा। वहीं खबरें ऐसी भी हैं कि इसके लॉन्च के समय ये भारत में भी साथ में लॉन्च किया जाएगा। इस कीमत पर आने वाले इस फोन को जाहिर तौर पर आम पब्लिक के लिए नहीं बल्कि टेक लवर्स के लिए बनाया जाएगा। कीमत के मामले में ये फोन सैमसंग या ऐपल के प्रीमियम फोन्स के दाम से भी ऊपर है।

# टोरी कोल साइडिंग में अपराधियों ने की गोलीबारी, बाल-बाल बचा कर्मी

**सुरक्षा संकट**

**नवीन मेल संवाददाता**

**चंदवा।** टोरी रेलवे फाटक के समीप स्थित कोल साइडिंग में मंगलवार रात अज्ञात अपराधियों ने गोलीबारी की। अपराधियों ने साइडिंग पर बने कंटेनर रूम को निशाना बनाया, जहाँ कर्मचारी बैठे थे। एक गोली लोहे की चादर को भेदती हुई एक छोर से दूसरे छोर तक निकल गई, जो एक कर्मचारी से मात्र एक फीट की दूरी से गुजरी। घटना के बाद अफरा-तफरी मच गई। चंदवा पुलिस को सूचना दी गई, परंतु अपराधी भाग चुके थे। घटनास्थल से कोई पर्चा बरामद नहीं हुआ है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज की जांच कर रही है। थाना प्रभारी रणधीर कुमार ने पुष्टि की कि अज्ञात अपराधियों के विरुद्ध थाना कांड संख्या 125/25 दर्ज किया गया है। यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि गोलीबारी किसी उग्रवादी संगठन की ओर से थी या आपराधिक समूह की।



## कुआं सूखने की खबर पर प्रशासन सक्रिय, मरम्मत का दिया भरोसा




**नवीन मेल संवाददाता**

**बारियातू।** शिबला पंचायत के मकरा गांव स्थित बघौता टोला में कुएं के सूख जाने की खबर 'राष्ट्रीय नवीन मेल' में प्रमुखता से प्रकाशित होने के बाद प्रशासन हरकत में आया। बीडीओ अमित कुमार पासवान ने पंचायत सेवक प्रकाश कुमार एवं पंचायती राज समन्वयक पंकज पांडेय को मौके पर भेजा।

जांच में पाया गया कि पूरण राम व भुनेश्वर राम के घर के पास स्थित कुएं में पानी समाप्त हो गया है और शेष कुएं का जल दूषित है। ग्रामीणों ने तत्काल मरम्मत की मांग की। पंचायत सेवक ने कहा कि मुखिया योजना को ऑनलाइन करवाएं, रिपोर्ट भेजी जाएगी और मरम्मत के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा।

## हिंदी को स्थानीय भाषा के रूप में जोड़ने की मांग

**मेदिनीनगर।** झामुमो के युवा नेताओं ने पूर्व मंत्री मिथिलेश ठाकुर को ज्ञापन सौंपकर जेटेट परीक्षा में हिंदी को स्थानीय भाषा के विकल्प के रूप में शामिल करने की मांग की। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि पलामू में प्रशासनिक और शैक्षणिक कार्यों की प्रमुख भाषा हिंदी है, लेकिन उसे परीक्षा में अनदेखा किया जा रहा है। मंत्री ने मांग को मुख्यमंत्री के समक्ष रखने का आश्वासन दिया।

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय मार्ग फिर से हुआ चालू



**मेदिनीनगर।** नगर निगम ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय मार्ग को आम लोगों के लिए पुनः खोल दिया है। जेलहाता से बाजार तक यह संपर्क मार्ग अब पैदल और दोपहिया वाहनों के लिए सुलभ है। पूर्व में बंद इस मार्ग के कारण लोगों को कठिनाई हो रही थी। सहायक नगर आयुक्त विश्वजीत महतो ने बताया कि आवश्यकता के अनुसार आगे इसे पूरी तरह से खोला जा सकता है।

## एनएच-39 पर ट्रक ने सवारी गाड़ी को मारी टक्कर, छह घायल



**मनिका (लातेहार)।** बुधवार को एनएच-39 पर नदबेलवा स्कूल के पास एक ट्रक ने पीछे से एक सवारी गाड़ी को टक्कर मार दी, जिससे आधा दर्जन लोग घायल हो गए। सभी घायलों को सदर अस्पताल लातेहार में भर्ती कराया गया है। घायलों में चार महिलाएं और एक पुरुष शामिल हैं। घटना के बाद ट्रक चालक फरार हो गया, परंतु ट्रक को पुलिस ने जब्त कर लिया है। यह लोग बहेराटांड़ कोइलगढ़ा से शादी समारोह में भाग लेने दोमुहान ग्राम जा रहे थे।

## धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान 15 जून से, 269 गांवों में लगेंगे विकास शिविर

**नवीन मेल संवाददाता**




**लातेहार।** उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता ने बुधवार को समाहरणालय सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता में बताया कि 'धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान' के अंतर्गत 15 जून से 30 जून तक जिले के सभी प्रखंडों में शिविरों का आयोजन होगा। जनजातीय गौरव वर्ष 2025 के तहत लातेहार के अनुसूचित जनजाति बहुल 90 पंचायतों के 269 गांवों में ये शिविर लगेंगे।

शिविर में आदिम जनजाति सहित ST वर्ग के नागरिकों को आधार कार्ड, राशन कार्ड, आयुष्मान भारत कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम किसान योजना, जनधन खाता, पेंशन योजनाएं, और पीएम विश्वकर्मा योजना सहित कई सेवाएं दी जाएंगी। विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाए जाएंगे, और प्रखंड स्तर के पदाधिकारी शिविरों में भाग लेंगे।

प्रेस वार्ता में समेकित जनजातीय विकास प्राधिकरण के निदेशक प्रवीण कुमार गगराई ने बताया कि यह अभियान ST समुदाय के जीवनस्तर को उठाने हेतु चलाया जा रहा है। जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ. चंदन एवं आईटीडीए के कर्मी भी मौके पर मौजूद थे।

## फसल बीमा योजना की समीक्षा बैठक में 445 त्रुटिपूर्ण आवेदन चिन्हित

● सत्यापन उपरांत DLMC में होगा प्रस्तुत

**नवीन मेल संवाददाता**



**लातेहार।** उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में जिला स्तरीय फसल बीमा निगरानी समिति (DLMC) की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला सहकारिता पदाधिकारी ने बताया कि 'बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना रबी 2024' के तहत चना, आलू, सरसों एवं गेहूं की फसलों का बीमा ICICI लोम्बार्ड कंपनी द्वारा कराया गया है। इस योजना से कुल 4297 किसानों के 3964.576 हेक्टेयर क्षेत्र का बीमा किया गया है। बीमा कंपनी द्वारा जानकारी दी गई कि 445 किसानों के आवेदन त्रुटिपूर्ण पाए गए हैं, जिनमें कुल 3721 त्रुटियाँ चिन्हित की गई हैं। बैठक में निर्णय लिया गया कि इन त्रुटियों की हार्ड कॉपी जिला प्रबंधक द्वारा उपलब्ध कराई जाएगी और उनका सत्यापन कर अगली DLMC बैठक में प्रस्तुत किया जाएगा। बैठक में अपर समाहर्ता रामा रविदास, जिला सहकारिता पदाधिकारी जगमनी टोपनो, जिला कृषि पदाधिकारी अमृतेश कुमार सिंह, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ. चंदन, गव्य, मत्स्य और अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

## पलामू जिले में स्वास्थ्य विभाग में 101 अभ्यर्थियों की नियुक्ति, डीसी ने सौंपे नियुक्ति पत्र

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला स्वास्थ्य समिति अंतर्गत राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के तहत बुधवार को 101 अभ्यर्थियों का विभिन्न पदों के लिए चयन कर नियुक्ति पत्र वितरित किए गए। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी समीरा एस ने अपने कार्यालय कक्ष में पांच चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपकर कार्यक्रम का औपचारिक उद्घाटन किया। इनमें लैब टेक्नीशियन के पद पर बिंदा कुमारी, एएनएम के लिए रिष्मा कुमारी, जीएनएम के लिए सुमन कुमारी, काउंसलर पद पर लालमोहन कुमार और फार्मासिस्ट पद पर चरित्र संजीव कुमार पासवान को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। उल्लेखनीय है कि यह नियुक्ति विज्ञापन संख्या 1/25 के तहत की गई है, जो पूरी तरह अनुबंध आधारित है। नियुक्ति के लिए 11 मई को लिखित परीक्षा आयोजित की गई थी। चयन प्रक्रिया के बाद विभिन्न तकनीकी और प्रशासनिक पदों जैसे स्टाफ नर्स, डीडीएम आदि पदों के लिए योग्य अभ्यर्थियों को नियुक्त किया गया है।

## शिक्षकों की बैठक में उठी शिक्षा की बदहाली की आवाज



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** उर्दू मध्य विद्यालय परिसर में अजाप्टा की प्रखंड स्तरीय बैठक में शिक्षकों ने शिक्षा व्यवस्था की खामियों को लेकर गहरी नाराजगी जताई। सचिव निर्मल कुमार ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए पर्याप्त संसाधन, किताबें और शिक्षक आवश्यक हैं। बैठक में शिक्षकों ने एमएसीपी, सेवा सत्यापन, प्रमोशन और रिक्त प्रधानाध्यापक पदों पर भर्ती की मांग की। वरिष्ठ शिक्षक गिरिवर राम, मनोज कुमार चौधरी सहित अन्य ने सरकार की उदासीनता पर गहरी चिंता व्यक्त की। इस अवसर पर सुरेंद्र राम, जितेंद्र राम, सैयद इकबाल सहित दर्जनों शिक्षक मौजूद थे।

## आषाढ़ मास का धार्मिक व ज्योतिषीय महत्व

**हैदरनगर।** हिन्दू पंचांग के अनुसार आषाढ़ मास नववर्ष संवत्सर का चौथा महीना होता है, जो ग्रीष्म और वर्षा ऋतु के संधिकाल का प्रतिनिधित्व करता है। इस मास में अध्यात्म, तांत्रिक साधना और कई प्रमुख धार्मिक पर्वों की श्रृंखला जुड़ी होती है। वयोवृद्ध पंडित कुंडल तिवारी ने बताया कि इस मास में गुप्त नवरात्र के दौरान माता दुर्गा की दस महाविद्याओं की साधना की जाती है। अमावस्या, योगिनी एकादशी, देवशयनी एकादशी और गुरु पूर्णिमा जैसे पर्व विशेष रूप से मनाए जाते हैं। इसी मास से कृषि कार्यों की विधिवत शुरूआत भी होती है, जब किसान खेतों में बीज बोना शुरू करते हैं। यह महीना भगवान विष्णु व जल देवता को समर्पित माना जाता है।

## चौकड़ी पंचायत में सड़कों की गुणवत्ता पर सवाल पीसीसी पर पिच डालकर की गई लीपापोती

**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** प्रखंड के चौकड़ी पंचायत में मुख्यमंत्री ग्राम सड़क सुदृढ़ीकरण योजना के तहत बनी सड़क की गुणवत्ता को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश है। स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि जपला-मोहम्मदगंज मुख्य पथ से चौकड़ी तक एक सप्ताह पूर्व बनी सड़क में घोर अनियमितता बरती गई है। प्रह्लाद पाठक, राकेश कुमार, चिदानंद पाठक सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि पीसीसी सड़क की मात्र तीन इंच की ही ढलाई की गई है, जो कुछ ही दिनों में जगह-जगह से उखड़ने लगी है। आरोप है कि निर्माण में सीमेंट, बालू और स्टोन की जगह डस्ट व घटिया सामग्री का प्रयोग हुआ,



जिससे सड़क पर लगातार धूल उड़ रही है। ग्रामीणों के विरोध के बाद 19 अप्रैल को संवेदक द्वारा मात्र पिच की पतली परत डाल दी गई, जिससे सड़क की स्थिति और बदतर हो गई। लोगों ने यह भी बताया कि पीसीसी पर पिच डालना निर्माण नियमों का सरासर उल्लंघन है, फिर भी उच्चाधिकारियों के निर्देशों की अनदेखी कर लीपापोती की गई। नितीश पाठक, प्रभु चंद्रवंशी, रामेश्वर राम समेत दर्जनों ग्रामीणों ने उपायुक्त पलामू से इस मामले की जांच कर दोषी संवेदक पर कार्रवाई करने की मांग की है। उनका कहना है कि इस तरह की लापरवाही से न सिर्फ सरकारी धन की बर्बादी हो रही है, बल्कि ग्रामीणों की सुरक्षा भी खतरे में है। गांव के सामाजिक कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र उचित कार्रवाई नहीं की गई, तो आंदोलन किया जाएगा। सड़क निर्माण में की गई अनियमितता को लेकर व्यापक जांच की जरूरत है, जिससे इस तरह के घोटालों पर लगाम लग सके।

## आम तोड़ने के विवाद में मारपीट

**मेदिनीनगर।** चीछोरी गांव में आम तोड़ने के विवाद में तीन लोग घायल हो गए। घायल महजिदन बीबी ने बताया कि जब वह अपने दामाद और बेटी के साथ आम तोड़ रही थीं, तभी देवर ईदरिस अंसारी, अलिना बीबी और अन्य ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया। घायलों का एमएमसीएच मेदिनीनगर में इलाज चल रहा है।

## जेटेट अभ्यर्थियों ने उठाई स्थानीय भाषा की मांग

**मेदिनीनगर।** जेटेट परीक्षा में नागपुरी और कुड़ुख को स्थानीय भाषा के रूप में शामिल करने पर विरोध जताते हुए अभ्यर्थियों ने डीईओ सौरभ प्रकाश से मुलाकात की। युवा नेता आशीष भारद्वाज के नेतृत्व में अभ्यर्थियों ने भोजपुरी और मगही को पलामू की प्रमुख भाषा बताते हुए उन्हें परीक्षा में शामिल करने की मांग की।

# समाहरणालय में जनता दरबार आयोजित डीडीसी ने 20 से अधिक मामलों की सुनी फरियादें

● उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद ने दिए समस्याओं के त्वरित समाधान के निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला समाहरणालय सभागार में बुधवार को जनता दरबार का आयोजन किया गया। उपायुक्त समीरा एस के निर्देश पर उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद ने आम नागरिकों से मिलकर उनकी समस्याएं सुनीं और समाधान हेतु संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

जनता दरबार में 20 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें भूमि विवाद, मुआवजा भुगतान, सेविका चयन में अनियमितता, सीमांकन, मृत्यु प्रमाण पत्र व एलपीसी निर्गत न होने जैसी समस्याएं प्रमुख रहीं।

**मुआवजा, धमकी और चयन**



**अनियमितता की उठी आवाज़ :** जनता दरबार में ग्राम पिपरा (विश्रामपुर) से आए संतोष प्रसाद गुप्ता ने एनएच-75 चौड़ीकरण के लिए हुई भूमि अधिग्रहण के एवज में उचित मुआवजा न मिलने की शिकायत दर्ज कराई। वहीं, ग्राम डबरा (लेस्लीगंज) के प्रभुदयाल यादव ने कुछ स्थानीय निवासियों द्वारा हथियार के बल पर जबरन सड़क निर्माण कराने की बात कही। छत्तरपुर से आई प्रतिमा कुमारी ने अपने आवेदन में आंगनबाड़ी सेविका चयन में अनियमितता का आरोप लगाते हुए जांच और कार्रवाई की मांग की।

उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद ने कहा कि सभी प्राप्त आवेदनों को गंभीरता से जांच कर, प्राथमिकता के आधार पर निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि लोगों को अनावश्यक परेशानी न हो, यह सुनिश्चित करें और समस्याओं का समाधान समयबद्ध रूप से करें।

जनता दरबार में उपस्थित अधिकारियों को संबंधित आवेदनों को स्थानांतरित कर शीघ्र समाधान के निर्देश दिए गए।

**राष्ट्रीय पहचान की मांग तेज** | 1887 में स्थापित इस शक्ति पीठ को लेकर श्रद्धालुओं में उमंग, केंद्र सरकार से राष्ट्रीय धार्मिक मान्यता की अपील

# धार्मिक पर्यटन सर्किट में शामिल हुआ हैदरनगर का सिद्धपीठ देवीधाम



**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** पलामू जिले के ऐतिहासिक धार्मिक स्थल देवी शक्ति सिद्धपीठ, हैदरनगर को झारखंड सरकार ने पलामू प्रमंडल धार्मिक पर्यटन सर्किट में औपचारिक रूप से शामिल कर लिया है। हाल ही में रांची में आयोजित राज्य पर्यटन संवर्धन समिति की बैठक में यह निर्णय लिया गया, जिससे स्थानीय श्रद्धालुओं और जनप्रतिनिधियों में हर्ष की लहर है। सन 1887 में स्थापित यह मंदिर न केवल झारखंड, बल्कि उत्तर प्रदेश, बिहार, ओडिशा, मध्यप्रदेश और पश्चिम बंगाल के श्रद्धालुओं के लिए भी आस्था का केंद्र है। नवरात्रि के दोनों अवसरों पर यहां लाखों श्रद्धालु एकत्र होते हैं। सन 2023 में राज्य सरकार ने इसे राजकीय पर्यटन स्थल के रूप में मान्यता दी थी, जिससे विकास की राहें और खुली हैं। स्थानीय युवा समाजसेवी अंकू सिंह राणा द्वारा देवीधाम को राष्ट्रीय धार्मिक पर्यटन सर्किट में शामिल करने की माँग को लेकर कई बार राज्य व केंद्र सरकार को ज्ञापन सौंपे गए हैं। उन्होंने बताया कि रेलवे सुविधाओं में भी सुधार की दिशा में प्रयास जारी हैं।

### रेलयात्री सुविधा बढ़ाने का हो रहा है प्रयास

फिलहाल 10 में से 8 ट्रेनों का ठहराव है, जबकि राजधानी एक्सप्रेस, गरीब रथ और वंदे भारत जैसे प्रमुख ट्रेनों के अस्थायी ठहराव की माँग लंबित है। प्रबुद्धजनों, जनप्रतिनिधियों और समाजसेवियों ने इसे ऐतिहासिक उपलब्धि बताते हुए कहा कि राष्ट्रीय स्तर की मान्यता से न केवल क्षेत्र की सांस्कृतिक समृद्धि बढ़ेगी, बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी गति मिलेगी। मंदिर प्रबंधन समिति के पूर्व अध्यक्ष स्व. गुरु प्रताप शाहिदेव के पुत्र आकाश प्रताप शाहिदेव, डॉ. अजय जयसवाल, मंटू मेहजा आदि ने सरकार से वार्षिक देवीधाम महोत्सव को स्थायी रूप से शुरू करने की अपील की है।

## पूर्व प्रमुख शांतनु शुक्ला नहीं रहे

**मेदिनीनगर।** सदर प्रखंड के भूतपूर्व प्रमुख शांतनु शुक्ला का मंगलवार की रात निधन हो गया। वे 85 वर्ष के थे और कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। उनका अंतिम संस्कार सिंगरा गांव में किया गया। उनके निधन पर कई जनप्रतिनिधियों और समाजसेवियों ने उनके आवास पर पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की और इसे समाज के लिए बड़ी क्षति बताया।

## शहर की सड़कों पर लौटेगी रौशनी

**मेदिनीनगर।** नगर निगम क्षेत्र में अंधेरे से निजात दिलाने के उद्देश्य से 350 से अधिक एलईडी स्ट्रीट लाइटें लगाई जाएंगी। यह पहल न केवल शहर की सुंदरता बढ़ाएगी, बल्कि रात में आवाजाही को भी सुरक्षित बनाएगी। एक दशक पहले लगाई गई लाइटें अब खराब हो चुकी हैं।

## पेज एक के शेष

### सार्वजनिक स्थलों...

शिक्षण संस्थान, अस्पताल, स्वास्थ्य संस्थान, दफ्तर और कोर्ट के सौ मीटर के परिधि में सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पाद की खरीद-बिक्री की अनुमति नहीं होगी। इसके अलावा, पैकेट खोलकर सिगरेट बेचने पर भी रोक रहेगी। ज्ञात हो कि झारखंड विधानसभा की ओर से पारित यह संशोधन विधेयक राज्यपाल के माध्यम से राष्ट्रपति की स्वीकृति के लिए भेजा गया था। राष्ट्रपति की ओर से अनुमोदन के बाद विधेयक राज भवन को प्राप्त हो गया है। झारखंड राजभवन के मीडिया कोषांग ने बुधवार को जारी सूचना में बताया है कि झारखंड विधानसभा में पारित सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पाद (विज्ञापन का प्रतिषेध और व्यापार तथा वाणिज्य, उत्पादन, प्रदाय और वितरण विनियमन) (झारखंड संशोधन) विधेयक, 2021 पर भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने स्वीकृति प्रदान कर दी है।

### हाईकोर्ट ने एसटी अभ्यर्थी...

इस पर हाईकोर्ट की एकल पीठ में प्रार्थी के पक्ष में फैसला सुनाते हुए कहा था कि चूंकि प्रार्थी हाईकोर्ट के आदेश के आलोक में इंटरव्यू दे चुका है और वह उस परीक्षा में अधिकतम नंबर वाला भी रहा है, कई परीक्षाओं में अनुसूचित जनजाति (एसटी) के अभ्यर्थियों के लिए परीक्षा फीस भी नहीं लिया जाता है। ऐसे में उसे नियुक्ति प्रक्रिया में शामिल किया जाए।

हाईकोर्ट की एकल पीठ ने प्रार्थी मनोज कुमार कच्छप की रिट याचिका को स्वीकृत करते हुए जेपीएससी को निर्देश दिया था कि वह चार सप्ताह में प्रार्थी को नियुक्त करे। इसके बाद जेपीएससी ने अपील दाखिल कर हाईकोर्ट की खंडपीठ में चुनौती दी। जेपीएससी की दलील थी कि प्रार्थी ने जब अपना परीक्षा फॉर्म भरा था, उस दौरान जेपीएससी के वेबसाइट का स्टेटस फेल हो गया था, जिससे फीस का पैसा जेपीएससी के अकाउंट में नहीं आया था। इस कारण उन्हें पहले इंटरव्यू में नहीं बुलाया गया था और अब उनकी नियुक्ति नहीं की जा रही है।

ज्ञात हो कि जुलाई 2018 में जेपीएससी ने नागपुरी भाषा के लिए एसटी उम्मीदवारों के लिए बैकलॉग वैकेंसी के तहत असिस्टेंट प्रोफेसर के 4 पदों के लिए विज्ञापन संख्या 5/2018 निकला था। इसके बाद दस्तावेजों की स्क्रूटनी में उपरोक्त प्रार्थी को 85 में से 72.10 नंबर दिए गए। लेकिन, इंटरव्यू लिस्ट जारी होने पर प्रार्थी का नाम उसमें नहीं आया। इसके बाद उनकी ओर से हाईकोर्ट में रिट याचिका दाखिल की गई।

याचिका पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने प्रार्थी को इंटरव्यू में शामिल कराने का निर्देश जेपीएससी को दिया। साथ ही कहा कि इनका रिजल्ट इस याचिका के अंतिम आदेश से प्रभावित होगा। इसके बाद प्रार्थी को इंटरव्यू में शामिल कराया गया, जेपीएससी ने 23 दिसंबर 2021 को रिजल्ट जारी किया, लेकिन कोर्ट के आदेश के आलोक में एक पद पर रिजल्ट को रोक दिया गया। बाद में कोर्ट ने प्रार्थी का रिजल्ट मंगाया। जेपीएससी ने सीलबंद रूप में प्रार्थी का मार्क्स कोर्ट के समक्ष पेश किया, जिसमें कोर्ट को पता चला कि प्रार्थी उस पूरी परीक्षा में सबसे अधिक नंबर लाने वाला अभ्यर्थी है। अब प्रार्थी को कोर्ट के फैसले का इंतजार है।

### जेपीएससी परीक्षा के...

जेपीएससी को नोटिस जारी कर कई बिंदुओं पर उससे जवाब मांगा है। कोर्ट ने शपथ पत्र के माध्यम से जेपीएससी को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। अगली सुनवाई 23 जुलाई को होगी। प्रार्थियों की ओर से विज्ञापन या नियमों का हवाला देते हुए कहा गया कि उक्त सिविल सेवा परीक्षा में डिजिटल मूल्यांकन किया गया, जबकि इसका कोई प्रावधान नहीं है। इतना ही नहीं, थर्ड पार्टी एजेंसी के माध्यम से मूल्यांकन कराया गया, यह थर्ड पार्टी एजेंसी कौन है, टेंडर कब हुआ, इस संबंध में कोई जानकारी नहीं है।

प्रार्थियों की ओर से यह भी कहा गया है कि उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन विश्वविद्यालय से सम्बद्ध कॉलेज में कार्यरत 10 साल से अधिक अनुभव वाले शिक्षकों या पोस्ट ग्रैजुएट डिग्री होल्डर शिक्षकों, जिनका अनुभव पांच साल से ज्यादा हो, उनसे कराया जाना था, लेकिन इस परीक्षा में दो साल अनुभव वाले गेस्ट फैकल्टी से उत्तर पुस्तिका की जांच कराई गई। इसलिए मुख्य परीक्षा की मेरिट लिस्ट को खारिज करते हुए दोबारा उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कराया जाए।

### अंकोरवट मंदिर की...

पंडाल इतना बड़ा बनाया जाएगा कि बिना किसी मुश्किल और परेशानी के लाखों लोग पंडाल की सुंदरता सहित मां का दर्शन कर सकेंगे। पंडाल को 150 से अधिक कारीगर तैयार करेंगे।

भारतीय युवक संघ, रांची के प्रवक्ता अमित बजाज ने बताया कि पिछले 67 वर्षों से भारतीय युवक संघ, बकरी बाजार परिसर में दुर्गा पूजा का उत्सव धूमधाम से मनाता आ रहा है। इस बार भी दुर्गोत्सव भव्य रूप से मनाया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य रूप से रांची जिला दुर्गा पूजा समिति के पूर्व अध्यक्ष अशोक पुरोहित, शंभू अग्रवाल, रमेश खेमका, राहुल अग्रवाल, अरविंद चौधरी, अमर पोद्दार, मुकेश जालान, रवि रोहतगी, कमल जालान, अमित सोनी, सिद्धांत तोदी, विवेक अग्रवाल, सत्येंद्र जालान, संजय चौधरी, अमित बजाज, दीपक चौधरी, किशन मोदी, मनीष साहू, अभय बजाज, प्रमोद बगड़िया, किशोरी पोद्दार, सुनील अग्रवाल, प्रथम धेलिया, देवेश झा एवं अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## दुर्लभ मृदा खनिज के लिए चीन से बातचीत कर रहा भारत

# पृथ्वी तत्वों के लिए 'वैकल्पिक स्रोतों' पर भी कर रहा काम

**इनका उपयोग लैपटाप, फोन, सेटेलाइट, एक्सरे मशीन, कार आदि के मैगनेट, चिप्स आदि बनाने में होता है**

ब्यूरो

**नई दिल्ली।** दुर्लभ मृदा खनिज पर चीन ने अंकुश लगा दिया है । भारत उसके लिए चीन के सामने मजबूर है। हालत यह है कि भारत तनाव वाले संबंधों के बावजूद चीन से दुर्लभ मृदा खनिजों से बने स्थायी चुंबकों की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए बातचीत कर रहा है। इसके अलावा इन महत्वपूर्ण पृथ्वी तत्वों के लिए 'वैकल्पिक स्रोतों' पर भी काम कर रहा है। लेकिन यह काम इतना खर्चीला है कि वर्षों तक आवश्यकता पूरा करने में सक्षम होने की संभावना कम है। फिलहाल तो हालत यह है कि दुर्लभ पृथ्वी चुंबकों की आपूर्ति का 90% चीन के नियंत्रण में है। चीन की ओर से दुर्लभ मृदा खनिज की सप्लाई चेन बाधित होने की वजह से उद्योग जगत में हाहाकार की स्थिति पैदा होने लगी है। ऑटो उद्योग व बाकी उद्योग संगठनों की ओर से इसी वजह से सरकार से इस मामले जल्द से जल्द समाधान की मांग की जा रही है। चीन ने अप्रैल में सात दुर्लभ पृथ्वी तत्वों और उनसे जुड़े चुंबकों के लिए विशेष निर्यात लाइसेंस जरूरी कर दिया था। चीन यह चाहता है कि वह जो स्थायी चुंबक सप्लाई करेगा, यह सुनिश्चित हो जाय कि 1- उसे वहां से अमेरिका को निर्यात नहीं किया जाए। 2- उनका इस्तेमाल रक्षा उद्योगों में इस्तेमाल नहीं किया जाए।इन शर्तों के कारण भारत सरकार चीन के साथ कूटनीतिक स्तर पर तो रेयर अर्थ मिनरल्स की सप्लाई चेन आसान करने के लिए बात कर ही रहा है, और इंडियन रेयर अर्थ्स लिमिटेड से घरेलू संसाधनों के विकास में तेजी लाने के लिए भी कह रही है।


### क्या दुर्लभ पृथ्वी तत्व?

दुर्लभ मृदा तत्व कुल 17 तत्वों का एक पूरा समूह है। इसमें 15 लैंथेनाइड श्रृंखला के तत्व शामिल होते हैं। इनमें लैन्थेनम, सेरियम, नियोडीमियम, प्रोमेथियम,प्रासियोडीमियम, समैरियम, यूरोपियम, टर्बियम, डिस्प्रोसियम, होल्मियम, एर्बियम, थुलियम, येटरबियम,गैडोलिनियम व ल्यूटेटियम जैसे तत्व शामिल हैं। इनके अलावा स्कैंडियम और येट्रियम भी दुर्लभ मृदा खनिजों में शामिल हैं।

*इन विकल्पों पर काम करके रेयर अर्थ एलिमेंट्स पर निर्भरता कम की जा सकती है।*

### दुर्लभ मृदा तत्व आज के हाई-टेक सामान जैसे-

स्मार्टफोन, कंप्यूटर, इलेक्ट्रिक गाड़ियां लड़ाकू विमान जैसी चीजें



बनाने के लिए अति आवश्यक हैं। ये एलईडी, बैटरी, लेजर व पेट्रोलियम उत्पादों के लिए भी जरूरी हैं। यदि किसी चीज की कमी या कारण से इनके उत्पादन में रुकावट आ जाए, तो परिणाम इतने गंभीर हो सकते हैं कि कहा नहीं जा सकता। ब्लूमबर्ग की एक रिपोर्ट के अनुसार दुनिया में लगभग 70% दुर्लभ पृथ्वी तत्वों का उत्पादन चीन करता है। इसके अलावा ऐसे दुर्लभ खनिजों को शुद्ध करने का 90% से ज्यादा काम भी वहीं होता है। अमेरिका व उसके सहयोगी देश चीन के इस दबदबे को कम करने की बहुत कोशिश करने व दुर्लभ मृदा तत्वों की सप्लाई चेन बनाने में लगे हुए हैं। फिर भी ये चीन के मुकाबले अभी बहुत पीछे हैं। अमेरिकी रक्षा विभाग टेक्सास प्लांट को वैकल्पिक स्रोत के लिए पिछले साल तक ही 300 मिलियन डॉलर से ज्यादा धन दे चुका था। इसका लक्ष्य 2027 तक दुनिया की 25% दुर्लभ पृथ्वी ऑक्साइड सप्लाई करने की है। अमेरिका की कई और कंपनियां इसमें लगी हुई हैं, लेकिन पैसे की कमी के कारण प्रोजेक्ट में देरी हो रही है। जापान ने 2010 में चीन से झटका लगने के बाद बहुत ज्यादा कोशिश करके दुर्लभ मृदा तत्वों की अपनी 60% निर्भरता कम करने में सफल रहा।सवाल है कि क्या भारत के पास इसके लिए उतना धन व अन्य संसाधन तथा तकनीक है?

### इनकी खदानें दुनिया में कहां-कहां हैं?

दुर्लभ पृथ्वी या मृदा तत्वों की खदानें दुनिया में कुछ ही जगहों पर हैं, जिनमें चीन, वियतनाम, ब्राजील व रूस प्रमुख हैं। दुर्लभ मृदा तत्व में कुछ विशेष गुण होते हैं। ये बिजली, चुंबक, भौतिक और रासायनिक गुणों में अन्य पृथ्वी तत्वों से बहुत अलग होते हैं। इन्हीं कारण से ये सुपर मैग्नेट, लेजर तकनीक व रासायनिक संश्लेषण के लिए उत्प्रेरक जैसे जरूरी उपकरण के काम आ पाते हैं। इनके अब कुछ विकल्प भी मौजूद हैं, लेकिन ये भी बहुत ही सीमित हैं, जो बिना इसके मूल प्रभाव को कम किए उनकी जगह ले सकते हैं। इनके चार विकल्प हो सकते हैं, जो दुर्लभ मृदा तत्वों की जगह ले सकते हैं।

**1. उल्कापिंड चुंबक :** उल्कापिंडों से प्राप्त चुंबक।

**2. आयरन-नाइट्राइड सुपर मैग्नेट :** लोहे और नाइट्रोजन से बने शक्तिशाली चुंबक।

**3. बॉक्साइट अवशेष :** दुर्लभ पृथ्वी तत्वों के बॉक्साइट अवशेष से फिर से प्राप्त करके तैयार करना।

**4. री-फ्री डिजाइन :** ऐसे प्राडक्ट का विकास,जिनमें दुर्लभ पृथ्वी तत्वों की जरूरत ही न हो।

## पाकिस्तानी नागरिक अमेरिका से आतंकी साजिश आरोप में डिपोर्ट




**न्यूयॉर्क।** कनाडा में रहने वाले एक पाकिस्तानी नागरिक को आतंकवादी गतिविधियों में शामिल होने के आरोप में अमेरिका प्रत्यर्पित किया गया है। इसकी घोषणा फेडरल अथॉरिटीज ने की है। गिरफ्तार शख्स पर आईएसआईएस को मदद करने की कोशिश और ब्रुकलिन में एक यहूदी केंद्र पर सामूहिक गोलीबारी की साजिश रचने का आरोप है। पाकिस्तानी नागरिक मुहम्मद शाहजेब खान को 4 सितंबर 2024 को कनाडा में गिरफ्तार किया गया था, जिस पर इस्लामिक स्टेट आतंकवादी संगठन से प्रेरित हिंसक हमले की योजना बनाने का आरोप है।

## डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिका-चीन के बीच ट्रेड डील का ऐलान किया

**न्यूयॉर्क ।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिका और चीन के बीच ट्रेड डील समझौते की घोषणा की। इस समझौते के तहत चीन अब अमेरिकी कंपनियों को रेयर अर्थ मटेरियल की आपूर्ति करेगा।रेयर अर्थ मटेरियल तकनीकी उपकरण, स्मार्टफोन और इलेक्ट्रिक कार जैसी चीजों के लिए बेहद जरूरी होता है। इसके बदले अमेरिका, चीनी छात्रों को अपने कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में पढ़ाई करने की इजाजत देगा।

## कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने पीएम मोदी को लिखा पत्र

# लोकसभा उपाध्यक्ष का चुनाव कराने का पीएम से किया आग्रह



**खड़गे ने कहा**
- विपक्षी दल के सदस्य को है उपाध्यक्ष बनाने की परंपरा
- अनुच्छेद 93 के तहत डिप्टी स्पीकर का चुनाव अनिवार्य

ब्यूरो

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक पत्र लिखा है। वे राज्यसभा में विपक्ष के नेता भी हैं।उन्होंने पीएम मोदी से जल्द लोकसभा के उपाध्यक्ष का चुनाव कराने का आग्रह किया है। खड़गे ने कहा कि लोकसभा में डिप्टी स्पीकर का पद पिछले दो कार्यकालों से खाली है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि यह भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए ठीक नहीं है। यह संविधान के नियमों का भी उल्लंघन है। आखिरी बार 16वीं लोकसभा में एआईएडीएमके के नेता एम थंबीदुरई को लोकसभा का डिप्टी स्पीकर चुना गया था। खड़गे ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, 'पहली से सोलहवीं लोकसभा तक हर सदन में एक उपाध्यक्ष रहा है। आमतौर पर यह एक स्थापित परंपरा रही है कि उपाध्यक्ष की नियुक्ति मुख्य विपक्षी दल के सदस्यों में से की जाए।' उन्होंने पीएम को लिखे पत्र के साथ यह बात कही। उन्होंने आगे लिखा, 'सत्रहवीं लोकसभा के दौरान कोई भी उपाध्यक्ष नहीं चुना गया था, और यह चिंताजनक चलन वर्तमान अठारहवीं लोकसभा में भी जारी है।' खड़गे ने अपनी चिट्ठी में लिखा है, 'भारत के संविधान का अनुच्छेद 93 लोकसभा के स्पीकर और डिप्टी स्पीकर दोनों के चुनाव को अनिवार्य बनाता है। संवैधानिक रूप से, डिप्टी स्पीकर, स्पीकर के बाद सदन का दूसरा सबसे बड़ा पीठासीन अधिकारी होता है।' उन्होंने कहा कि अनुच्छेद 93 में कहा गया है कि सदन 'जितनी जल्दी हो सके' किसी एक को डिप्टी स्पीकर चुनेगा। खड़गे के अनुसार, 'परंपरागत रूप से उपाध्यक्ष का चुनाव नवगठित लोकसभा के दूसरे या तीसरे सत्र में किया जाता रहा है। इस चुनाव की प्रक्रिया स्पीकर की प्रक्रिया को दर्शाती है और एकमात्र अंतर यह है कि लोकसभा में प्रक्रिया और कार्य संचालन के नियमों के नियम 8(1) के अनुसार, डिप्टी स्पीकर के चुनाव की तारीख स्पीकर द्वारा तय की जाती है।' विपक्षी दलों को कहना है कि केन्द्र सरकार मनमानी करते हुए लोक सभा उपाध्यक्ष पद का चुनाव ही नहीं कराना चाहती है। मालूम हो कि लोकसभा का डिप्टी स्पीकर एक महत्वपूर्ण संवैधानिक पद है। डिप्टी स्पीकर का मुख्य काम लोकसभा स्पीकर की अनुपस्थिति में लोकसभा की कार्यवाही का संचालन करना है। वे सदन को सुचारू रूप से चलाने का काम करते हैं। जब डिप्टी स्पीकर सदन की अध्यक्षता करते हैं, तो उनके पास स्पीकर के समान अधिकार होते हैं। वे व्यवस्था बनाए रखते हैं, व्यवस्था के मुद्दों पर निर्णय लेते हैं और बहस का संचालन करते हैं। यह महत्वपूर्ण है कि डिप्टी स्पीकर गैर-पक्षपातपूर्ण तरीके से काम करें। उन्हें स्पीकर की तरह ही निष्पक्ष रहना होता है, भले ही वे किसी राजनीतिक दल से चुने गए हों। लोकसभा के अंतिम डिप्टी स्पीकर एम थंबी दुरई थे। वे ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कड़गम से थे। उन्होंने 16वीं लोकसभा (2014-2019) के दौरान डिप्टी स्पीकर के रूप में कार्य किया। लेकिन, 2019 के लोकसभा चुनावों के बाद से यह पद खाली है।

# यूपी में विवाह पंजीकरण को लेकर कड़े किए गए नियम

संवाददाता



- **दुल्हन, दूल्हा या उनके माता-पिता में से किसी का उस शहर का 'सामान्य रूप से' निवासी होना आवश्यक**

**लखऊ।** उ. प्र. में विवाह पंजीकरण को लेकर नियमों को अब कड़ा कर दिया गया है। अब विवाह करने वाले जोड़े का प्रदेश के किसी शहर में विवाह पंजीकरण तभी होगा, जब दुल्हन, दूल्हा या उनके माता-पिता में से कोई भी उस शहर का 'सामान्य रूप से' निवासी हो।इसके अलावा भी कई अन्य नियम इलाहाबाद हाईकोर्ट के अंतरिम आदेश के बाद बदले गए हैं, जिसके लिए योगी सरकार ने शासन आदेश जारी कर दिया है।अब तक विवाह पंजीकरण नियम के तहत शादीशुदा जोड़ा कहीं भी अपना विवाह पंजीकृत करवा सकता था। इसके लिए उन्हें या उनके परिवार का उस जगह का निवासी होना अनिवार्य नहीं था।इससे होगा यह कि लव या दलालों के मार्फत फर्जी शादी करने वाले युवा व युवती कहीं और किसी शहर में जाकर कोर्ट में शादी कर लेते थे। उनके घर वालों के इनके लवेरिया कांड या फर्जीवाड़े का पता तब चलता था जब वे शादी का सर्टिफिकेट दिखाने लगते थे। मालूम हो कि 12 मई को इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने इस बारे में स्वतः संज्ञान लिया था, जिसमें अदालत ने कहा था कि दलालों का एक संगठित गिरोह है, जो जाली दस्तावेजों के आधार पर फर्जी विवाह पंजीकृत करवाता है। इसके बाद हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को छह महीने के भीतर उत्तर प्रदेश विवाह पंजीकरण नियम, 2017 में संशोधन करने का निर्देश दिया था। जस्टिस विनोद दिवाकर ने विवाह पंजीकरण का कार्य सौंपे गए सभी उप पंजीयकों को 14 अक्टूबर, 2024 को जारी निर्देशों का पालन करने का निर्देश दिया। इन निर्देशों में वर-वधू का आधार-आधारित वेरिफिकेशन, दोनों पक्षों और दो गवाहों का बायोमेट्रिक डेटा और फोटो, तथा डिजीलॉकर, सीबीएसई, यूपी बोर्ड, सीआईएससीई सीआरएस, पासपोर्ट, पैन, ड्राइविंग लाइसेंस जैसे आधिकारिक पोर्टलों के माध्यम से आयु सत्यापन की बात कही गई है। उत्तर प्रदेश के अधिकारियों को अब यह भी निर्देश दिया गया है कि अपंजीकृत रेंट एग्रीमेंट को निवास के प्रमाण के रूप में नहीं माना जाएगा। इसके अलावा विवाह को संपन्न कराने वाले व्यक्ति को विवाह पंजीकृत होने के समय उपस्थित होना होगा और एक शपथ पत्र प्रस्तुत करना होगा। रिपोर्ट में एक अधिकारी के हवाले से कहा गया है कि अदालत का आदेश गाजियाबाद के बाहर के लोगों द्वारा शहर में अपनी शादी पंजीकृत कराने और अपने परिवारों से सुरक्षा के लिए उच्च न्यायालय में याचिका दायर करने से उत्पन्न 'न्यायालय संबंधी मुद्दों' के संबंध में दिया गया था।रिपोर्ट के अनुसार, अधिकारियों ने बताया कि गाजियाबाद 'भागे हुए जोड़ों की शादियों के लिए एक पसंदीदा जगह के रूप में उभरा है।' रिपोर्ट में सहायक महानिरीक्षक (एआईजी, स्टांप) पुष्पेंद्र कुमार के हवाले से कहा गया है, 'उच्च न्यायालय के निर्देश नियमों में संशोधन होने तक अंतरिम निर्देश हैं। न्यायालय ने महिला एवं बाल विकास विभाग के प्रमुख सचिव को छह महीने के भीतर स्टांप एवं पंजीकरण विभाग के महानिरीक्षक के साथ समन्वय करके उत्तर प्रदेश विवाह पंजीकरण नियम, 2017 में संशोधन करने का भी आदेश दिया है।' उन्होंने आगे कहा, 'राज्य सरकार ने हमें नियमों में संशोधन होने तक उच्च न्यायालय के अंतरिम निर्देशों का तत्काल प्रभाव से पालन करने का आदेश दिया है। निर्देशों के मुख्य घटकों में से एक में कहा गया है कि किसी विशेष शहर में विवाह का पंजीकरण तभी होगा जब दुल्हन या दूल्हा या उनके माता-पिता आम तौर पर उसी शहर के निवासी हों।' गौरतलब है कि पहले से ही उत्तर प्रदेश में धर्मांतरण विरोधी कानून, जिसे 2020 में भारतीय जनता पार्टी सरकार द्वारा 'लव जिहाद' के हौवे के खिलाफ लाया गया था, ने अंतर-धार्मिक जोड़ों के लिए विवाह को पंजीकृत कराना मुश्किल बना दिया है।

## पति को नदी में धक्का देकर मार डाला, प्रेमी संग 3 दिन घूमती रही

**सिद्धार्थनगर ।** सिद्धार्थनगर में पत्नी पति को लेकर मंदिर गई। उसे



प्रसाद में जहर दे दिया। बेहोश होते ही पति को राप्ती नदी के पुल से नीचे फेंक दिया। फिर पति की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करा दी। हत्या के समय महिला का प्रेमी भी उसके साथ था। वह प्रेमी के साथ तीन दिन तक घूमती रही। महिला ने पति के साथ 18 साल पहले लव मैरिज की थी। अब प्रेमी के लिए उसने पति की हत्या कर दी।

## अब 24 घंटे पहले तैयार होगा रेलवे आरक्षण चार्ट

### 24 घंटे पहले पता चल जाएगा टिकट कन्फर्म हुआ है या नहीं

ब्यूरो

**नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे ने आरक्षण चार्ट सूची जारी करने में एक बड़ा बदलाव किया है। रेलवे का आरक्षण चार्ट अब 24 घंटे पहले तैयार होगा। इससे यात्रियों को अब 24 घंटे पहले पता चल जाएगा कि आपका टिकट कन्फर्म हुआ है या नहीं रेलवे के अनुसार जिन यात्रियों का टिकट प्रतीक्षा में रहता है उन्हें अब ट्रेन रवाना होने से 24 घंटे पहले ही यह पता चल जाएगा कि उनका टिकट कन्फर्म हुआ है या नहीं। अभी तक रिजर्वेशन चार्ट ट्रेन डिपार्चर से 4 घंटे पहले बनता



है और इसके चलते वेटलिस्टेड यात्रियों को परेशानी होती है, क्योंकि टिकट की पुष्टि को लेकर आखिरी समय तक अनिश्चितता बनी रहती थी। लेकिन 24 घंटा पहले आरक्षण करने पता चलेगा कि कितने यात्रियों के पास कन्फर्म टिकट हैं और कितने अभी वेटलिस्टेड हैं, इस पर शुरुआती डेटा के साथ, रेलवे अतिरिक्त कोचों की व्यवस्था कर सकता है, क्लोन ट्रेन चला सकता है, या पहले से अन्य व्यवस्था कर सकता है।इसके अलावा मौजूदा टिकट नियमों में कोई बदलाव नहीं किया जा रहा है। तत्काल बुकिंग व अन्य सभी आरक्षण प्रक्रियाएं पहले की तरह ही जारी रहेंगी। एकमात्र बदलाव, फाइनल रिजर्वेशन चार्ट तैयार करने के समय का है, जो अब यात्रियों को अधिक सुविधा व विकल्प वाला साबित हो सकता है।

## फारूक अब्दुल्ला ने किए माता वैष्णो देवी के दर्शन, बोले, 'यह मेरा सौभाग्य'

जम्मू (आईएएनएस)

जम्मू-कश्मीर नेशनल कॉन्फ्रेंस के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री



फारूक अब्दुल्ला ने माता वैष्णो देवी मंदिर के दर्शन को लेकर खुशी जाहिर की। उन्होंने मंगलवार को पत्रकारों से बातचीत में कहा कि माता के दर्शन करने के बाद मेरा हृदय मंत्रमुग्ध हो गया। यह मेरा सौभाग्य है कि मुझे माता के दर्शन का अवसर मिला। उन्होंने उम्मीद जताई कि आने वाले दिनों में यहां पर पर्यटकों की आमद बढ़ेगी, जिससे यहां के स्थानीय लोगों को काफी फायदा पहुंचेगा। केंद्र सरकार से मिले सहयोग को लेकर पूछे गए सवाल पर अब्दुल्ला ने कहा, " हमें पूरी उम्मीद है कि हमने जो भी मांगें रखी हैं, उन्हें निश्चित तौर पर पूरा किया जाएगा। हमारी मांगों को पूरा करने में कोई भी कदम पीछे नहीं खींचेगा। हमारी बस एक ही ख्वाहिश है कि यहां पर अमन-शांति स्थापित हो।

## पुतिन ने यूक्रेन के ऑपरेशन स्पाइडर वेब पर आसमान से कहर बरपाया

खारकीव । एजेंसी

खारकीव में रूस की तरफ से नॉनस्टॉप विनाशक हमला शुरू कर दिया गया है। यूक्रेनी राष्ट्रपति वोल्दोमीर जेलेंस्की की तरफ से दो बड़े हमलों का दावा किया है। जेलेंस्की ने कहा कि रिहायशी इलाकों को टारगेट करके किया गया है। एयरस्ट्राइक में कई लोगों की मौत हुई है और 40 से ज्यादा लोग घायल भी हुए हैं। खार्किव के मेयर इहोर तेरेखोव ने चेतावनी देते हुए कहा कि पर दुश्मन के ड्रोनों द्वारा बड़े पैमाने पर हमला किया जा रहा है। कई यूएवी आसमान में शहर की ओर बढ़ रहे हैं। तेरेखोव ने कहा कि हमला सुबह 12:31 बजे शुरू हुआ और नौ मिनट तक चला, जिसमें 17 ड्रोनों ने "बहुमंजिला इमारतों, निजी घरों, खेल के मैदानों, उद्यमों और सार्वजनिक परिवहन पर सीधा हमला किया। यूक्रेन के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। यूक्रेन की वायुसेना ने कहा कि 85 शहीद ड्रोन और अन्य प्रकार के ड्रोन ने खारकीव शहर और दूसरे इलाकों को निशाना बनाया।

# पंचायत का चौथा सीजन इस दिन प्राइम वीडियो पर होगा रिलीज

पंचायत सीजन 4 ट्रेलर बुधवार को रिलीज़ किया गया, साथ ही रिलीज़ की तारीख भी बताई गई। पहले शो को 2 जुलाई को रिलीज़ किया जाना था, लेकिन हाल ही में फ़ैन-वोटिंग अभियान के बाद शो के प्रीमियर की तारीख को बढ़ाकर 24 जून कर दिया गया है।




**'पंचायत' का चौथा सीजन 24 जून को शुरू होगा**

स्ट्रीमिंग सर्विस प्राइम वीडियो ने बुधवार को घोषणा की कि उसके पसंदीदा शो 'पंचायत' का चौथा सीजन 24 जून को शुरू होगा। शो के मुख्य कलाकार जितेंद्र कुमार नए सीजन में नीना गुप्ता, रघुबीर यादव, फैजल मलिक, चंदन रॉय और संविका के साथ वापसी कर रहे हैं। दीपक कुमार मिश्रा और चंदन कुमार द्वारा निर्मित, 'पंचायत' अभिषेक त्रिपाठी (जितेंद्र कुमार) के इर्द-गिर्द घूमती है, जो एक इंजीनियरिंग स्नातक है, जो बेहतर नौकरी के विकल्प की कमी के कारण उत्तर प्रदेश के फुलेरा नामक एक काल्पनिक गांव में पंचायत कार्यालय के सचिव के रूप में शामिल होता है।

### पंचायत सीजन चार का ट्रेलर



कहानी फिल्म जगत की

पंचायत सीजन 4 ट्रेलर बुधवार को रिलीज़ किया गया, साथ ही रिलीज़ की तारीख भी बताई गई। पहले शो को 2 जुलाई को रिलीज़ किया जाना था, लेकिन हाल ही में फ़ैन-वोटिंग अभियान के बाद शो के प्रीमियर की तारीख को बढ़ाकर 24 जून कर दिया गया है। नीना गुप्ता और जितेंद्र कुमार अभिनीत बहुप्रतीक्षित सीरीज को जल्द ही रिलीज किया जा रहा है।